3 | राजधानी
भाजपा ने कर्मचारियों को पक्का करने मुद्दा उठाया

6 | अभिमत
अतार्किक मांगें किसानों की

11 | विदेश
पापुआ न्यू गिनी में हिंसा, 26 की मौत

12 | स्पोर्ट्स
बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 105
नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आने वाले महीनों में नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद

राष्ट्रीय-10

# विपरीत हालात से विजय की ओर बढ़ा भारत : प्रधानमंत्री मोदी

## यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के लिए योगी को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के दौरान कहा कि भारत विपरीत परिस्थितियों से विजय की ओर बढ़ने वाला देश बन गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पीएम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के लिए बधाई देते हुए कहा कि देश तभी प्रगति करेगा जब हर राज्य यूपी की तरह बड़े सपनों और संकल्पों के साथ आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ तीर्थ स्थलों का विकास किया जा रहा है तो दूसरी तरफ शहरों में अत्याधुनिक अवसरंचनाएं तैयार हो रही हैं। पीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने लालफीताशाही को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए लाल कालीन बिछाएं हैं। मोदी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों के चौथे भूमि पूजन समारोह में सोमवार को पूरे उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक लागत की 14,000 परियोजनाओं की शुरुआत की।



संभल के कंबह स्थित श्री कल्कि धाम में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान आयोजित पूजा में भाग लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बने सात वर्ष हो रहे हैं। बीते सात साल में प्रदेश ने रेड टेप कल्चर (लालफीताशाही) को हटाकर रेड कार्पेट कल्चर बनाया है। बीते सात वर्षो में उत्तर प्रदेश में अपराध कम हुआ है, तो बिजनेस कल्चर (कारोबारी संस्कृति) का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश वह राज्य है, जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे हैं। आज यह ऐसा राज्य है, जहां देश में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। आज उत्तर प्रदेश वह राज्य हैं जहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश गर्व करता है कि उत्तर प्रदेश एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं योगी जी को और उत्तर प्रदेश सरकार को विशेष बधाई देता हूं। हर हिंदुस्तानी को गर्व होता हैं जब हम सुनते हैं कि राज्य ने ठान लिया हैं कि एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। मैं देश के सभी राज्यों से आग्रह करूंगा कि राजनीति अपनी जगह पर छोड़िए। जरा उप्र से सीखिए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने बड़े संकल्प लेकर चल पड़े। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की योजनाएं सामाजिक न्याय और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को बेहतर प्रतिफल की गारंटी मान रही है। अक्सर हमने देखा है कि चुनाव के नजदीक नए निवेश से लोग बचते हैं। लेकिन आज भारत ने ये धारणा भी तोड़ दी है। आज दुनियाभर के निवेशकों को भारत में सरकार की, नीति की स्थिरता पर पूरा भरोसा है।

मोदी ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में रहन-सहन को सुगम बनाने और कारोबार सुगमता पर समान बल दिया है। डबल इंजन सरकार का मकसद है कि कोई भी लाभार्थी किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब (पर्यटन केंद्र) बनने का सामर्थ्य है। आज देश का हर व्यक्ति वाराणसी और अयोध्या आना चाहता है। हर दिन लाखों लोग इन स्थानों पर दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में कुंभ मेले का आयोजन भी होने वाला है। ये भी राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में यहां बहुत बड़ी संख्या में रोजगार आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमियों से भी विशेष आग्रह करूंगा। आपको जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट मंत्र पर काम करना चाहिए। आपको एक ही ध्येय के साथ काम करना चाहिए कि दुनियाभर के ( शेष पेज 9 )



पटियाला में सोमवार को दिल्ली चलो अभियान के दौरान पंजाब-हरियाणा बॉर्डर शंभू पर प्रदर्शन करते किसान

## केंद्र के एमएसपी प्रस्ताव पर किसान एकमत नहीं

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**केंद्र के** साथ चौथे दौर की वार्ता के कुछ घंटों बाद किसान आंदोलन प्रतिनिधियों ने सोमवार को कहा कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर पांच फसलों की खरीद पर गारंटी देने के सरकार के प्रस्ताव पर विचार करेंगे, तब तक दिल्ली चलो मार्च पर 21 फरवरी तक रोक रहेगी। हालाँकि, किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के नेतृत्व वाले एक अन्य गुट ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा, 'हम जो कह रहे हैं वह कोई नई मांग नहीं है। यह सरकार द्वारा हमारे प्रति एक प्रतिबद्धता थी। हमने बार-बार उन प्रतिबद्धताओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया था। लेकिन सरकार ने आज तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई...।' यह तीन केंद्रीय मंत्रियों - अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के एक पैनल द्वारा रविवार को किसानों के साथ एक समझौता करने के बाद पांच साल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी एजेंसियों द्वारा दालों, मक्का और कपास की फसलों की खरीद का प्रस्ताव देने के बाद आया। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के एक धड़े ऑल किसान कोऑर्डिनेशन कमेटी (एकेसीसी) ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा है कि हालांकि साथियों के दबाव, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और उनके डर के कारण किसान यूनियनों के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने की संभावना नहीं है। प्रतिस्पर्धी संघवाद, जो किसानों के हितों पर भारी पड़ रहा है।

गोयल ने बातचीत को 'सकारात्मक' बताया और कहा कि किसान नेताओं ने बैठक के दौरान विभिन्न चिंताएं उठाईं। चंडीगढ़ में चार घंटे से अधिक लंबी बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए, गोयल ने कहा कि चर्चा के दौरान अभिनव और 'आउट-ऑफ-द-बॉक्स' विचार सामने आया। कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के पैनल ने कानूनी एमएसपी गारंटी सहित उनकी मांगों पर किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की बातचीत की, जिसमें हजारों लोग शामिल थे। प्रदर्शनकारी किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### अगले छह दिनों में छह एम्स का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले छह दिनों में छह नए एम्स का उद्घाटन करेंगे, जिनमें जम्मू-कश्मीर के सांबा और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक-एक एम्स शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोदी जम्मू के सांबा जिले में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में एम्स का उद्घाटन करेंगे, जबकि गुजरात के राजकोट में 25 फरवरी को आयोजित एक कार्यक्रम में राजकोट, मंगलगिरी, बठिंडा, रायबरेली और कल्याणी में पांच अन्य एम्स राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू के एम्स की नीव फरवरी 2019 में रखी थी, जिसकी स्थापना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत की जा रही है। जम्मू में करीब1,660 करोड़ रुपए से अधिक की लागत और 227 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थापित यह अस्पताल 720 बिस्तरों वाला होगा और इसमें 125 मेडिकल सीट होगी। यह 60 सीट वाला नर्सिंग कॉलेज और 30 बिस्तरों वाला आयुष ब्लॉक से लैस अस्पताल होगा। वह देश भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज का भी उद्घाटन करेंगे। वह प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत कई नए मेडिकल कॉलेज और क्रिटिकल केयर ब्लॉक और एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की नीव रखेंगे। अधिकारियों ने कहा कि 11,391.79 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली ए सभी स्वास्थ्य परियोजनाएं स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति की लहर लाएंगी और भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को बदल देंगी।

## महिलाओं के प्रति ममता पूर्वाग्रही : एनसीडब्ल्यू



उत्तर 24 परगनाः संदेशखालि का दौरा करने पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा।

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता/नई दिल्ली

**राष्ट्रीय महिला** आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के प्रभाव में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

इस बीच, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा, दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए।

शर्मा ने बताया, इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा, उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती।

एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके। संदेशखालि पहुंचने के तुरंत बाद रेखा ने संवाददाताओं को बताया, मैं महिलाओं की बातें सुनने के लिए पूरे दिन संदेशखालि में हूं। लेकिन दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। एक बार (शाहजहां) शेख गिरफ्तार हो जाए, तो मुझे विश्वास है कि अधिक संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ सामने आएंगी। हमें उनमें विश्वास जगाना होगा। मैं पुलिस से बात करूंगी। पिछले सप्ताह आयोग की दो-सदस्ईय टीम ने क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके बाद रेखा शर्मा संदेशखालि के दौरे पर पहुंची हैं। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि न तो जिलाधिकारी और न ही पुलिस अधीक्षक उनसे मिलने के लिए वहां मौजूद थे। रेखा ने कहा, प्रशासन और पुलिस न तो महिलाओं की शिकायतें सुन रहे हैं और न ही कुछ कर रहे हैं। सिर्फ एक महिला ने आगे आकर जिलाधिकारी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया है। हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं आगे आएं। टीएमसी ने एनसीडब्ल्यू के दौरे को राजनीति से प्रेरित करार दिया है। पार्टी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, एनसीडब्ल्यू को पश्चिम बंगाल का दौरा करने की जल्दी है, लेकिन उसने कभी भाजपा शासित राज्यों का दौरा करने में इतनी जल्दबाजी नहीं दिखाई।

## केजरीवाल ईडी के छठे समन भी पर नहीं हुए पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है। केजरीवाल द्वारा इस मामले से संबंधित कई समन को नजरअंदाज करने पर जांच एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में शहर की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया था। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में पत्रकारों से कहा कि ईडी को कानून के मुताबिक जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम कानून के मुताबिक जवाब दे रहे हैं। अब, ईडी ने अदालत में मामला दायर किया है और उसे कोई नया समन जारी करने से पहले अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को केंद्रीय एजेंसी द्वारा दायर शिकायत के संबंध में केजरीवाल को दिन भर के लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी थी। केजरीवाल के वकील द्वारा दायर आवेदन में कहा गया है कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 15 फरवरी से शुरू हो गया है और मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगा। यह भी कहा गया कि केजरीवाल अदालत के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख 16 मार्च को उपस्थित होंगे। केजरीवाल समेत आप नेतृत्व आरोप लगाता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में उनकी सरकार गिराने और पार्टी को खत्म करने के लिए उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया कि अदालत ने भी माना है कि केजरीवाल को ईडी की ओर से भेजा गया समन वैध था और उन्हें जांच में सहयोग करना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि यदि केजरीवाल अदालत के बयान के बावजूद ईडी के समन को अवैध बताते हैं तो यह अदालत की अवमानना होगी। इस मामले में अब तक आप नेता सिसोदिया और सिंह के अलावा पार्टी के संचार प्रभारी विजय नायर को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है।



फोटोः रंजन डिमरी

विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने के लिए पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि एजेंसी द्वारा उत्पाद शुल्क नीति मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को नया समन जारी करने की उम्मीद है। ईडी के सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने कथित तौर पर जानबूझकर उन्हें जारी किए गए पहले तीन समन की अवज्ञा करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत शिकायत दर्ज की है। सूत्रों ने कहा, अदालत ने इसका संज्ञान लिया है, जिससे अदालत ने प्रथम दृष्टया स्वीकार किया है कि केजरीवाल ने अपराध किया है जिसके लिए उन पर मुकदमा चलाया जा सकता है। अदालत के सामने सवाल समन की वैधता के बारे में नहीं है, बल्कि केजरीवाल की ओर से जानबूझकर उक्त तीन सम्मनों की अवज्ञा करने के कथित अवैध कृत्य के बारे में है।

# चंडीगढ़ के मेयर का इस्तीफा, सुप्रीम कोर्ट ने 'खरीद-फरोख्त' की निंदा की

## शीर्ष अदालत में सुनवाई से पूर्व तीन आप पार्षद भाजपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**चंडीगढ़ में** हाल ही में हुए मेयर चुनावों में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने से एक दिन पहले भाजपा नेता मनोज सोनकर ने चंडीगढ़ मेयर पद से इस्तीफा दे दिया और तीन आप पार्षद रविवार को भगवा पार्टी में शामिल हो गए। यह देखते हुए कि 'खरीद-फरोख्त हो रही है', सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा और पंजाब के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि हरियाणा उच्च न्यायालय रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करे। चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ??ने कहा, सोनकर ने नगर निगम आयुक्त को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके अलावा जब भी नए मेयर चुनाव होंगे तो आप के तीन पार्षदों के पाला बदलने से पलड़ा भाजपा के पक्ष में झुक जाएगा। उनके शामिल होने से पहले, 35 सदस्यीय चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा के 14 पार्षद हैं और आप के 13। चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर, जो भाजपा सदस्य हैं, के पास चंडीगढ़ नगर निगम के पदेन सदस्य के रूप में मतदान का अधिकार भी है।

कांग्रेस के सात और शिरोमणि अकाली दल का एक पार्षद है। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जीत हासिल की थी, जिससे कांग्रेस-आप गठबंधन को झटका लगा था, जिसमें पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया था। सोनकर ने मेयर पद के लिए आप के कुलदीप कुमार को हराया था, उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी के 12 वोटों के मुकाबले 16 वोट मिले थे। आठ वोट अवैध घोषित किए गए थे। बाद में कुमार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया



था। 30 जनवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस-आप गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल की। ??भाजपा के मनोज सोनकर ने मेयर पद के लिए आप के कुलदीप कुमार को हराया, उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 के मुकाबले 16 वोट मिले। आठ वोट अवैध घोषित किए गए। हालांकि, बाद में सोनकर ने पद से इस्तीफा दे दिया। आप पार्षदों में से एक कुलदीप कुमार ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने पार्टी को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है, जो चंडीगढ़ में नए मेयर चुनाव की मांग कर रही है।

दिन के घटनाक्रम में आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा नेता मनोज सोनकर का चंडीगढ़ के मेयर पद से इस्तीफा दिखाता है कि उन्होंने 'अनुचित साधनों' का उपयोग करके चुनाव जीता। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'अगर मेयर ने इस्तीफा दे दिया है तो यह बहुत स्पष्ट है कि वहां कुछ संदिग्ध है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि उन्होंने अनुचित तरीकों से चुनाव जीता है। इसी तरह वे अन्य चुनाव भी जीतते हैं; यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे जीतने वाली पार्टी के नेताओं को खरीदते हैं। यदि चुनाव गलत तरीके से जीते जाते हैं तो एक लोकतांत्रिक देश कैसे काम करेगा? उन्हें (भाजपा) उस पार्टी को सरकार चलाने देना चाहिए जिसने चुनाव जीता है।' आप के साथ मिलकर मेयर का चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने भी भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पूरे चुनाव प्रकरण ने उसे जनता के सामने बेनकाब कर दिया है। चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी ने कहा, 'हर किसी ने देखा कि उन्होंने क्या किया। सभी ने वीडियो देखा कि कैसे पीठासीन अधिकारी ने मेयर पद के लिए आठ वोटों को अवैध घोषित कर दिया।' ( शेष पेज 9 )

# पानी बिल सुधारने की योजना लागू नहीं हुई: केजरीवाल

## कहा- वित्त सचिव योजना पर टिप्पणी नहीं कर रहे, शहरी विकास के सचिव कैबिनेट में प्रस्ताव नहीं रख रहे

**विधानसभा बजट सत्र**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में संबोधित करते हुए भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार की नीति लागू नहीं हो रही है इसलिए आज सदन में चर्चा की जा रही है। इस दौरान उन्होंने पानी बिल से लेकर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाया। केजरीवाल ने कहा कि गलत पानी के बिलों से परेशान 10 लाख से ज्यादा लोगों को सोमवार को विश्वास दिलाया कि चिंता न करें, हम आपके साथ खड़े हैं। सरकार हर हाल में दिल्ली जल बोर्ड की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू करा कर रहेगी। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी इन्होंने मोहल्ला क्लीनिक, सीसीटीवी, अस्पतालों की दवाइयां, फरिश्ते योजना और डीटीसी की पेंशन रोक दी थी, लेकिन उन्होंने रूकने नहीं दी।

अरविंद केजरीवाल विधानसभा में बजट सत्र के दौरान वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर चर्चा के लिए पेश संकल्प पत्र पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ने स्कीम पास नहीं करने दिया तो इसके विरोध में बड़ा आंदोलन आंदोलन होगा। क्योंकि यह स्कीम लागू होने से 90 फीसद पानी उपभोक्ताओं का बिल माफ हो जाएगा। साथ ही, सरकार से सब्सिडी मिलने से जल बोर्ड को करोड़ों रुपये का राजस्व भी मिल जाएगा। फिर भी इस स्कीम को रोकने के लिए अफसरों को धमकी दी जा रही है कि अगर स्कीम पास की तो उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए मेरी एलजी से हाथ जोड़कर विनती है कि वो नौकरशाहों को योजना पास करने को कहें, अगर तब भी नहीं करते हैं तो उनको निलंबित करें। बोले दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो मुख्यमंत्री या मंत्री का आदेश नहीं मानने वाला अफसर अपने पद पर दो मिनट भी नहीं रह पाता।

दरअसल, विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष रामनिवास गोयल की अनुमति से लेकर सदस्यों ने डीजेबी की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर चर्चा करने के लिए सदन पलट पर संकल्प पत्र पेश किया। संकल्प पत्र का समर्थन करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार है। इसके बावजूद हमारी सरकार की एक पॉलिसी लागू नहीं हो रही है और पॉलिसी को लागू कराने के लिए विधानसभा के सदन में चर्चा हो रही है। दिल्ली के अंदर लोगों के गलत बिल आ रहे हैं और उन बिलों को ठीक कराने के लिए यह पॉलिसी लाई जा रही है।

सीएम ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के करीब 27 लाख उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 10 लाख यानि 40 फीसद घरेलु उपभोक्ता अपने पानी का बिल नहीं भर रहे हैं। इन उपभोक्ताओं को लगता है कि उनके बिल गलत आए हैं, उनके बिल सही नहीं हैं। अगर किसी राज्य के 40 फीसद घरेलु उपभोक्ता पानी का बिल नहीं भर रहे हैं तो किसी भी जिम्मेदार सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि इसके बारे में कोई पॉलिसी लेकर आए।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने बताया कि 13 जून 2023 को वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को पास किया गया था। इस स्कीम को तो तुरंत लागू कर देना चाहिए था। स्कीम को डीजेबी के बोर्ड से पास हुए आठ महीने हो गए, लेकिन अफसरों ने इसे लागू करने से मना कर दिया। आज स्थिति यह है कि स्कीम को कैबिनेट में लाना है। कैबिनेट पास करेगी तभी स्कीम लागू होगी।


विधानसभा में बोलते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

## दिल्ली के लाखों लोगों को मेट्रो फेज चार का तोहफा

- जनकपुरी वेस्ट से रामकृष्ण आश्रम कॉरिडोर, दिल्ली एयरोसिटी से तुगलकाबाद स्टेशन कॉरिडोर, मजलिस पार्क से मौजपुर कॉरिडोर निर्माण के एमओयू को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लाखों लोगों को मेट्रो के फेज चार का तोहफा दिया है। फेज चार के तहत मेट्रो के कुल छह कॉरिडोर बनाए जाएंगे।

सीएम केजरीवाल ने तीन मेट्रो कॉरिडोर के लिए दिल्ली सरकार, डीएमआरसी और केंद्र सरकार के बीच एमओयू साइन करने की मंजूरी दी है। इसमें जनकपुरी वेस्ट से रामकृष्ण आश्रम, दिल्ली एयरोसिटी से तुगलकाबाद स्टेशन और मजलिस पार्क से मौजपुर कॉरिडोर शामिल है। इस मंजूरी के बाद इन कॉरिडोर के निर्माण में तेजी आएगी। यह तीनों मेट्रो कॉरिडोर 65.20 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें 45 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। वहीं, फेज चार के तहत अभी तीन कॉरिडोर को केंद्र सरकार की मंजूरी नहीं मिली है। इसमें लंबित कॉरिडोर रिठाला से बवाना व नरेला होकर कुंडली तक जाएगा, जबकि दूसरा इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ और लाजपत नगर से सकेत जी ब्लॉक तक बनाया जाएगा। 47.225 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में 39 स्टेशन होंगे।

## सरकार बिल माफ कराने का नाटक करती है : बिधूड़ी

- 2016 के बाद जल बोर्ड खातों का नहीं हुआ ऑडिट, कैग रिपोर्ट विधानसभा पटल पर क्यों नहीं रखी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधानसभा में आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार खुद ही जनता को जल बोर्ड के अनाप-शनाप बिल भिजवाती है और फिर लाखों के इन बिलों को माफ कराने की योजना पेश कर देती है। जब इस योजना पर अमल नहीं हो पाता तो फिर अधिकारियों पर दोष मढ़ देती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार बताए कि वर्ष 2013 में जो जल बोर्ड 600 करोड़ के लाभ में था, अब 75 हजार करोड़ के घाटे में कैसे चला गया।

विधानसभा में ध्यानाकार्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार जल बोर्ड के बारे में कितनी गंभीर है, उसका पता इसी बात से चल जाता है कि विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तो पेश कर दिया गया लेकिन चर्चा में विभाग की संबद्ध मंत्री और जल बोर्ड की अध्यक्ष आतिशी ही मौजूद नहीं हैं। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट का हवाल देकर कहा कि सीएजी ने दिल्ली जल बोर्ड के खातों की जांच करते हुए वर्ष 2017-18 की रिपोर्ट सरकार को दे दी है लेकिन विधानसभा सत्र चलते हुए भी अभी तक वह रिपोर्ट पटल पर क्यों नहीं रखी गई। सरकार ने वर्ष 2016 के बाद से सीएजी ऑडिट क्यों नहीं कराया।

**भाजपा ने कर्मचारियों को पक्का करने मुद्दा उठाया :** रामवीर सिंह बिधूड़ी डीटीसी में कांट्रेक्ट पर काम कर रहे कर्मचारियों, गेस्ट टीचर्स और कांट्रेक्ट पर काम कर रहे अन्य कर्मचारियों का मामला विधानसभा में उठाया। उन्होंने केजरीवाल सरकार को याद दिलाया कि इन्हें पक्का करने का वादा करके सत्ता में आए हैं लेकिन आज तक उनको पक्का नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता होने के नाते अनेक विभागों के कर्मचारी आकर अनुरोध करते हैं कि उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाई जाए लेकिन नौ साल से सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

### निलंबित सातों भाजपा विधायक हाईकोर्ट पहुंचे

विधानसभा के बजट सत्र की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित किए गए भारतीय जनता पार्टी के सात विधायकों ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है। इन विधायकों को बजट सत्र की शुरूआत में उप राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बार बार बाधा डालने के आरोप में निलंबित किया गया है। उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए अनुरोध किया गया था। पीठ ने मामले की दिन में सुनवाई के लिए अनुमति दी। 15 फरवरी को जब उपराज्यपाल अपने अभिभाषण के दौरान आप सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाल रहे थे तो भाजपा विधायकों ने उनके अभिभाषण में कथित तौर पर कई बार बाधा डाली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### टूर्नामेंट में श्याम लाल कॉलेज की जीत से शुरुआत



**नई दिल्ली।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में जीत से शुरुआत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ कॉलेजेज प्रोफ़ेसर बलराम पाणि ने किया। उनके साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की हेड, प्रोफेसर सरिता त्यागी और संजय कुमार स्वामी गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। उद्घाटन मैच में श्याम लाल कॉलेज ने मैन ऑफ द मैच आशीष सहरावत के गोल से इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस को 1-0 से हराया। महिला वर्ग में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने भारती कॉलेज को 5-0 से हराया। विजेता टीम की तरफ से हेमा नेगी और पिंकी ने दो-दो गोल किए। सोमलता ने एक गोल किया। इस मैच में सोमलता को वूमेन ऑफ द प्लेयर का अवार्ड मिला। तीसरे मैच में श्याम लाल कॉलेज एलुमनी ने किरोड़ीमल कॉलेज को 6-2 से हराया। विजेता टीम की तरफ से देवेंद्र सिंह जग्गी ने दो गोल और विशाल, शशि, खगेश और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने एक-एक गोल किए। किरोड़ीमल कॉलेज की तरफ से ध्रुव और श्रेष्ठ सागर ने एक-एक गोल किए। मैच में देवेंद्र सिंह जग्गी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### पंतजलि के एआई बेस्ड सुमधु ऐप को प्रथम पुरस्कार

**नई दिल्ली।** आयुर्वेद व योग में विशिष्ट योगदान देने वाली पतंजलि संस्थान के सुमधु ऐप को शहद की शुद्धता के लिए शहद के छत्ते से लेकर शहद के डिब्बो की पैकिंग से उपभोक्ता तक की पारदर्शिता को पूर्ण जानकारी(ट्रेसबिलिटी) को मापने के लिए पतंजलि ने 'सुमधु' ऐप (हनी ट्रेसबिलिटी मैनेजमेंट) को राष्ट्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम संस्थान (एनआई एमएसएमई) हैदराबाद द्वारा वैज्ञानिक मधुपालन पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि इस संगोष्ठी में देश भर से अनेक संस्थानों एवम् वैज्ञानिकों की सहभागिता थी, जिसमें शहद की शुद्धता एवं गुणवत्ता के लिए अनेक उपायों पर विचार विमर्श किया गया। इस संगोष्ठी में पतंजलि द्वारा प्रयोग किया जा रहे एआई बेस्ड सॉल्यूशन को शहद की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के लिए सर्वोत्तम माना गया एवं इसको पूरे देश में लागू करने पर वैज्ञानिकों व अनेक संस्थानों ने अपनी अभिरुचि प्रकट की तथा पतंजलि के सुमधु ऐप को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

### शाहबाद डेयरी के पास झुग्गी बस्ती में लगी आग

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में शाहबाद डेयरी के पास एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लगने से लगभग 130 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने सोमवार को जानकारी दी। रविवार रात लगी आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि उन्हें रविवार रात 10 बजकर 17 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया, दमकल की 15 गाड़ियों को काम पर लगाया गया और आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। लगभग 130 झोपड़ियां जल गई हैं।

## केजरीवाल ने 23 और दुकानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी

- ये दुकानें व व्यवसायिक प्रतिष्ठान कमर्शियल, शॉप, रिटेल ट्रेड या बिजनेस श्रेणी की हैं, सीएम ने पिछले कुछ सालों में 699 दुकानों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को दे चुके हैं अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को 23 और दुकानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। सरकार की इस पहल से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

इन प्रतिष्ठानों को संचालित के लिए श्रम विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा गया था। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान कमर्शियल, रिटेल ट्रेड या बिजनेस श्रेणी के हैं। सरकार इन पर कड़ी निगरानी रखेगी। दिल्ली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट 1954 के प्रावधानों और नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब इसकी अंतिम मंजूरी देने के लिए एलजी के पास फाइल भेजी गई है।

जिन दुकानों को चौबीस घंटे संचालित करने की अनुमति दी गई है, उनको दिल्ली शॉप एस्टिब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 की धारा 14, 15 व 16 के प्रावधानों और नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। गर्मियों के दिनों में रात 9 से सुबह 7 बजे तक और ठंड के मौसम में रात 8 से सुबह 8 बजे के बीच किसी भी प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी। दुकानों को निर्धारित समय के अंदर ही खोलना और बंद करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कराए जा सकते हैं। अगर ग्राहक इंतजार कर रहे हैं तो दुकान खोलने के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा। अलग-अलग इलाकों में दुकानों को खोलने या बंद रखने का अलग समय तय हो सकता है और स्वामियों को उसका पालन करना होगा।

दिल्ली सरकार के अनुसार, श्रम विभाग के पास 24 घंटे दुकानों का संचालन करने के इच्छुक 33 लोगों ने आवेदन किया था। श्रम विभाग द्वारा इन आवेदन पत्रों और दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। जिसमें से 23 आवेदन पत्र सभी मानक पूरे करते पाए और उनको स्वीकृति दे दी गई।

### बस्तों की जांच के लिए समिति गठित करें स्कूल

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि विद्यार्थियों के बस्तों की औचक जांच के लिए समिति का गठन करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सहपाठियों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई वस्तु न ला सकें।

निदेशालय ने एक परिपत्र जारी कर स्कूलों को निर्देशित किया है कि प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी नियमित रूप से विद्यार्थियों के बस्तों की जांच करें और विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे हर वक्त चालू रहें।

## नाबालिग आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की अपील

- दिल्ली पुलिस ने किशोर हत्या मामले में किशोर बोर्ड से की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 350 रुपए को लेकर हुए झगड़े के बाद लड़के की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में आरोप पत्र दायर किया है और किशोर न्याय बोर्ड से आरोपी नाबालिग के खिलाफ वयस्क के तौर पर मुकदमा चलाने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

दरअसल 21 नवंबर, 2023 को उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में 16 वर्षीय किशोर ने 17 वर्षीय लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने पीड़ित को 60 बार चाकू मारा और हत्या करने के बाद शव के चारों ओर नृत्य भी किया था।

## जीएसटी चोरी पर कार्रवाई करें सीएम : एलजी

- उपराज्यपाल ने लिखे पत्र में कहा, कुल 483 फर्जी कंपनियों ने की 3,028 करोड़ रुपये की कर चोरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उन्हें माल एवं सेवाकर (जीएसटी) की कथित चोरी की विस्तृत जांच करने के लिए वित्त मंत्री को निर्देश देने और कर व्यवस्था को मजबूत करने की सलाह दी।

देश में सबसे अधिक कर चोरी के मामले में दिल्ली शीर्ष पर है। सक्सेना ने पत्र में कहा, कुल मिलाकर, 483 फर्जी कंपनियों का पता चला, जिनसे 3,028 करोड़ रुपए की कर चोरी हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि यह सच में संदेहास्पद है कि सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में कर चोरी के मामले में दिल्ली शीर्ष पर है। सक्सेना ने कहा कि यह गंभीर मामला है और इसमें जीएसटी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के अंदेशे को खारिज नहीं किया जा सकता है। एलजी ने केजरीवाल को सलाह दी कि वह विस्तृत जांच कराने और मूल वजह का पता लगाने के लिए वित्त मंत्री को निर्देश दें। सक्सेना ने कहा, यह न केवल राष्ट्रीय राजधानी में कर प्रशासन की खराब स्थिति को दर्शाता है, बल्कि सरकारी खजाने को भी भारी नुकसान पहुंचाता है।

## विकसित भारत को विश्व स्तरीय कंपनियां बनानी होंगी : कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए विश्व स्तरीय कंपनियाँ खड़ी करनी होंगी। एक-एक ट्रिलियन डालर के कम से कम 100 ब्रांड भारत से होने चाहिये।

प्रो. योगेश डीयू की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा छत्रपति शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संकल्प विकसित भारत विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि नए भारत की बदलती तस्वीर हमारे सामने है। नया भारत अपनी गलतियां दोहराने वाला भारत नहीं है।

कुलपति ने विकसित भारत के लिए विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें दूसरे देशों का अनुसरण करने की नहीं अपितु अपने मॉडल बनाने की जरूरत है। क्योंकि अलग-अलग देशों की भौतिक और भौगोलिक परिस्थितियाँ अलग-अलग होती हैं। कुलपति ने छत्रपति शिवाजी के बारे में कहा कि उनके अनेकों योगदान भारत के लिए रहे हैं, लेकिन अगर एक अद्वितीय योगदान की बात करें तो वहां की युद्ध नीति है।


छत्रपति शिवाजी जी महाराज की जयंती पर महाराष्ट्र सदन में पारंपरिक वाद्यों के साथ जश्न मनाते लोग। फोटो : रंजन डिमरी

## अदालत ने दिल्ली दंगा के चार आरोपियों को बरी किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों के दौरान हुई दो लोगों की हत्या के मामले में चार आरोपियों को बरी करते हुए कहा है कि यह साबित करने को कोई सबूत नहीं है कि आरोपी दंगाई भीड़ का हिस्सा थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचला यहां अशोक, अजय, शुभम और जितेंद्र कुमार के खिलाफ दर्ज दो मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इन चारों पर, संप्रदायिक हिंसा के दौरान बृजपुरी में अशफाक हुसैन और जाकिर नाम के व्यक्तियों की हत्या का आरोप है।

## पहली बार राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों की शोभा बढ़ा रहा ट्यूलिप

- दिल्ली को फूलों का शहर बनाने का वादा करने वाले उपराज्यपाल सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार और विकास दे रहे जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बसंत पंचमी के साथ बसंत ऋतु का आगमन हो चुका है। कश्मीर का ट्यूलिप फेस्टिवल काफी फेमस है। ये फूलों का त्यौहार न केवल अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है, बल्कि यह बसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक माना जाता है। इस कड़ी में पहली बार राजधानी दिल्ली में एनडीएमसी के अलावा अन्य क्षेत्र-विशेषकर लुटियन जोन इस वसंत में ट्यूलिप से सजा हुआ है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने राजधानी के अपने विभिन्न पार्कों में 1 लाख ट्यूलिप लगाए हैं, जो लुटियन जोन में एनडीएमसी द्वारा लगाए गए विभिन्न रंगों के 4 लाख से अधिक ट्यूलिप के अतिरिक्त हैं। इसके कारण रोहिणी, द्वारका, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, करमपुरा-रोहतक रोड, शालीमार बाग, महरौली, ग्रेटर कैलाश-आई और वसंत विहार जैसे क्षेत्रों में स्थित डीडीए पार्कों में ट्यूलिप खिले हुए हैं। यह पहली बार है कि राष्ट्रीय राजधानी के इन क्षेत्रों के पार्कों में ट्यूलिप लगाए गए हैं।


ट्यूलिप के फूल

शपथ लेने के तुरंत बाद, दिल्ली को फूलों का शहर बनाने का वादा करने वाले उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना लगातार नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र के अलावा पूरी दिल्ली में सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार और उन्नयन पर जोर दे रहे हैं। 26 दिसंबर 2023 को विभिन्न नगर निकायों के बागवानी विभागों के साथ बैठक कर उन्होंने दिल्ली नगर निगम, डीडीए आदि के अधिकार वाले क्षेत्रों में ट्यूलिप समेत दूसरे फूल लगाने के निर्देश दिए थे।

उपराज्यपाल के निर्देश पर ही, इस वर्ष, पिछले वर्ष 1.5 लाख के मुकाबले, रिकॉर्ड 5 लाख ट्यूलिप बल्ब खरीदे गए। इनमें से 1 लाख ट्यूलिप बल्ब डीडीए ने अपने विभिन्न पार्कों में लगाने को लिए थे। कोई भी डीडीए पार्कों के अलावा, यमुना तट पर बांसेरा और असिता, पूर्वी दिल्ली में संजय झील और आईएसबीटी, कश्मीरी गेट पर वासुदेव घाट पर कतार में लगे ट्यूलिप को लोग देख सकते हैं। ट्यूलिप के ये पौधे शांति पथ, कनाट प्लेस और राष्ट्रपति भवन जैसे पारंपरिक स्थानों के अलावा हैं, जो ट्यूलिप से गुलजार रहते हैं और हर रोज हजारों पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं।

सक्सेना ने पहली बार इन फूलों को संसद भवन, राज निवास और फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर लगाने की भी व्यवस्था की थी, और ये पूरी तरह से खिल गए हैं। बांसेरा, जहां हाल ही में पतंग महोत्सव आयोजित किया गया था, में 40,000 ट्यूलिप के अलावा डीडीए ने असिता, महरौली पुरातत्व पार्क और रोहिणी सेक्टर -10 में स्वर्णजयंती पार्क में 9000 ट्यूलिप लगाए हैं।

दिल्ली को ट्यूलिप जैसे फूलों से सजाने के अलावा, उपराज्यपाल ने ट्यूलिप बल्बों को विदेशों से खरीदने के बजाय, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के स्थानीय उत्पादकों से खरीदने पर भी जोर दिया। इसका मकसद स्थानीय किसानों को प्रोत्साहित करने के अलावा ट्यूलिप की लागत में कटौती करना है।

## जिगिशा हत्याकांड में दोषी की पैरोल पर 10 दिन में फैसला लें

**पायनियर समाचाार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने सोमवार को राज्य के अधिकारियों से कहा कि वे आईटी पेशेवर जिगिशा घोष की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे रवि कपूर की पैरोल अर्जी पर 10 दिनों के भीतर फैसला करें। कपूर ने मार्च में अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने और अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सामाजिक संबंध बनाए रखने के लिए तीन महीने की पैरोल की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

कपूर ने अपनी याचिका में कहा कि उसने 29 जनवरी को पैरोल के लिए अधिकारियों को आवेदन दिया था लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। राज्य की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति विकास महाजन की अदालत को बताया कि दिल्ली जेल नियमों के प्रासंगिक प्रावधान के अनुसार, पैरोल के लिए एक आवेदन पर चार सप्ताह के भीतर फैसला किया जाना चाहिए जो अवधि अभी खत्म नहीं हुई है। वकील ने कहा कि पैरोल आवेदन का निपटारा 10 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा, प्रतिवादी को आज से 10 दिनों के भीतर पैरोल के लिए आवेदन का निपटान करने का निर्देश दिया जाता है। रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। कपूर पत्रकार सौम्या विश्वनाथन और घोष की हत्या के दोषियों में शामिल था।

# सर्वसम्मति से चुनी गई वाटिका लाईफ स्टाइल होम सोसायटी आरडब्ल्यूए

### लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से हुआ है चुनाव, पिछले पदाधिकारी ही अब चुने गए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



वाटिका लाईफ स्टाइल सोसायटी की आरडब्ल्यूए टीम को शुभकामनाएं देते सरपंच सुंदर लाल यादव।

**सेक्टर-83** स्थित वाटिका लाईफ स्टाइल होम सोसायटी की आरडब्ल्यूए का चुनाव सोसायटी परिसर में संपन्न हुआ। लगातार दूसरी बार निर्विरोध ही आरडब्ल्यूए की टीम का चुनाव किया गया। भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ हरियाणा प्रदेश सह-संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रधान पद पर अमरेश मिश्रा, उपप्रधान विमल गर्ग, सचिव मनोज सैनी, संयुक्त सचिव ज्ञानेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष अर्जुन चौहान चुने गए। कार्यकारी समिति सदस्य प्रदीप शर्मा, नेहा दीक्षित, सिद्धार्थ बामेटा, राकेश दीक्षित, दिगविजय सिंह और रोहित मेहता को शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि किसी भी सोसायटी, सेक्टर, कालोनी में मूलभूत सुविधाओं को लेकर आरडब्ल्यूए का अहम रोल रहता है। अपने क्षेत्र के लोगों के लिए यह टीम सदा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी निवासियों को अपनी आरडब्ल्यूए का साथ देना चाहिए, ताकि उनके मुद्दों, समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाया जा सके। उन्होंने सोसायटी के लोगों को इस बात की भी शुभकामनाएं दी कि उन्होंने अपनी टीम को दूसरी बार निर्विरोध चुना है। यह आपसी विश्वास से ही संभव हुआ है। एक प्रतिनिधि को अपने काम से ही अपने लोगों का विश्वास जीतना होता है। यह काम अमरेश मिश्रा और उनकी टीम ने बखूबी किया है। सुंदर लाल यादव ने कहा कि चुनाव से ज्यादा महत्वपूर्ण सर्वसम्मति होती है। उनका इच्छा है कि हमेशा सर्वसम्मति से ही सोसायटी की आरडब्ल्यूए का चुनाव हो। उन्होंने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से कहा कि वे और भी अधिक ऊर्जा के साथ इस बार काम करें। सोसायटी हित में जो भी बेहतर हो सके, वह कार्य करें। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि इसी साल देश में लोकसभा के चुनाव होने हैं। चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं। देश को विकसित बनाने के लिए, देश को बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी को ही प्रधानमंत्री बनाएं। देश का सच्चा और सही विकास नरेंद्र मोदी जैसे नेता ही कर सकते हैं। देश को उन्होंने दुनियाभर में मजबूत किया है।

## 22 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक होगा 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव

### पहले दिन 22 फरवरी को निकाली जाएगी भव्य शोभा, कलश व ध्वज यात्रा

**गुरुग्राम।** श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव 22 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से आयोजित इस महोत्सव में रोजाना अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। जेल परिसर सोहना चौक श्री सिद्धेश्वर मंदिर के पास यह आयोजन होगा। महोत्सव में विधायक सुधीर सिंगला व बदरवाल ग्रुप के चेयरमैन सुशील भारद्वाज अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

मंडल के संरक्षक सुनील सिंगला व प्रधान राज कुमार कौशिक ने महोत्सव में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के पहले दिन 22 फरवरी सायं 4 बजे से भव्य शोभा, कलश व ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। वृंदावन से श्रद्धेय श्री कृष्णचन्द्र शास्त्री 23 फरवरी को श्रीमद् भागवत कथा महात्मय मंगलाचरण सुकदेव जी के जन्म की कथा, 24 फरवरी को राजा परीक्षित का जन्म सृष्टि की रचना, कपिल चरित्र की कथा होगी। इसी दिन संकीर्तन में सांय 7 बजे से अंजलि द्विवेदी बरेली से व मुकेश मुद्गिल पिन्जौर से भजनों की अमृतवर्षा करेंगे।

25 फरवरी को ध्रुव चरित्र, जड़भरत कथा, अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, 26 फरवरी को श्री वामन अवतार, श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 27 फरवरी को नन्द महोत्सव, शंक लीला, श्रीकृष्ण जी की बाल लीला, श्री गोवर्धन पूजा, 28 फरवरी को महारास, कंस वध, श्री कृष्ण रुक्मणी मंगल, 29 फरवरी को सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर संवाद, कलियुग के दोष गुण, श्री शुकदेव जी गमन की कथा होगी। रोजाना दोपहर 2.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक कथा का समय होगा। एक मार्च 2024 को हवन एवं विशाल भंडारा होगा। प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम शहर के इस बड़े धार्मिक आयोजन में शहरवासी सादर आमंत्रित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्डवेयर शॉप की छत उखाड़ चोर लाखों सामान चोरी





**सोहना।** शहर के इंडरी मोड़ पर हार्डवेयर की दुकान में छत में लगी टुकड़ी तोड़कर अंदर घुसे चोरी करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। मौके पर पहुंची चोरी की वारदात की जांच शुरु कर दी है। स्थानीय निवासी दुकानदार सतीश ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम को वह रोजाना की तरह से अपनी हार्डवेयर की दुकान को बंद करके चला गया था। लेकिन सोमवार की सुबह वह दुकान पर आया। उसे शटर खोलने के साथ ही अंदर उजाला नजर आया। वह उजाला दुकान की छत से आ रहा था। छत में लगी पत्थर की टुकड़ी टूट हुई थी। दुकान के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जिसके द्वारा सामान की जांच करने पर बिजली की मोटर व कॉपर तार गायब थी। यह सब डेढ़ से करीब 2 लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। जिसे चोर छत के रास्ते से लेकर गए है। दुकान में हुई चोरी की सूचना पुलिस को 112 नंबर पर फोन करके दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद चोरों की तलाश में जुट गई है।

### संयुक्त आयुक्त ने सुनी सफाई कर्मचारियों की समस्याएं



**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल अपनी मांगों को लेकर संयुक्त आयुक्त दर्शन यादव से मिला। इस दौरान संयुक्त आयुक्त ने उनकी मांगों को सुना और जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया। सोमवार को सफाई कर्मचारियों ने संयुक्त आयुक्त से मिलकर बताया कि कई बार उनकी सैलरी समय पर नहीं मिलती है। सफाई का काम कर रही एजेंसी ने उन्हें ड्रेस तो दी है, परंतु इस ड्रेस पर एजेंसी का नाम अंकित नहीं है। एजेंसी सुपरवाइजरों को बदल देती है। जिससे सुपरवाइजर सफाई कर्मचारियों की पहचान नहीं कर पाते और गलती से उनकी हाजिरी नहीं लग पाती। कई कर्मचारी मौके पर काम तो कर रहें हैं लेकिन सुपरवाइजर की जांच के दिन उनकी अनुपस्थिति दर्ज हो जाती है। इससे कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि कुछ कर्मचारियों की कई महीने पहले की एक सैलरी नहीं मिली है। इसपर संयुक्त आयुक्त दर्शन यादव ने कहा कि सफाई का काम करने वाली एजेंसी को इस बारे आदेश दिए जाएंगे। जल्द ही उनकी समस्याओं का हल निकाला जाएगा। इसके अलावा उन्होंने सफाई कर्मचारियों को कहा कि औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान मानेसर नगर निगम के क्षेत्र में गंदगी नहीं मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने नगर निगम के सेनेटरी ऑफिसर एमएस सोढ़ी को निर्देश देते हुए कहा कि कर्मचारियों के साथ मिलकर उनकी परेशानी का हल निकाला जाए।

### मदन साहनी का नवीनतम कविता संग्रह सफर की तलाश लोकार्पित



**गुरुग्राम।** सुरुचि परिवार के तत्वावधान में लोकार्पण एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मानवाधिकार आयोग के पूर्व निदेशक डॉ. संजय दुबे मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। कर्नल कुंवर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुए इस समारोह में प्रख्यात गजलकार विज्ञान व्रत, दीक्षित दनकौरी, एवं फरीदाबाद से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम समीप सहित अनेक रचनाकारों ने शिरकत की। संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं अंजलि श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना से शुरू हुए कार्यक्रम सुरुचि परिवार के संरक्षक मंडल के सदस्य पूर्व कुलपति डा. अशोक दिवाकर,नेचर इन्टरनेशनल के अध्यक्ष शरद गोयल, पूर्व एडिशनल कमिश्नर कुलबीर सिंह मलिक, लायन्स क्लब के सतीश सिंगला ने मदन साहनी के काव्य संग्रह सफर की तलाश को लोकार्पित किया। वरिष्ठ साहित्यकार हरे राम समीप, कवि अशोक बत्रा, त्रिलोक कौशिक एवं राजेश्वर वशिष्ठ ने पुस्तक पर सारगर्भित समीक्षा की। मदन साहनी की रचनाधर्मिता पर अपने विचार रखे।

## सरपंच सुंदर लाल यादव ने डा. सुधा यादव से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति की सदस्या डा. सुधा यादव से मुलाकात करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

**सरपंच** सुंदर लाल यादव ने भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति की सदस्या डा. सुधा यादव से मुलाकात की। भाजपा हरियाणा द्वारा पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश सह-संयोजक और किसान मोर्चा हरियाणा प्रदेश में कृषि आदान प्रकल्प का प्रदेश समन्वयक नियुक्त किए जाने पर सुंदर लाल यादव ने उनका आभार जताया।

डा. सुधा यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता का उचित मान-सम्मान किया जाता है। उचित पद से नवाजा जाता है। पार्टी के लिए हर कार्यकर्ता दिल से काम करे। पार्टी की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर काम करे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कार्यकर्ता एक मां की तरह मानते हैं। पूजते हैं। पार्टी की मजबूती के पीछे लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत है। ऊंचे पद तक पहुंचे नेताओं ने भी एक कार्यकर्ता की तरह काम किया है। उन्होंने सरपंच सुंदर लाल यादव को हमेशा पार्टी हित में कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करें। सरपंच सुंदर लाल यादव ने डा. सुधा यादव को विश्वास दिलाया कि पार्टी की मजबूती के लिए वे और अधिक सक्रियता से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को प्रदेश स्तर की संगठन में जिम्मेदारियां दी हैं। जिला से उन्हें प्रदेश में पहुंचाया है। जो भी जिम्मेदारियां अब उन्हें दी गई हैं, उन जिम्मेदारियों को भी वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

## गुरुग्राम में आयकर कार्यालय के बाहर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

### आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज करने का विरोध जता रहे हैं कांग्रेसी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता आयकर विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए।

**आयकर** विभाग द्वारा कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने के विरोध में गुरुग्राम कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आयकर विभाग कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेस के नव नियुक्त सह जिला प्रभारी राजा राम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर, पूर्व प्रत्याशी सुधीर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलराज कटारिया, युवा नेता वर्धन यादव, वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी पटौदी, बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष संतोख सिंह, महिला जिलाध्यक्ष निर्मल यादव, महाराज सिंह, एडवोकेट सूबे सिंह यादव, सूबे सिंह पटौदी, रणबीर कटारिया, सुनील प्रकाश, राजेश कटारिया, कुलबीर कटारिया, मुकेश सिंगला, युवा नेता दुष्यंत यादव, राजीव यादव, मनोज आहूजा, कृष्ण बालमीकी, रवीन्द्र गुर्जर समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर सभी ने जमकर भाजपा के विरोध में नारेबाजी भी की। इस दौरान कांग्रेस के सह जिला प्रभारी राजा राम ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है और सरकारी एजेंसियों का दुरुप्रयोग कर रही है। अगर जल्द से जल्द आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस पार्टी का अकाउंट चालू नहीं किया गया तो इसके विरोध में पूरे देश में कांग्रेस की ओर से प्रदर्शन किया जाएगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि आज भाजपा के आला नेताओं पर सत्ता के घमंड सर चढ़कर बोल रहा है। देश के प्रधानमंत्री एक तरफ तो कहते हैं कि ना खाउंगा ना खाने दूंगा, दूसरी तरफ भाजपा खाऊंगा भी और किसी को जीने भी नहीं दूंगा की नीतियों पर चल रही है।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शिविर में जांच कराते लोग।

**वार्ड-33** के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और तत्कालीन पार्षद शीतल बागड़ी के लक्ष्मण विहार स्थित कार्यालय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सेंकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच की गई।

जीवन गंगा फाउंडेशन द्वारा शिवा अस्पताल के सहयोग से आयोजित इस कैंप में फिजिशियन, हड्डी रोग और स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा ब्लड प्रेशर और शुगर और आंखों की फ्री जांच करने के साथ लोगों की हाइट और वजन की जांच भी की गई। इस दौरान जरूरतमंद लोगों में निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए।

डॉक्टरों की टीम में जनरल फिजिशियन नितेश गुप्ता और डॉक्टर अनुराग सोभारी, डॉक्टर ममता सैनी, डॉक्टर राधिका चौहान, डॉक्टर दीप्ति जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, सुनिल कुमार यादव, संतोष कुमार और नेहा शामिल रहे।

आयोजन में सहयोगी अजय कटारिया और जीवन कटारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कैंप के आयोजन के लिए गंगा जीवन फाउंडेशन के सदस्यों और स्वास्थ्य जांच करने वाले चिकित्सकों का धन्यवाद दिया। बागड़ी ने इसके साथ ही जांच करने आए लोगों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करना जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर इस स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया था, इसके पूर्व भी अनेक बार इस तरह के स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जा चुका है। आगे भी ऐसा प्रयास जारी रहेगा।

## लायंस क्लब 38 कन्याओं का कराएगा सामुहिक विवाह

**सोहना।** शहर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब सोहना 25 फरवरी को 38 कन्याओं का सामुहिक विवाह कराएगा। क्लब द्वारा सभी 38 दुल्हों की एक साथ बैंड-बाजे से शहर में घुडवारी कराएगा। क्लब द्वारा नवदंपत्तियों को जीवन में उपयोग होने वाला घरेलू सामान उपहार रुप में दिया जाएगा। लायंस क्लब सोहना के प्रवक्ता राकेश संदूजा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनकी संस्था 38 कन्याओं का सामुहिक विवाहा 25 फरवरी को कराने जा रहा है। जिसके लिए लड़का व लड़की पक्ष की तरफ से सहमति पत्र प्राप्त हो चुके है। दोनों ही पक्ष की सहमति के बाद से विवाह क्लब द्वारा कराया जाता है। प्रवक्ता ने बताया कि सभी दुल्हों की एक साथ में बैंड बाजों के साथ स्थानीय शहर में घुड़चढ़ी कराई जाएगी, जिसमें दुल्हे पक्ष के लोग शादी की खुशी में नाचते-कूदते हुए मंडप तक पहुंचते है। उन्होंने बताया कि सोहना विधायक संजय सिंह समेत क्षेत्र के समाज सेवी और गणमान्य लोगों को भी पूरा सहयोग होता है। नवदंपत्तियों को विवाहिक जीवन में उपयोग होने वाला घरेलू सामान उपहार रुप में दिया जाता है। जिसकी कीमत लाखों रुपये में होती है।

## बीएण्डआर विभाग की निष्क्रियता के चलते सीवर व पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है चालू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना का नागरिक अस्पताल भवन।

**नागरिक** अस्पताल भवन परिसर में बीतें दो साल में भी लोक निर्माण विभाग पेयजल और सीवर कनेक्शन नहीं जोड़ सका है। जिससे नागरिक अस्पताल परिसर से लेकर अंदर भवन में बनें शौचालयों में सीवर पानी ओवर फ्लो होने से रोगियों और स्वास्थ्य कर्मियों को पेरशानी हो रही है। नागरिक अस्पताल में लोक निर्माण विभाग अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते यहा के भवन में सीवर व पेयजल आपूर्ति का कनेक्शन पिछले दो साल से अधर में लटका हुआ है।

अस्पताल परिसर में सीवर व पेयजल आपूर्ति की नई लाइनों दो साल पहले बिछाई गई थी। जिसका कनेक्शन लोक निर्माण विभाग को किया जाना था। लेकिन लोक निर्माण विभाग अधिकारी कुंभकरणीय नींद में सोए हुए है। जिसका खामियाजा अस्पताल में आने वाले रोगियों से लेकर यहा पर तैनात डॉक्टर, नर्स और स्टाफकर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। रोगियों के लिए पीने का पानी के लिए भी एक ही स्थान पर सुविधा है। पानी के अभाव में अस्पताल परिसर में बनें सभी शौचालय पानी की सुविधा न रोगियों को परेशानी है। विशेष रुप से अस्पताल परिसर के वार्ड में बना शौचालय पिछले करीब तीन साल से बंद है।

**सीवर का पानी ओवर फ्लो :** अस्पताल परिसर में भवन और स्टाफ क्वाटरों को पुरानी लाइन से ही जोड़ा हुआ है। जिससे पुरानी लाइन आए दिन ओवर फ्लो हो जाती है। जिसके गटरों से गंदा पानी खुले में बहन लगता है। जिससे पूरा वातावरण दूषित होने के साथ-साथ उसके आस पास से निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

**पांच लाख देने पर भी काम अधर में :** स्थानीय नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को हाल ही में पांच लाख रुपये कनेक्शन जोड़ने के लिए जमा करा दिए है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग का जेई विरेन्द्र सिंह आज-कल, आज-कल करके बार-बार झूठे आश्वासन दे रहा है। जबकि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों से लेकर यहा आने वाले रोगियों को परेशानी हो रही है।

## एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है माहवारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में माहवारी पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व छात्राएं, स्टाफ।

**द्रोणाचार्य** राजकीय महाविद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता तथ्य और मिथक विषय पर एचसीडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डायरेक्टर डॉक्टर हनीष बजाज ने अपने विचार सांझा किये। उन्होंने कहा कि हमें हमारी सोच को नई दिशा देने की जरूरत है।

हमारी महिलाओं को इस विषय पर अवेयर करने की जरूरत है। डा. हनीष बजाज ने कहा कि माहवारी एक सामान्य जैविक चक्र है। महिलाओं और लड़कियों को मासिक धर्म होता है। इससे अगली पीढ़ी का जन्म होता है। आज भी संकोच, पूर्वाग्रह और भेदभाव से घिरा हुआ विषय है। नतीजतन, लोगों को माहवारी एवं संबंधित उत्पादों के बारे में सटीक जानकारी प्राप्त करने, शौचालय का उपयोग करने और आवश्यकता पडने् पर मदद मांगने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। माहवारी स्वास्थ्य न केवल व्यक्तिगत स्वच्छता का विषय है, बल्कि एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा भी है। जिस पर सरकारों, नागरिक समाज और व्यक्तियों की ओर से तत्काल ध्यान देने एवं कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

प्रिंसिपल घनश्याम दास ने लड़कियों की मासिक धर्म स्वच्छता की और मुख्य ध्यान दिया है। इसी स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लड़कियों के बाथरूम में डस्टबिन रखवाए गए हैं। यह केवल स्वच्छता, पानी और सफाई तक ही सीमित नहीं है। यह आराम, गर्व, सम्मान, आत्मविश्वास और इससे संबधित मांग को पैदा करने की बात करता है, ताकि महिलाएं और लड़कियां हर समय बिना किसी शर्म, डर के समाज में गौरव के साथ जी सकें। विषय की नाजुकता को ध्यान में रखते हुए चिट्स द्वारा लड़कियों के प्रश्न लिए गए।

डॉक्टर सुबुही रिजवी ने बताया कि अगर पीरियड्स सात दिन से ज्यादा हो तो एनीमिया होने का खतरा रहता है। डॉक्टर एनीमिया से बचने के लिए ऐसी सब्जियां खाने की सलाह देते हैं, जिनमें आयरन हो। डॉक्टर ने लगभग 70-80 प्रश्नों के उत्तर दिए।

इस अवसर पर डॉक्टर इंदु जैन उपस्थित रहीं। मंच का संचालन महिला प्रकोष्ठ की सलाहकार सदस्य डॉक्टर गरिमा ने किया। पीसेफ ब्रांड मासिक धर्म स्वच्छता पर काम करता है। पीसेफ की तरफ से बाथरूम सेनेटाइजर दिए गए।

## हृदय गति रुकने से ज्योतिषी राजकृष्ण शर्मा का निधन

**कैथल।** क्षेत्र के जाने माने ज्योतिषी व आराधना मिशन के संस्थापक पंडित राजकिशन शर्मा का हृदय गति रुकने से पंचकूला में निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। कैथल के प्रसिद्ध ज्योतिषी पंडित मोमन राम शास्त्री के पुत्र पंडित राज कृष्ण आजकल पंचकूला में आराधना मिशन के नाम से एक आध्यात्मिक संस्था चला रहे थे। खादी बोर्ड में लॉ ऑफिसर के तौर पर नौकरी ज्वाइन करने से पहले उन्होंने कैथल में लंबे समय तक वकालत भी की। वे कैथल की कई धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। पंचकूला में रहने के बावजूद भी रविवार को कैथल में आते थे। उनके निधन पर राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, विधायक लीलाराम, हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत, बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर मलिक, पार्षद मोहन लाल शर्मा, राकेश शर्मा, प्रदीप हरित एडवोकेट, पुनीत कैमिस्ट, नरेश भारद्वाज, पवन शर्मा, राज कुमार शास्त्री, हरि मिश्रा, आनंद शर्मा आदि ने शोक प्रकट किया है।

# फरीदाबाद में कागजों तक ही सीमित ट्रामा सेंटर बनाने की योजना

## तीन साल में सड़क हादसों में 1500 लोग घायल, लगभग 700 लोगों की जान गई




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** की ओर से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के बड़े-बड़े दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन वे केवल कागजों तक ही सीमित हैं। वर्ष 2013 में स्वास्थ्य विभाग ने सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों की जान बचाने के लिए जिले में ट्रामा सेंटर बनवाने की कोशिश थी। इसकी जरूरत को देखते हुए विभाग ने एक रिपोर्ट तैयार कर स्वास्थ्य महानिदेशक और जिला उपायुक्त को भेजी थी, ताकी एनएचएआई से इस सेंटर को विशेष मामले में पास करवाया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार मरीजों को 50 किमी के अंदर इसकी सुविधा मिलनी चाहिए। बीके अस्पताल एम्स अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर से 35 किमी की दूरी पर है। जिला स्वास्थ्य विभाग का क्षेत्र होडल तक को कवर करता है, इसके बावजूद मंजूरी नहीं मिली। एनआईटी-तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि अस्पताल इमरजेंसी में रोजाना तीन से पांच मरीज सड़क दुर्घटना के पहुंचते हैं। इनमें ट्रामा केस ज्यादा होते हैं।

दो-दो मंत्री होने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को ट्रॉमा सेंटर और आईसीयू की सुविधा के लिए दिल्ली एम्स रेफर किया जा रहा है। ऐसे में समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण रास्ते में कई बार उनकी जान भी चली जाती है। हालांकि शहर में ट्रामा सेंटर की मांग 10 सालों से चल रही है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टरों के अनुसार ट्रामा सेंटर खुलने से 70 फीसदी सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाई जा सकती है।

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में 28 लाख की आबादी पर मात्र एक बीके सिविल अस्पताल है। 200 बेड के इस अस्पताल में रोजाना दो हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इमरजेंसी में रोजाना 60-70 से ज्यादा मरीज आते हैं। इनमें आईसीयू और ट्रामा सेंटर की सुविधा नहीं होने की वजह से रोजाना करीब 15 से 20 मरीजों को दिल्ली एम्स रेफर किया जाता है। कई बार मरीजों की हालत गंभीर होने की वजह से रास्ते में ही उनकी मौत हो जाती है। रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने बताया कि साल 2021 तक में जिले में 505 सड़क हादसों में 211 लोगों की मौत और 423 लोग घायल हुए थे। वहीं, साल 2022 में 589 सड़क हादसों में 253 लोगों की मौत और 452 लोग घायल हुए। दिसंबर 2023 में 540 सड़क हादसों में 228 लोगों की मौत और 450 लोग घायल हुए। इन घायलों में कुछ ऐसे मरीज भी थे, जिनको समय पर ट्रामा सेंटर की सुविधा नहीं मिलने से उनकी मौत हो गई।

> “ **दिल्ली** एम्स में बने ट्रामा सेंटर के बाद दूसरा सेंटर 50 किमी दूर बनाया जाना है। इसे फरीदाबाद की बजाय पृथला में बनाने की योजना है, लेकिन किसी कारण योजना सिरे नहीं चढ़ी। इसकी जानकारी नहीं है।
>
> **-डॉ. विनय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
>
> “ **सड़क** दुर्घटना में सबसे ज्यादा व्यक्ति को सिर में चोट आती है, जिससे उसका पूरा शरीर कंट्रोल होता है। यदि आधे घंटे के अंदर घायल को उचित उपचार मिल जाए तो मरीज बच सकता है।
>
> **-डॉ. सुषमा शर्मा, वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट**
>
> “ **शहर** में ट्रॉमा सेंटर की बेहद जरूरत है। इसे सरकार को अपना मुख्य एजेंडे में शामिल करना चाहिए। ट्रामा सेंटर खुलने से होडल तक के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।
>
> **-डॉ. कमल वर्मा, वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट**

## घर से महिला संदिग्ध हालत में लापता, आभूषण व कैश भी गायब

**पलवल।** एक विवाहित महिला घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई। उसके साथ ही घर से लाखों रुपये व आभूषण भी गायब मिले हैं। उसके पति व बच्चों ने महिला को काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल महिला का कोई सुराग नहीं लग सका है। हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, हसनपुर निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी घर पर थी, वह ड्यूटी चला गया और उसके बच्चे स्कूल चले गए। बच्चे जब शाम के करीब साढ़े तीन बजे घर पहुंचे तो उन्हें उनकी मम्मी घर नहीं मिली। बच्चों ने अपनी मम्मी को उधर-उधर तलाश किया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

## संक्षिप्त समाचार

### 23 फरवरी को होगा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का समापन समारोह



**फरीदाबाद।** सोमवार को हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के निर्देशानुसार हो रहे कार्यक्रम हर घर परिवार सूर्य नमस्कार के तहत होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बारे में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मोनिषा लांबा ने विभाग के अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक ली। डॉ. मोनिषा ने बताया कि 23 फरवरी को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का समापन समारोह मानव रचना शिक्षा संस्थान में आयोजित होगा। बैठक में जिला योग कोऑर्डिनेटर जयपाल शास्त्री, जिला योग विशेषज्ञ भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के प्रभारी अंकुर, अजित भाटी जी प्रभारी पतंजलि किसान सेवा समिति, रतन लाल, प्रभारी जय बाबा बर्फानी युग निर्माण मंच, खेल विभाग, प्रतिनिधि मानव रचना शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया। वहीं सुर्य नमस्कार समापन कार्यक्रम की तैयारी के लिए रूप रेखा तैयार की

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपी पकड़ा



**पलवल।** सीआईए होडल की टीम ने हत्या के प्रयास के दो वर्ष फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फरवरी 2022 में एक युवक को जान से मारने की नीयत से उसे गोली मारी थी। जिसके संबंध में 26 फरवरी को चांदहट पुलिस ने एक नामजद सहित तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन तभी से आरोपी फरार चल रहा था। सीआईए होडल प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 25 फरवरी 2022 को चांदहट गांव निवासी कमलजीत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 फरवरी को वह घोड़ी-चांदहट गांव के रासेत में गुरवाड़ी गांव निवासी बंटी अपने दो अन्य साथियों के साथ पहुंचा, जहां पीड़ित की मौसी के लड़के इस्लामाबाद निवासी प्रमोद से खेतों में से ट्रैक्टर निकालने को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर बंटी ने जान से मारने की नीयत से प्रमोद पर गोली चला दी। पेट में गोली लगने से प्रमोद गंभीर रुप से घायल हो गया था। पीड़ित मौके पर पहुंचा तो आरोपी उसकी बाइक में टक्कर मारकर मौके से फरार हो गए। जिसके संबंध में चांदहट थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पिछले दो वर्ष से बंटी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में उसी दिन से पुलिस की कई टीमें जुटी हुई थी। सीआईए प्रभारी ने बताया कि सीआईए स्टाफ होडल में तैनात एएसआई मेहरचंद के नेतृत्व में गठित टीम ने हत्या के प्रयास के मुख्य आरोपी बंटी को गिरफ्तार कर लिया। मेहरचंद ने बताया कि उन्होंने गिरफ्तार के बाद जेल भेज दिया। फरार अन्य दो आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

### फरीदाबाद क्राइम ब्रांच ने चोरी का आरोपी पकड़ा



**फरीदाबाद।** जिले में क्राइम ब्रांच-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इससे पहले भी दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम के चार मामलों में जेल चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जाबिद है, जो मेवात के घासेड़ा गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सेक्टर-58 से चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी का ऑटो बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। जिसमें वह गुरुग्राम में दो, दिल्ली तथा फरीदाबाद में एक-एक वारदात में जेल की सजा काट चुका है। आरोपी ने इससे पहले सीएनजी ऑटो की एक अन्य चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 30 जनवरी को आरोपी के कब्जे से चोरी का सीएनजी ऑटो बरामद किया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ऑटो चलाने का काम करता है। चोरी की आदत के चलते वह इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी पकड़े जाने पर जेल चला जाता है। जेल से आने के बाद फिर से चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर देता है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### पन्हैड़ा गांव में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** देहात के गांव पन्हैड़ा खुर्द में ग्रामीण युवा विकास समिति के तत्वावधान में संत भगत सिंह महाराज चेरिटेबल अस्पताल के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष रतन सिंह की अध्यक्षता में सभी रक्तदाताओं ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। ब्लड बैंक की तरफ से डॉ. बिनीत कुमार, डॉ. गीता नागपाल, चंदर, रतन, चंचल व जितेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल शास्त्री ने बताया कि शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर युवाओं में रक्तदान के प्रति बहुत ही उत्साह देखा गया। वहीं शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जिला पार्षद संदीप शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव के सरपंच प्रतिनिधि जेपी शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों के पहुंचने पर समिति के पदाधिकारियों ने गांव के गणमान्य लोगों के साथ मिलकर फूलमाला तथा बैज लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रतन सिंह, गोपाल शास्त्री, रघु वत्स, नानक चंद, शीश राम, श्यामवीर वत्स, गोपाल कृष्ण, मान पंचायत मेंबर, हरीश मास्टर, आनंद, खेमचंद, चमन, साहिल, इंद्रजीत, प्रिंस सहित गांव के युवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अनमोल ने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में थाइलैंड की खिलाड़ी को हराकर 17 वर्षीय अनमोल खरब ने भारतीय बैडमिंटन में बडा आयाम हासिल किया है। शहर के कोच व अन्य खिलाड़ी अनमोल को अगली स्टार खिलाड़ी के रूप में देख रहे हैं। वहीं अनमोल ने एशिया टीम चैपिंयनशिप के फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्मार्ट सिटी के युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हैं। इससे खिलाड़ियों में काफी जोश हैं। मलेशिया में रविवार को भारतीय महिला टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का निर्णायक मुकाबला खेला गया। जिसमें सेक्टर 16 निवासी अनमोल खरब ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

# माध्यमिक विद्यालय की बहुमंजिला इमारत छात्राओं को समर्पित

## शहीद भगत सिंह होगा सेक्टर-23 के कॉलेज का नाम : कृष्णपाल गुर्जर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** भारी उद्योग और उर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी होती है।

कृष्णपाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ में राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बहुमंजिला इमारत के उद्घाटन अवसर पर आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह भव्य आधुनिक तकनीकी से बनाया भवन पर करीब सात करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। कन्या स्कूल की चार मंजिल इस स्कूल की इमारत में हर मंजिल पर बेटियों को वाटर कूलर का आरओ का पानी मिलेगा। वहीं बेटियों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए सुसज्जित डीलक्स सात लैब और एक लाइब्रेरी बनाई गई है।

गुर्जर ने कहा कि साल 2014 से पहले बल्लभगढ़ की विकास कार्यों के मामले में हालत खस्ता थी। लेकिन आज बल्लभगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र सहित तमाम विकास कार्यों के साथ लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने का काम किया गया है। वहीं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा हरियाणा में सबसे ज्यादा बेटियों को शिक्षा देने वाला यह बल्लभगढ़ में प्रदेश का पहला गर्ल स्कूल है। इस स्कूल में कक्षा पहली से करीब 4000 बेटियां शिक्षा ले रही है। अब यह स्कूल की इमारत बेटियों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि बेटियों को बेहतर सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह भव्य इमारत बनाई गई है। शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने इसके निर्माण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का भी आभार जताया है।

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर घोषणा की है कि बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टर-23 में बनाए जाने वाले को-ऐड कॉलेज का नाम शहीद भगत सिंह के नाम होगा। वहीं फतेहपुर बिल्लोच सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम रखवाने की भी घोषणा की है। केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने 11 लाख रुपये और सम्मान पत्र देकर समय से पहले स्कूल भवन बनाने पर ठेकेदार अनिल कुमार को सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, कैलाश बंसल, भगवान दास गोयल, लखन बेनिवाल, प्रताप भाटी, महेश गोयल कैलाश वशिष्ठ ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, अनुराग गर्ग, गजेंद्र वैष्णव, प्रेम खट्टर, दयाचंद यादव, हर प्रसाद गोड, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, संजीव बैसला, बिट्टू पंजाबी, वीरेंद्र मनचंदा, गायत्री देवी, सुषमा यादव, शिवकुमार शर्मा, ओपी शास्त्री के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, सुषमा स्वराज कॉलेज की प्रिंसिपल रितिका गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ के प्रिंसिपल छत्रपाल, सुनील शर्मा, चेतना सहित कई गणमान्य शिक्षा विद्ध, स्कूल स्टाफ व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# साई धाम में 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह



**फरीदाबाद।** साई धाम सेक्टर-86 फरीदाबाद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण सिंघल व उनके साथ आए दीपक अग्रवाल, अरूण वालिया का स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया गया। उन्होंने साई धाम द्वारा गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ भोजन, वर्दी, किताबें, कॉपियां, स्वास्थ सेवाएं व पर्यटन इत्यादि की सुविधाएं देने की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज हमारे देश को डॉ. मोतीलाल गुप्ता जैसे लोगों की आवश्यकता है, जो समाज कल्याण का कार्य करते हुए प्रधानमंत्री के स्वप्न को साकार कर सकें। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में शिरडी साई बाबा स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिन्होंने सभी का मनमोह लिया। साई धाम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। दुबई अबूधाबी में हिंदू मंदिर बनवाने, अयोध्या में श्रीराम मंदिर और अयोध्या को पर्यटन स्थल बनाने के लिए व भारतीय नौसेना के आठ जवानों, जिन्हें कतर सरकार ने मृत्युदंड दिया था, उनको कतर से स्वदेश लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है कि साई धाम प्रतिवर्ष 100 वंचित कन्याओं का सामूहिक विवाह कराता है। उसी श्रृंखला में 25 कन्याओं का सामूहिक विवाह आयोजित किया गया। जिसमें सभी जोड़ों को जीवन यापन की सभी आवश्यक वस्तुएं दान स्वरूप दी गई।

# फरीदाबाद में सीएम फ्लाइंग ने पकड़ा फर्जी कर्मचारी

## तहसील कार्यालय के कार्ड के साथ सूरजकुंड मेले में घूम रहा था, केस दर्ज



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सूरजकुंड** में लगे 37वें अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में प्रशासन का फर्जी अधिकारी बनकर घूम रहे एक युवक को सीएम फ्लाइंग टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाना सूरजकुंड में धारा 420, 120 बी, 170, 171 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता सुरेश सिंह ने बताया कि सीएम फ्लाइंग की टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक बड़खल तहसील का कर्मचारी बनकर सूरजकुंड मेले का कार्ड लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर टीम में जाल बिछाया और उसको अधिकारी के फर्जी कार्ड के साथ हिरासत में ले लिया।

पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम गोविंद सिंह बताया। वह सारन इलाके का रहने वाला है। उसके पास बड़खल तहसील कार्यालय का कार्ड मिला। इस बारे में तहसीलदार सुरेश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस नाम का कोई कर्मचारी उनके कार्यालय में नहीं है। फिलहाल पुलिस ने तहसीलदार सुरेश की शिकायत पर आरोपी गोविंद सिंह के खिलाफ सूरजकुंड थाने में केस दर्ज किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## पासपोर्ट डिलीवरी के नाम पर 2.86 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर अमित की टीम ने साइबर ठगी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बिहार के शेखूपुर स्थित बरमा गांव निवासी अंकित व घनश्याम तथा दिल्ली के तुगलकाबाद निवासी रितिक के रूप में हुई है।

आरोपी अंकित ने फरीदाबाद निवासी वारिश नाम के व्यक्ति से पासपोर्ट डिलीवरी के नाम पर 2.86 लाख रुपए की ठगी की थी। अंकित ने पीड़ित से फोन कर कहा कि उसका पासपोर्ट आने वाला है। डिलीवरी के लिए फीस के नाम पर आरोपियों ने क्यूआर कोड भेजकर कुछ पैसे मंगवा लिए।

इसके बाद लिंक भेज कर वारिश के बैंक अकाउंट की जानकारी मंगवा ली। जानकारी आते ही आरोपी ने पीड़ित के खाते से पैसे निकाल लिए। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी घनश्याम तथा ऋतिक को गिरफ्तार कर 5 दिन के रिमांड पर लिया। इसके बाद अंकित को गिरफ्तार किया गया।

# मैरिंगो एशिया अस्पताल के चिकित्सकों ने की आईबॉल कैंसर सर्जरी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-16** स्थित मैरिंगो एशिया अस्पताल ने केन्या की 34 वर्षीय मरीज जूडी कटुंबी की बायीं आंख की पुतली के कैंसर की सफलतापूर्ण सर्जरी करके बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह यूवेल मेलेनोमा दुर्लभ आईबॉल (आंख की पुतली) कैंसर का मामला था। चूंकि यह एडवांस्ड स्टेज में था, इसलिए इस बीमारी के इलाज के लिए ऑर्बिटल एक्सेंटेरेशन (ओई) सर्जरी की योजना बनाई गई। यह जटिल सर्जरी अस्पताल की एक मल्टीडिसीप्लिनरी (बहु-विषयक) टीम के संयुक्त प्रयासों से की गई जिसमें डॉ. आलोक तिवारी-क्लिनिकल डायरेक्टर-ओंको सर्जरी, डॉ. हरीश वर्मा-सीनियर कंसल्टेंट-ओंको सर्जरी, डॉ. विशाल चौधरी और डॉ. कवेश्वर घुरा एचओडी-प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी शामिल थे।

मरीज अपनी बाईं आंख में दृष्टि में कमी, दर्द और आंख से पानी आने की समस्या के साथ मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में आई थी। गहन जांच के बाद पता चला कि उसे मेलेनोमा ऑफ आईबॉल (यूवेल मेलेनोमा) है, जो एक दुर्लभ आंख की पुतली का कैंसर है। ऑर्बिटल एक्सेंटेरेशन (ओई) सर्जरी के माध्यम से, डॉक्टरों ने आईबॉल सहित आंख में एक घातक ट्यूमर को निकाल दिया और टेंपोरलिस फ्लैप से बचे हुए ऑर्बिटल सॉकेट का पुनर्निर्माण किया। ऑपरेशन के बाद मरीज ठीक हो गई और सफल सर्जरी के बाद छठे दिन उसे छुट्टी दे दी गई।

आंकोसर्जरी टीम, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद ने कहा, यह मामला काफी चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि ट्यूमर आईबॉल के बाहर आसपास की मांसपेशियों में पहुंच रहा था। यदि इस घातक ट्यूमर का इलाज नहीं किया जाता तो यह रक्त प्रवाह के माध्यम से अन्य अंगों में फैल सकता था और मेटास्टेटिक प्रसार के रूप में उभर सकता था। इसलिए, सर्जरी की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई और आईबॉल एवं आसपास की प्रभावित संरचना को पूरी तरह से हटा दिया गया। बचे हुए ऑर्बिटल सॉकेट को टेंपोरलिस फ्लैप के साथ पुनर्निर्मित किया गया था।

# चंडीगढ़ बार एसोसिएशन के समर्थन में वकीलों ने की हड़ताल

## वकीलों ने फरीदाबाद बार में एकत्रित होकर नारे लगाए



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** बार एसोसिएशन फरीदाबाद के अधिवक्ताओं ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एशोशिएशन चंडीगढ़ के समर्थन में नारे लगाए। चंडीगढ़ एसोसिएशन चंडीगढ़ के आह्वान पर पूरे हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ के वकीलों ने हड़ताल रखी, जिला बार एशोशिएशन के प्रधान जोगिंद्र नरवत व सेक्रेटरी पवन पाराशर व उनकी कार्यकारिणी टीम ने जिला न्यायालय की सभी कोर्ट में जाकर हड़ताल का नोटिस दिया और सभी जुडिशियल ऑफिसरों से बार की हडताल में सहयोग करने के लिए कहा। इस अवसर पर सभी वकीलों ने एकत्रित होकर कोर्ट लॉबी में आकर पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एशोशिएशन, चंडीगढ के समर्थन में नारे लगाये। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संजीव चौधरी व बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि प्रमोद अधिवक्ता, सेक्टर-28, चंडीगढ की मार्केट में मोटर मकेनिक के पास किसी काम से गये थे। वहीं किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। जब इसकी सूचना पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोससिएशन, चंडीगढ के प्रधान विकास मलिक को पता चली तो वो अपने साथ 4-5 अधिवक्ता लेकर मौका पर पहुंचे तो मोटर मैकेनिक ने 40-50 आपराधिक तत्वों को बुलाकर इकट्ठा कर लिया और प्रधान व अन्य अधिवक्ताओं पर हमला कर दिया। जिसमें प्रमोद अधिवक्ता की पैर की हड्डी तोड़ दी और प्रधान के साथ भी मारपीट करके चोट पहुंचाई। इसको लेकर पूरे पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, चंडीगढ के आह्वान पर हड़ताल रखी गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता दलपत सिंह, प्रदीप परमार, नरेंद्र शर्मा तिगांव, कन्हैयालाल शर्मा, ओमबीर धनखड़, मुकेश नैन, अजीत डागर, संजय तेवतिया, अनुज शर्मा, प्रदीप शांडिल्य, रामकरण भारद्वाज, भारतभूषण आदि मौजूद थे।

## मोटा मुनाफा देने का प्रलोभन देकर 30 लाख से ज्यादा की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों ने फारेक्स ट्रेडिंग में निवेश कर कारोबार शुरू कराने के नाम पर एक व्यक्ति से 30 लाख 32 हजार रुपये ऐंठ लिए। आरोपी कई माह तक पीड़ित से रकम ठगते रहे। पैसा वापस नहीं आने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ओमेक्स फारेस्ट स्पा निवासी अवध प्रताप नारायण ने साइबर थाना में दी शिकायत में बताया कि करीब चाह माह पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बिजनेस के बारे में वीडियो देखी थी। इसमें एक्सप्रो मार्केट्स डॉट काम नाम की कंपनी के फारेक्स ट्रेडिंग प्लेटफार्म के बारे में बताया गया था।

## लोकसभा चुनाव
### मोदी की सलाह

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने लोकसभा चुनाव में सरकार के गरीब-हितैषी कार्यों, विकास तथा भारत के दुनिया में बढ़े कद पर वोट मांगने की सलाह दी है। लोकसभा चुनाव की घोषणा अब किसी भी समय हो सकती है। अपनी व्यापक व गतिशील चुनाव मशीनरी के कारण भाजपा चुनाव योजना बनाने में दूसरी पार्टियों से बहुत आगे है। हालिया भाजपा राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव अभियान की स्पष्ट रणनीति निर्धारित की। उन्होंने कहा कि गरीब-हितैषी पहलों, विकास एजेंडे तथा दुनिया में भारत के बढ़े कद पर मतदाताओं का ध्यान आकर्षित किया जाना चाहिए। चुनाव की तैयारी आम जनता के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता प्रकट करती है। हालांकि, अनेक आलोचकों का कहना था कि भाजपा राम मंदिर तथा अनुच्छेद 370 समाप्त करने जैसे भावनात्मक मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी, पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से इनसे दूरी बनाते हुए कार्यकर्ताओं को लोगों के पास पार्टी द्वारा गरीबों और हाशियाकृत लोगों के लिए किए अच्छे कामों को लेकर जाने की सलाह दी है। अपने पूरे कार्यकाल में मोदी ने हाशियाकृत तबकों को ऊपर उठाने के लिए अनेक पहलें की हैं। 'प्रधानमंत्री जनधन योजना' और 'आयुष्मान भारत' जैसी पहलों ने गरीबों को सीधे लाभ पहुंचाया है। इन प्रयासों को रेखांकित कर भाजपा मतदाताओं के बड़े वर्ग का समर्थन प्राप्त करना चाहती है।

विकास भाजपा के चुनावी विमर्श में केन्द्रीय स्थान पर है। मोदी के नेतृत्व में भारत ने ढांचागत विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी तथा आर्थिक प्रगति में उल्लेखनीय प्रगति की है। 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'स्मार्ट सिटी मिशन' जैसी पहलों ने न केवल आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दिया है, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार के अवसर दे कर उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाई है। ये उपलब्धियां बता कर भाजपा अपनी ऐसी पार्टी की छवि मजबूत करना चाहती है जो देश की प्रगति एवं समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्रमुख चुनावी मुद्दे के रूप में दुनिया में भारत के बढ़े कद पर ध्यान आकर्षित करने की मोदी की सलाह महत्वपूर्ण है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि विश्व बिरादरी में भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है। दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन निश्चित रूप से देश के लिए गौरव का एक क्षण था। भारत अंतरराष्ट्रीय मामलों में एक प्रमुख शक्ति के रूप में निश्चित रूप से उभरा है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी विश्व शक्तियों के साथ राजनयिक संबंध बनाने और रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने में बहुत सक्रिय रहे हैं। 'अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस' जैसी पहल के साथ भारत ने जलवायु परिवर्तन वार्ताओं में सक्रिय भूमिका निभाई है जिससे विश्व मंच पर भारत का प्रभाव बहुत बढ़ा है। वैश्विक मामलों में भारत को एक विश्वसनीय व सक्रिय पक्ष के रूप में पेश कर मोदी ने मतदाताओं के बीच राष्ट्रीय गौरव व एकजुटता की भावना पैदा की है। हालांकि, कृषि संकट, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता भारत के विकास पथ में एक सीमा तक अब भी बाधा बने हुए हैं। लेकिन भाजपा अपने प्रमुख सिद्धान्तों के प्रति प्रतिबद्ध होने के साथ प्रभावी रूप से इन चुनौतियों का सामना करने में काफी सफल हुई है। इससे आगामी चुनाव में उसकी सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। मोदी की रणनीति की सफलता भाजपा द्वारा उनके दृष्टिकोण के प्रचार तथा सरकार के वादों को व्यावहारिक कार्रवाइयों में बदलने पर निर्भर करेगी जिनसे करोड़ों भारतीयों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।



# किसानों की अतार्किक मांगें

किसान चाहते हैं कि सरकार डब्लूटीओ व मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर आ जाए। यह परस्पर निर्भर दुनिया में लगभग असंभव, अतार्किक व काल्पनिक है।

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)





लगभग तीन साल तक चुप्पी के बाद मुख्यत: पंजाब के किसान केन्द्र सरकार से एक दर्जन से अधिक मांगों के साथ एक बार फिर सड़कों पर हैं। यदि ये मांगें मान ली जाएं तो निश्चित रूप से विभीषिका का कारण बनेंगी। इनमें सबसे प्रमुख मांग कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी है। एमएसपी किसी ऐसे फसल के लिए 'न्यूनतम मूल्य' है जो किसानों के लिए लाभकारी और इस प्रकार उनकी 'सहायता' हो। 1960 के दशक में एक 'कार्यकारी आदेश' से शुरू इस व्यवहार का अर्थ किसानों को यह आश्वस्त करना था कि उनको अपने उत्पाद की बिक्री पर कम से कम एमएसपी मिलेगा और उनको इसे औने-पौने दाम में नहीं बेचना पड़ेगा। इसमें खरीफ और रबी फसलों की 23 फसलों के लिए एमएसपी निर्धारित किया गया था। इसका निर्धारण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी की संस्तुतियों पर आधारित था। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां गेंहू, धान और मोटे अनाज किसानों से एमएसपी पर खरीदती हैं। उनके द्वारा खरीदे अनाजों की मात्रा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत 800 मिलियन लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जाता है। वर्तमान समय में लाभार्थियों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। इसके लिए खरीद, हैंडलिंग व वितरण का पूरा खर्च सरकार सब्सिडी के माध्यम से उठाती है। नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया-नैफेड जैसी राज्य एजेंसियां भी दालें और तिलहन जैसी अन्य फसलें भी खरीदती हैं।

किसानों को सहायता देने के साथ इससे उपभोक्ताओं के लिए सुनिश्चित कीमतें बनाए रखने में सहायता मिलती है। लेकिन वे सारी फसलें नहीं खरीदी जाती हैं जिनके लिए एमएसपी की घोषणा हुई हो। एमएसपी का समर्थन किसी कानून से नहीं होता है, लेकिन अब किसान इसके लिए कानूनी गारंटी चाहते हैं। वे चाहते हैं कि यह गारंटी उन सभी 23 फसलों को मिले जिनका एमएसपी वर्तमान समय में तय किया जाता है। किसानों द्वारा इन मांगों का विस्तार सभी फसलों और यहां तक कि सारे कृषि उत्पाद के लिए किया जा सकता है।

आज अधिकांश कृषि उत्पाद निजी व्यापारियों, प्रसंस्करणकर्ताओं, एग्रीग्रेटर्स व निर्यातकों, आदि द्वारा खरीदा जाता है क्योंकि सरकारी एजेंसियां इसका एक थोड़ा हिस्सा ही खरीदती हैं। इसमें धान व गेंहू का लगभग एक तिहाई तथा अन्य फसलों का बहुत थोड़ा हिस्सा शामिल है। जब एमएसपी पर कानून बन जाएगा तो कोई भी खरीद इस न्यूनतम से कम पर नहीं हो सकेगी और लोग किसानों से खरीदने से डरेंगे। आखिर जेल जाने का जोखिम कौन मोल लेना चाहेगा? किसान चाहेंगे कि केन्द्र सरकार सभी निजी व्यापारियों को उनकी फसलें एमएसपी पर खरीदने का निर्देश दे। ऐसा आदेश लाइसेंस-परमिट राज की याद दिलाता है जो 1991 में उदारीकरण व सुधार के पहले था। स्थिति इससे भी बुरी हो सकती है। अत: यह विचार अपने आप में विनाशकारी है। निश्चित रूप से किसान खेतों में अपनी फसलें बरबाद होते नहीं देखना चाहेंगे। ऐसे में वे 'कानूनी गारंटी' की ओर संकेत करते हुए सरकार और एजेंसियों से चाहेंगे कि वे उनका सारा उत्पाद एमएसपी पर खरीद लें। यह भी लगभग असंभव है। यदि सरकार और एजेंसियां स्वयं को वर्तमान समय में तय एमएसपी वाली 23 फसलों तक ही सीमित रखना चाहें तो भी केन्द्र सरकार को कम से कम 10,00,000 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। यह ढांचागत संरचनायें बनाने पर होने वाले पूंजीगत खर्च के बराबर तथा कुल कर राजस्व का 45 प्रतित होगा। यदि वह किसानों का सारा कृषि उत्पाद खरीदने का निर्णय करे तो इसके लिए लगभग 40,00,000 करोड़ रुपये की जरूरत होगी, जबकि 2023-24 का वार्षिक बजट 45,00,000 करोड़ रुपये है।

इससे अन्य खर्चों के लिए केवल 5,00,000 करोड़ बचेंगे जिसमें रक्षा, सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, वेतन, मानदेय, ढांचागत संरचना और सब्सिडी आदि शामिल हैं। 2023-24 में केन्द्र सरकार पर बकाया ब्याज का बोझ 10,80,000 करोड़ है जो इस धनराशि के दूने से अधिक है। कृषि-निवेशों, जैसे उर्वरक, सिंचाई बीज, कर्ज, आदि की सब्सिडी पर भारी धनराशि खर्च होती है। किसान इसे भी जारी रखना चाहेंगे क्योंकि इससे उत्पादन लागत घटाने में सहायता मिलती है। लेकिन एमएसपी भुगतान के बाद कोई पैसा नहीं बचेगा और यह सहायता बंद हो जाएगी। खरीद के लिए पैसे जुटाना इस भयानक विभीषिका का केवल एक हिस्सा है। दूसरे का संबंध इतनी विशाल मात्रा में खरीद के रखरखाव का है। राज्य एजेंसियों के पास वर्तमान समय में 'सीमित' मात्रा में खरीद रखने और उसकी हैंडलिंग के लिए समुचित ढांचागत संरचना नहीं है जिसके कारण भारी बरबादी होती है। ऐसे में कल्पना ही नहीं की जा सकती है कि एजेंसियां सारा कृषि उत्पाद खरीद लेंगी। आखिर राज्य एजेंसियां इसका क्या करेंगी। वे इसे हमेशा अपने पास नहीं रख सकती हैं और देर-सवेर इस स्टाक को निजी एजेंसियां को देना होगा। उनको एमएसपी से कम दाम पर बिक्री से भारी घाटा होगा जिसमें हैंडलिंग का खर्च भी जुड़ेगा। इस नुकसान की भरपाई करदाताओं के पैसे से करनी होगे। इसके साथ ही भारत विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ के निशाने पर आ जाएगा क्योंकि निजी व्यापारियों की खरीद अंतत: अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचेगी और व्यापार विकृति का कारण बनेगी। पंजाब और हरियाणा के किसानों से ज्यादातर धान और गेंहू की खरीद के कारण इन फसलों का अत्यधिक उत्पादन होता है जो रासायनिक उर्वरकों, मृदा की गुणवत्ता खराब होने, भूमिगत जल घटने तथा गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं का कारण बना है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए फसल विविधीकरण तत्काल जरूरी है। लेकिन कानूनी गारंटी मिलने से इसमें बाधा आएगी तथा वर्तमान दुष्चक्र जारी रहेगा। उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण से भी एमएसपी की कानूनी गारंटी बहुत बुरा सपना है। निजी एजेंसियों के खरीद से बाहर होने से बाजार में भारी मात्रा में फसल न आने के कारण इसकी भारी कमी होगी तथा अनाजों की कीमतों और मुद्रास्फीति में 'असाधारण' वृद्धि होगी। ऐसे परिदृश्य में मूल्यवृद्धि रोकने के लिए कोई राजकोषीय या मौद्रिक उपाय निष्प्रभावी हो जाएगा।

किसान चाहते हैं कि सरकार डब्लूटीओ और सभी मुक्त व्यापार समझौतों-एफटीए से अलग हट जाए। परस्पर निर्भर दुनिया में भारत 'काफी सीमा तक और अपरिहार्य रूप से' विश्व व्यापार और निवेश पर निर्भर है। यह आर्थिक गतिविधियां चलाने के लिए जरूरी है। बहुपक्षीय व्यापार नियमों को देखते हुए इन वैश्विक मंचों से हटने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। 2022-23 में भारत ने 435,000 करोड़ रुपये के कृषि उत्पाद निर्यात किए थे जिससे किसानों को सहायता मिली थी। वे अधिकांशत: आयातित रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करते हैं। यदि भारत व्यापार समझौतों से अलग हट जाए तो किसानों को भारी नुकसान होगा। किसानों को खेती के लिए बिजली मुफ्त मिलती है और पंजाब के अनेक किसान खेती के नाम पर इससे मुफ्त एसी और कूलर चलाते हैं।

दुरुपयोग रोकने के लिए केन्द्र ने स्मार्ट मीटर लगाने तथा राज्य सरकार द्वारा सीधे किसानों के खातों में सब्सिडी भेजने की व्यवस्था करनी शुरू की है। लेकिन प्रदर्शनकारी केन्द्र से इन सुधारों को रोकने के लिए दबाव डाल रहे हैं। वे कर्ज माफी की मांग भी कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनको फसल अवशेष जलाने जैसी गतिविधियों के लिए जवाबदेह न ठहराया जाए। वे चाहते हैं कि खेती के कामों में 'मनरेगा' मजदूरों को लगा कर उनको न्यूनतम 700 रुपये प्रति दिन भुगतान किया जाए। इस प्रकार संक्षेप में, प्रदर्शनकारी किसान अपने लिए वे सारी चीजें चाहते हैं जिनसे राज्य का खजाना खाली हो जाएगा, अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी, मृदा स्वास्थ्य प्रभावित होगा, जलवायु सुधार के प्रयास निरर्थक हो जाएंगे। लेकिन इसके बावजूद भी गरीब, छोटे और सीमान्त किसानों को कोई लाभ नहीं होगा। आश्चर्य है कि इतनी गैर-जिम्मेदारी की बातें और मांगे करने वाले स्वयं को किसानों का प्रतिनिधि कैसे कह सकते हैं।

# गंगा स्वच्छता अभियान की बाधाओं से भरी कहानी

“ सीवेज और औद्योगिक विषाक्त पदार्थों के पानी को प्रदूषित करने के कारण, गंगा को फिर से कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता का सामना करना पड़ रहा है ”

**प्रभा गुप्ता**
(लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता हैं)



गंगा नदी, जिसे अक्सर धर्मनिष्ठ हिंदुओं द्वारा मां गंगा कहा जाता है, हिंदू संस्कृति में गहरा महत्व रखती है, पवित्र ग्रंथों के अनुसार इसकी उत्पत्ति दैवीय मानी जाती है। हालांकि, अपनी पूजनीय स्थिति के बावजूद, गंगा को एक गंभीर खतरे का सामना करना पड़ता है – प्रदूषण। यह सिर्फ एक नदी नहीं है; यह एक जीवन रेखा है, फिर भी इसका पानी बुरी तरह प्रदूषित है, जिससे लाखों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को खतरा है।

भारत की जनसंख्या विस्फोट, तेजी से शहरीकरण और औद्योगीकरण के साथ मिलकर, गंगा को विषाक्त पदार्थों, सीवेज और औद्योगिक कचरे के लिए डंपिंग ग्राउंड में बदल दिया गया है। परिणाम गंभीर हैं- पानी नहाने जैसी बुनियादी गतिविधियों के लिए भी अनुपयुक्त है, उपभोग की तो बात ही छोड़िए। स्थिति विशेष रूप से कानपुर और वाराणसी जैसे क्षेत्रों में गंभीर है, जहां मानवीय गतिविधियां सीधे तौर पर प्रदूषण के स्तर में योगदान करती हैं।

प्रदूषण का पैमाना चौंका देने वाला है, रिपोर्टों से नदी के मार्ग में गंभीर प्रदूषण का संकेत मिलता है। सीवेज उपचार सुविधाएं अपर्याप्त हैं, जिसके कारण बड़े पैमाने पर अनुपचारित कचरा गंगा में बहाया जाता है। औद्योगिक प्रदूषण इस समस्या को और बढ़ा देता है, चर्मशोधन कारखाने, डिस्टिलरी और अन्य उद्योग नदी में जहरीले प्रदूषक जोड़ते हैं। जनसंख्या के निरंतर विस्तार ने, जीवन स्तर में लगातार सुधार और तेजी से औद्योगिक और शहरी विकास के साथ मिलकर, हमारे जल संसाधनों की भेद्यता को उजागर कर दिया है, और नदियाँ इस गिरावट का खामियाजा भुगत रही हैं। अपनी पूजनीय स्थिति के बावजूद, पवित्र गंगा भी इस हमले से अछूती नहीं है। पानी की गुणवत्ता में गिरावट सीधे समुदायों को प्रभावित करती है, गंगा के कुछ हिस्सों को अब स्नान जैसी बुनियादी गतिविधियों के लिए भी अनुपयुक्त माना जाता है। वैश्विक जलवायु परिवर्तन के मंडराते खतरे, ग्लेशियरों के पिघलने से गंगा के प्रवाह पर असर पड़ना और इसके ऊपरी इलाकों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रतिकूल प्रभाव इस मुद्दे को और जटिल बना रहे हैं, ये सभी एक व्यापक और तत्काल प्रतिक्रिया की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में स्थित कानपुर इस प्रदूषण संकट का एक मार्मिक उदाहरण बनकर उभरता है। राज्य के सबसे घनी आबादी वाले शहरों में से एक होने के नाते, इसके निवासी कपड़े धोने, स्नान करने और यहां तक कि सीधे जल निकायों में शौच करने जैसी दैनिक गतिविधियों में संलग्न होते हैं, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। इसके ठीक पीछे वाराणसी है, जो गंगा प्रदूषण में एक और महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। एक विनाशकारी रिपोर्ट से पता चला कि नदी के किनारे स्थित 41 स्थानों में से 37 स्थान मध्यम से गंभीर प्रदूषण स्तर से ग्रस्त थे। आश्चर्यजनक रूप से, केवल हरिद्वार बैराज का पानी ही पीने के पानी के मानकों को पूरा करने में कामयाब रहा, जिससे यह प्रदूषण के समुद्र के बीच स्वच्छता का एक दुर्लभ प्रतीक बन गया। यह कठोर वास्तविकता गंगा के प्राचीन जल को संरक्षित और पुनर्स्थापित करने के लिए ठोस प्रयासों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

गंगा बेसिन के भीतर, आश्चर्यजनक रूप से 12,000 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) सीवेज उत्पन्न होता है, फिर भी वर्तमान उपचार क्षमता मात्र 4,000 एमएलडी है। इस स्पष्ट असमानता के परिणामस्वरूप लगभग 3,000 एमएलडी अनुपचारित सीवेज इसके किनारों पर श्रेणी के रूप में वर्गीकृत शहरों से सीधे गंगा में प्रवाहित किया जाता है। प्रयासों के बावजूद, आज तक केवल लगभग 1,000 एमएलडी उपचार क्षमता ही स्थापित की जा सकी है।

औद्योगिक क्षेत्र भी गंगा को प्रदूषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो कुल प्रदूषण मात्रा का लगभग 20 प्रतिशत है। हालांकि, औद्योगिक कचरे की विषाक्त और गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रकृति के कारण, इसका प्रभाव असंगत रूप से गंभीर है।

कोसी, रामगंगा और काली नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में डिस्टिलरीज, पेपर मिलों और चीनी मिलों के साथ-साथ कानपुर में टेनरियों ने सामूहिक रूप से प्रदूषण का बोझ बढ़ाया है, जिससे अनुमानित 600 मिलियन लोगों द्वारा निर्भर जल स्रोतों पर असर पड़ा है। प्रदूषण की निगरानी और नियंत्रण के प्रयासों के बावजूद, नदी के किनारे के अधिकांश स्थान अभी भी बुनियादी जल गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में विफल हैं।

स्थिति तत्काल कार्रवाई की मांग करती है। भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया नमामि गंगे कार्यक्रम नदी की सफाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। सीवेज उपचार सुविधाओं और सीवर लाइन निर्माण के लिए आवंटित अरबों डॉलर के साथ, इसका उद्देश्य प्रदूषण के मूल कारणों को संबोधित करना और गंगा को उसकी प्राचीन स्थिति में बहाल करना है। नमामि गंगे कार्यक्रम की सफलता प्रभावी कार्यान्वयन और प्रदूषण से निपटने के निरंतर प्रयासों पर निर्भर है। अब तक, नमामि गंगे कार्यक्रम में 328 बिलियन रुपये (3.77 बिलियन डॉलर) से अधिक खर्च किया गया है, जिसमें 170 से अधिक नई सीवेज सुविधाओं की स्थापना और लगभग 5,211 किलोमीटर सीवर लाइनें बिछाने के लिए धन आवंटित किया गया है – जो अटलांटिक महासागर को पार करने के बराबर है। यह पहल हमारे जल निकायों को शुद्ध करने के विश्वव्यापी प्रयास में एक दिलचस्प लिटमस टेस्ट के रूप में खड़ी है। वास्तव में, यदि लाखों लोगों द्वारा पवित्र मानी जाने वाली नदी को साफ करने की चुनौती दुर्जेय साबित होती है, तो अन्यत्र इसी तरह के कार्यों से निपटने की क्या संभावनाएँ बचती हैं?

गंगा सिर्फ भारत की नदी नहीं है; यह दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए आशा और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। इसकी सफाई न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का मामला है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। चूँकि दुनिया प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के परिणामों से जूझ रही है, गंगा का भाग्य हमारे ग्रह के बहुमूल्य संसाधनों की रक्षा के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता के लिए एक लिटमस टेस्ट के रूप में कार्य करता है। यदि हम गंगा को साफ़ करने में विफल रहे, तो हमें अपनी बाकी नदियों और समुद्रों के लिए क्या आशा है?

## आप की बात

### आंदोलन का असर

**दिल्ली** कूच का आह्वान करते हुए हजारों किसानों ने दिल्ली से सटे हुए राज्यों की सीमाओं पर डेरा डाल दिया। देश का हर नागरिक किसानों के मुद्दों का हल चाहता है। किसान आंदोलन का प्रतिकूल असर इन राज्यों के व्यापार, आवागमन और परिवहन व्यवस्था पर पड़ रहा है। आंदोलन प्रभावित क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर 50 प्रतिशत व्यापार कम हो चुका है, दिल्ली से अमृतसर जाने वाले हवाई जहाज का किराया सामान्य दिनों में 3000 रुपये के आसपास रहता था, पर आज वह 10000 रुपए से लेकर 15000 तक पहुंच चुका है। पंजाब के अनेक शहरों में होटल व्यापार का भारी नुकसान हुआ है एवम पर्यटन उद्योग भी गंभीर संकट में है। एक अनुमान के अनुसार आंदोलन के कारण 500 करोड़ रोज का नुकसान व्यापारिक प्रतिष्ठानों को को हो रहा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए केंद्र सरकार और किसान संगठनों को मिल कर ऐसा रास्ता निकालना चाहिए कि इन राज्यों के सामान्य जनों को परेशान न होना पड़े तथा व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलें। विपक्षी दलों को भी समझना चाहिए कि अपने चुनावी स्वार्थ के लिए किसानों को भड़काने का उनको कोई लाभ नहीं होगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को शायद किसी अन्य की तुलना में यह बात ज्यादा अच्छी तरह समझ में आ गई है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### विभाजन की राजनीति

**अंग्रेजों** ने फूट डालो राज करो की नीति के चलते जाते.जाते देश का विभाजन और भारत-पाकिस्तान बना कर मनमुटाव करवा दिया। विभाजन से हिंदू-मुस्लिम समाज में टकराव की स्थितियां पैदा हुईं जो आज भी तमाम प्रयासों के बावजूद काफी सीमा तक जारी हैं। इसके कारण कहीं-कहीं मामूली सी बात पर तनाव हो जाता है। हाल ही में हल्द्वानी और दरभंगा में हुए दंगों ने शांति नष्ट कर दी। विवादों का समाधान अदालतों के माध्यम से होना चाहिए। अगर कोई बेवजह शान्ति भंग करता है तो उसपर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि जनजीवन अस्त-व्यस्त करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। विडंबना है कि अंग्रेजों के रास्ते पर चलने वाले कुछ राजनेता और जमीनी स्तर पर उनके समर्थक व निहित स्वार्थी तत्व ऐसे उपद्रव कर अपनी राजनीति चमकाने अथवा सरकारी और जनता के संसाधनों पर जबरन अवैध कब्जा बनाए रखने का प्रयास करते हैं। शासन-प्रशासन ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता है और अदालतें अधिकांश मामलों में ऐसी कार्रवाई को उचित भी ठहराती हैं। लेकिन ऐसी विभाजनकारी मानसिकता वाले लोगों को समाज के स्तर पर अलग-थलग करने के प्रयास भी होने चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### गांधीजी के विचार

**महात्मा गांधी** ने कहा था कि भारतीयता वह विश्वास है जिसमें हमें अपनी अद्वितीयता की शक्ति मिलती है। उनके ये शब्द हमें भारतीयता की अनमोलता को समझाते हैं। भारतीयता का अर्थ है एक विशेष मनोवृत्ति और सोच का परिचय। यह ज्ञान की नहीं, बल्कि भावना की परिकल्पना और हमारे समाज की नींव है। भारतीयता को कई प्राकृतिक और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों के साथ जोड़ा जा सकता है। इसके साथ ही भारतीय इतिहास एवं संस्कृति भी महत्वपूर्ण है जो हमें अपनी भूमिका और धरोहर के प्रति जागरूक करती है। भारतीय समाज की विशेषता उसकी विविधता में निहित है जो उसे अन्य राष्ट्रों से अलग बनाती है। हमें अपने इतिहास, संस्कृति और धार्मिक विरासत को महत्वपूर्ण मान कर इसे बढ़ावा देना चाहिए। समाज के विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक और सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। हमें गांधीजी के उपदेशों को अमल में लाने का प्रयास करते हुए भारतीय समाज को उनकी विचारधारा की दिशा में अग्रसर करने का संकल्प लेना चाहिए। इससे हम विश्व को भी बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### भाजपा का आकर्षण

**लोकसभा चुनाव** की तैयारी में लगे नेताओं में दलबदल का खेल तेज हो गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के आने और अन्य के बीजेपी में आने की अटकलों से पूरा माहौल गरम हो गया है। इंडिया गठबंधन के टूटते सितारों की चमक मोदी और बीजेपी के सामने धुंधली पड़ती जा रही है। कांग्रेस के साथ ही अन्य दलों के नेताओ की बीजेपी में शामिल होने की मंशा से उथलपुथल पैदा हुई है। शायद अधिकांश नेताओं ने मान लिया है कि बीजेपी जेसी पार्टी और मोदी जैसे नेता ही देश को दुनिया में शीर्ष पर ले जा सकते है। विपक्ष अभी तक भाजपा को कोसता रहा और उस पर दोषारोपण करता रहा, लेकिन अब यथार्थ के झटकों से उसका सपना टूटता लग रहा है। भाजपा के प्रति बढ़ते आकर्षण के बहुत गंभीर निहितार्थ हैं। लगता है कि इससे भाजपा और मजबूत होगी और उन राज्यों में भी उसका परचम लहराएगा जो अब तक उसके प्रभावक्षेत्र में नहीं आए हैं। भाजपा के प्रति बढ़ता आकर्षण देश की राजनीति और राजनीतिक सोच को मूलभूत रूप से बदल रहा है। विपक्ष के जो नेता यह परिवर्तन नहीं देख रहे हैं वे विलुप्त हो सकते हैं।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**







# पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा: योगी

## मुख्यमंत्री ने चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए पीएम मोदी का जताया आभार, सभी निवेशकों का भी किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। यह भूमि भगवान श्रीराम की है, गोपेश्वर श्रीकृष्ण की है, बाबा विश्वनाथ की है, ऋषि मुनियों की कृपा भूमि है, मां गंगा, यमुना और सरयू जैसी नदियों का आशीर्वाद भी इसको प्राप्त हुआ है। यह धन्य भूमि है,पुण्य भूमि है, यह उद्यम और उद्यमता की भी भूमि है। आज उत्तर प्रदेश भारत के श्रम शक्ति पुंज को एक अर्थशक्ति पुंज के रूप में बनाने की ओर अग्रसर हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सेरेमनी के शुभारंभ व उत्तर प्रदेश आगमन के लिए प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हमने स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

सीएम योगी ने सबसे पहले अयोध्या में 5 सदी के बाद प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा और अबुधाबी में पहले हिंदु मंदिर की स्थापना के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति, परमात्मा और प्रतिभा की पुण्य भूमि उत्तर प्रदेश की जनता अपने इस चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के भव्य आयोजन पर आप सभी का स्वागत और अभिनंदन करती है। हम सभी का सौभाग्य है कि आज जब भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है तब इस ऐतिहासिक कालखंड में हम सभी इसके साक्षी और सहभागी बन पा रहे हैं। हमारा सौभाग्य है कि भारत के अमृतकाल के सारथी के रूप में हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यशस्वी मार्गदर्शन और नेतृत्व प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्च्युज है लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री के इन शब्दों को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि निवेश और औद्योगिक निवेश के बारे में भारतीय मनीषा क्या कहती आई है। आचार्य कौटिल्य ने कहा था कि आर्थिक समृद्धि के लिए तीन तत्वों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली भूमि, दूसरी जनसंख्या और तीसरी पूंजी। यह कहते हुए गौरव की अनुभूति हो रही है कि यह तीनों तत्व आज उत्तर प्रदेश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। वर्ष 2018 में जब हमने यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया थाए तब हमारी सरकार ने अपना पहला ही वर्ष पूरा किया था लेकिन ट्रांसफॉर्मेशन के उस शुरुआती चरण में भी आपने प्रदेश पर विश्वास जताया और परिणामस्वरूप 4.28 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुए थे। आप सबके सहयोग से मात्र 5 माह में यानी जुलाई 2018 में पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 61 हजार 700 करोड़ के निवेश वाली परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। जुलाई 19 में दूसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें 67 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों का शुभारंभ हुआ। कोविड कालखंड के बावजूद तीसरा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह अन्य दो संस्करणों की तुलना में और भी भव्य था, जिसमें 80 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

### यूपी में न मैनपावर की कमी है और न विलपावर का अभाव

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि उत्तर प्रदेश अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है।

उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि आज हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। उत्तर प्रदेश हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश। एक अभिनव प्रयास करते हुए हमारी सरकार ने प्रदेश में एफडीआई और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए भी एक समर्पित नीति घोषित की है। किसी भी राज्य द्वारा बड़े पैमाने पर वैश्विक निवेश को आकर्षित करने का यह अपनी तरह पहला प्रयास है। इसका लाभ आप लोग अवश्य लेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।




जीबीसी 4.0 में फिल्म सिटी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### जीबीसी-4 निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का उत्सव

**मुख्यमंत्री** ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10-12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से आप सभी परिचित हैं और उसके सहभागी रहे हैं। देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। हमारी नीतियों पर भरोसा दिखाया और उत्तर प्रदेश को अब तक 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आज इन्हीं निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का उत्सव है। आज प्रधानमंत्री के कर कमलों से 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन संपन्न होने जा रहा है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित भारत के संकल्प में एक विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। आपके सहयोग से क्रियान्वित हो रही ये परियोजनाएं न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। आज के इस जीबीसी-4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

### 26 को होगा सीएम योगी के हाथों बड़ी एम्यूनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन

**उत्तर** प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत क्रियान्वित हुई परियोजनाओं में खासतौर पर साउथ एशिया के सबसे बड़े एम्यूनिशन फैसिलिटी के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी डिफेंस व एरोस्पेस के सीनियर मैनेजर, बिजनेस डपलपमेंट वरुण दुग्गल ने कहा कि 26 फरवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस फैसिलिटी में 400 राउंड प्रति मिनट (छोटा कैलिबर) की एम्यूनिशन का उत्पादन हो सकेगा। यह अपने आप में एक ऐसा विशिष्ट प्लांट होगा, जिसका 100 एकड़ में प्रसार है। यहां बड़े स्तर पर एम्यूनिशन प्रोडक्शन फैसिलिटी का संचालन सुनिश्चित होगा तथा मीडियम व लार्ज कैलिबर राउंड्स का भी यहां बड़े स्तर पर प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त होगा। यह संयंत्र पूरी तरह ग्रीन एनर्जी बेस्ड होगा। यहां सोलर पैनल व प्लांट्स के जरिए ऊर्जा उत्पादन होगा, जिससे यह संयंत्र कार्य करेगा।

### पीएम के मार्गदर्शन व सीएम के नेतृत्व में देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपी: नंदी



**उत्तर** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जीसीबी-4 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लिए विशेष है। आज का सुबह नया सवेरा लेकर आया है। आज हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। यूपी की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन है, जो भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।

### यूपी पहचान रहा अपनी प्रतिभा और पोटेंशियल

**सीएम** योगी ने उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 और 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के नाम से लोग घबराते थे, आने से कतराते थे। आज वही यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। हमारा राज्य आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर अपनी पहचान सशक्त कर रहा है। उत्तर प्रदेश के ट्रांसफॉर्मेशन से आप सभी सुपरिचित हैं। देश का 55 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे इसी प्रदेश में है। सबसे बड़ा रेल और रोड नेटवर्क भी यहीं पर है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन भी इसी उत्तर प्रदेश में है। सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला प्रदेश भी उत्तर प्रदेश ही है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। अभी हाल ही में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए नया एक्सप्रेस बनाने का निर्णय लिया है। ये एक्सप्रेस-वे प्रदेश के कोने-कोने में मैन्युफैक्चरिंग के केंद्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर रहे हैं। हमारी तैयारी है कि अगले वर्ष की शुरुआत में जब आप प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए आएं तो गंगा एक्सप्रेसवे का सुखद अनुभव आपको प्राप्त हो सके।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अमौसी एयरपोर्ट पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**इंदिरा** गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में सोमवार को उद्घाटन के लिए लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने अमौसी एयरपोर्ट पर स्वागत भी किया। डॉ राजेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि एक साथ 14,537 परियोजनाओं का शिलान्यास भारत के किसी भी राज्य से अधिक है, उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बनने के साथ उद्यम प्रदेश के रुप में स्थापित होगा। सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का लाइव प्रसारण आशियाना स्थित आवास पर कराया। इस मौके पर राजेश्वर सिंह ने बताया कि 10.23 लाख करोड़ के निवेश से उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बनने के साथ उद्यम प्रदेश के रूप में स्थापित होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 14,537 परियोजनाओं का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा। डॉ राजेश्वर सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश और नवाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वहीं डॉ राजेश्वर सिंह ने अशोक लीलैंड द्वारा 1000 करोड़ के निवेश से स्कूटर इंडिया में होने जा रहे प्रदेश के पहले ईवी बस निर्माण संयंत्र के शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया साथ ही सरोजनीनगर की जनता को बधाई दी। राजेश्वर सिंह ने इसे सरोजनीनगर के लिए अत्यंत हर्ष, गौरव और सम्मान का क्षण बताया।

## फिल्म सिटी की छवि देख प्रसन्न हुए मोदी, योगी के प्रयासों को सराहा

### ● डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने खुद स्टाल पर पीएम और सीएम को बताई फिल्म सिटी की खूबियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंदिरा** गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के अवसर पर पीएम मोदी ने यहां प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान वो सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी के काउंटर पर भी पहुंचे और वहां उन्होंने पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी ली और संतुष्ट होने के बाद सीएम योगी द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा भी की। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी बनने जा रही है। दिग्गज बॉलीवुड डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप मिलकर इसका निर्माण करने जा रहे हैं। जब पीएम फिल्म सिटी के स्टाल पर पहुंचे तो खुद बोनी कपूर ने उन्हें फिल्म सिटी की खासियत के विषय में पूरी जानकारी दी। पीएम मोदी इस स्टाल पर 3 से 4 मिनट तक रहे। उनके साथ सीएम योगी भी मौजूद थे।

बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि पीएम मोदी ने चुनिंदा स्टाल पर ही समय दिया। इस दौरान वो फिल्म सिटी के स्टाल पर भी आए, जहां उन्हें बोनी कपूर ने फिल्म सिटी के हर पहलू के विषय में जानकारी। बोनी कपूर ने बताया की उन्होंने दुनिया भर की फिल्म सिटी का अध्ययन कर यूपी में नई फिल्म सिटी के कॉन्सेप्ट को तैयार किया है। यह फिल्म सिटी ऐसी होगी जहां फिल्ममेकर्स सिर्फ अपना आइडिया लेकर आएंगे और पूरी फिल्म बनाकर यहां से जाएंगे। बाकी सभी संसाधन उन्हें फिल्म सिटी में ही मिल जाएंगे। इस फिल्म सिटी में प्रदेश और देश ही नहीं बल्कि विदेशी लोकेशंस के भी सेट लगाए जाएंगे। पीएम मोदी इन जानकारियों से प्रसन्न नजर आए। उन्होंने सीएम योगी को ऐसा प्रोजेक्ट यूपी में लाने के लिए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई की जैसा बताया जा रहा है, फिल्म सिटी बनने के बाद यह उससे भी बेहतर होगी और यहां आने वालों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान बोनी कपूर के प्रेजेंटेशन से सीएम योगी भी खुश नजर आए। उन्होंने भी पीएम मोदी को फिल्म सिटी के बारे में ब्रीफ किया।

राजीव अरोड़ा ने बताया कि जीबीसी के लिए बनाए गए फिल्म सिटी के स्टॉल में हमने फिल्म सिटी की खूबियों को दिखाने का प्रयास किया है। फिल्म सिटी में हम थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, स्टूडियोज, गोल्फ क्लब, प्रमुख मंदिर समेत कई तरह के पर्मानेंट सेट लगाने जा रहे हैं, जिसकी प्रतिकृति इस स्टॉल पर देखने को मिलेगी।

## प्रधानमंत्री ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ विकास के रोडमैप की ली जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ग्राउंड** ब्रेकिंग सेरेमनी-4 के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्तर प्रदेश में औद्योगिक समेत विभिन्न सेक्टर्स में जारी विकास की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भी मौजूद रहे। पीएम ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर टेक्निक्स से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्रोद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थे, जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी पीएम ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफमिलिट्री व्हीकल रहा। जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था।

पर्यटन, स्वच्छ ऊर्जा आदि के बारे में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। श्रीराम मंदिर के थ्री डी रिप्लिका मॉडल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के प्रवेश द्वार की प्रतिकृति आदि की आमजन ने भी तारीफ की। यूपी में हुए मोटो जीपी रेस में लगी पांच सुपर बाइक्स को भी प्रदर्शित किया गया था। जिसमें डुकाटी, ड्यूक, यामाहा, केटीएम आदि की सुपर बाइकें शामिल थीं।

# राज्यमंत्री ने जनपदस्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### ● जनपद में 118 उद्यमों की स्थापना से 9935 लोगों को मिल सकेगा रोजगार

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफ्ल आयोजन के उपरान्त ग्राउंड ब्रेक्रिग सेरेमनी/4.0 का आयोजन किया गया। जनपद कानपुर देहात के युवाओंए महिलाओंए किसानों के समक्ष यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस आयोजन के सफ्लता पर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए सभी युवाओं, महिलाओं और अन्य नागरिकों को उद्यमशील बनाने के लिए जोर देते हुए सम्पूर्ण जनपद के साथ.साथ प्रदेश के निवासियों को भी सम्बोधित किया। सरकार का उद्देश्य है कि नवउद्यमी उभरकर सामने आये और अपना स्वयं का विकास करने के साथ.साथ प्रदेश और देश की प्रगति में अपना अहम योगदान करें।


ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को संबोधित करती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला

इस अवसर पर जनपद कानपुर देहात के ईको पार्क में प्रदेश में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेक्रिग सेरेमनी/4.0 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री जी ने कहा कि आज जनपद कानपुर देहात में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत रू0 4629.34 करोड़ की 118 उद्यमों की स्थापना का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से 9935 लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास के समस्त क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री के इस संबोधन में युवाओं के अन्दर नया उमंग और जोश भर दिया कि उत्तर प्रदेश में निवेश के नये.नये अवसर खुल रहे है, जिसमें युवाओं की प्रतिभा के साथ न केवल न्याय किया जा सकेगा, बल्कि उन्हें रोजगार के नये.नये अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे। निवेशकों के अन्दर जो उत्साह दिखायी दे रहा है, वैसा उत्साह कभी देखने को नही मिला है। यह समय नये उद्यम का है, चुनौतियॉ है पर उनसे पार पाते हुए हमने रास्ते तलाशे है उसी का परिणाम है कि आज ज्यादा से ज्यादा निवेशक यहां निवेश करना चाहते है।

आधारभूत संरचना के विकास ने निवेशकों के लिए नये दरवाजे खोले है, अब उत्तर प्रदेश में आधारभूत संरचना, संचार, उद्यम के बेहतर त्रिकोण से प्रदेश विकास की नयी इबारत लिखने को उत्सुक है। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के संजीव सम्बोधन के साथ उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा पर आधारित एक लघु फ्ल्मि को भी देखा एवं सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी आलोक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमित राठौर, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट जीएम डीआईसी मो. साउद के साथ उद्यमी बन्धु, युवा, महिलाऐं, किसान आदि उपस्थित रहे।

## प्राचार्य ने बच्चे का प्रवेश पत्र देने से साफमना किया, डीएम से शिकायत

**हमीरपुर।** स्थानीय विवेक नगर निवासी रुद्र प्रताप सिंह ने डीएम से सेठ आनंदराम जयपुरिया विद्यालय कुछेछा के प्राचार्य की शिकायत की है। आरोप है कि प्राचार्य बच्चे का प्रवेश पत्र ऐन वक्त पर देने से साफमना कर दिया है। जिससे बच्चा डिप्रेशन में आ गया है। अपने पुत्र दिव्यांश सिंह का प्रवेश तत्कालीन प्राचार्य चंद्राणी बनर्जी, तत्कालीन लेखाधिप तरुण के सामने विना प्रवेश शुल्क व वाहन फीस माफ करने की सशर्त पर कराया था। कहना है कि समय पर वह फीस जमा करते आये है वर्तमान प्रधानाचार्य संतोष अवस्थी बच्चे व बस का किराया मांग कर रही है और 21 फ्रवरी से होने वाले बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र देने से साफ मना कर दिया है। जिससे बच्चा अवसाद में आ गया है। रुद्रप्रताप सिंह का कहना है कि प्रबंध तंत्र बच्चो के साथ धोखा कर रहा है। स्थानीय अप्रशिक्षित शिक्षक रखकर शिक्षण कार्य करवा रहे है जिससे बच्चों को भविष्य अंधकार में जा रहा है।

# निवेशकों को उद्योग लगाने के लिए सभी सुविधाएं दे रही प्रदेश सरकार: साध्वी

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अंतर्गत प्रदेश में दस लाख करोड़ निवेश परियोजनाओं का धरातल पर शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ से रिमोट बटन दबाकर किया। जिसका जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में जिले की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह जैकी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, एडीएम (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, उद्यमी सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में देखा व सुना गया। समस्त विधानसभाओं में भी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित कराया गया। जिले की सांसद/केंद्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। ग्रामोद्योग, श्रम, रेशम, बैंक, मत्स्य, स्वास्थ्य, कौशल विकास, हथकरघा, फर्टिलाइजर, अटल चूल्हा, आर्गेनिक उत्पाद, उद्यान, आजीविका मिशन, पालीटेक्निक आदि प्रदर्शनी में लगाये गए स्टालों का अवलोकन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में आज से एक वर्ष पूर्व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ था जिसमे जो धरातल पर उतरकर विकास और आर्थिक दर मजबूत हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को उद्योग लगाने के लिए सभी सुविधाएं दे रही है जिससे निवेश बढ़ा है। उद्योग स्थापित करने के लिए भारत सरकार ने कौशल विकास मंत्रालय से ट्रेनिंग की सुविधा देकर रोजगार एवं उद्यमी बनने का अवसर दिया है। डबल इंजन की सरकार में जो रोजगार के लिए भटकते थे वह आज रोजगार देने वाले बन गए है। उद्योग स्थापित करने में गरीबी बाधा नहीं बनती, बस जरूरत है तो सिर्फ लगन के साथ परिश्रम करने की।



# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का सजीव प्रसारण


कार्यक्रम में मौजूद विधायक तथा अधिकारीगण।

**संडीला (हरदोई)।** ब्लाक सभागार में प्रधानमंत्री द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का सजीव प्रसारण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के समक्ष किया गया। विधायक अलका अर्कवंशी की अध्यक्षता में आयोजित विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए ग्लोबल इनवेस्टर समिट में प्राप्त निवेषों से औद्योगिक विकास के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जाने के पश्चात उनके भाषण का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकासए विश्वास और व्यापार का वातावरण बना है जिससे प्रदेश में व्यापक रोजगार के अवसर बनेंगे तथा युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। इसी अवसर पर विधायक अलका अर्कवंशी ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि वे पार्टी के विकास मॉडल और प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता के बीच में ले जाने के लिए अपनी भूमिका का निर्वाह करें। इस अवसर पर एसडीएम तान्या सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री संतोष अस्थाना, भाजपा नगर अध्यक्ष रमन नीतीश जायसवाल, अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ताए अंगूरी शंकर सिन्हा समेत अनेक प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य और सभासदगण मौजूद रहे।

# नकलविहीन परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर डीएम ने की बैठक

**संवाददाता।** बाँदा

**जिलाधिकारी** दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर/स्टेटिक/जोनल मजिस्ट्रेटों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने दिनांक 22 फ्रवरी से 09 मार्च, 2024 तक आयोजित होने वाली हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा की सभी तैयारी समय से सुनिश्चित करा ली जाए। परीक्षा प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जायेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे संचालित रहेगें। सभी परीक्षा केन्द्रों के आस.पास 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी।

परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस कर्मियों को तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को एक घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को मिश्रित सिटिंग प्लान तैयार किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को परीक्षा अवधि में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं।



उन्होंने निर्द्रेश दिये कि जनपद मुख्यालय से परीक्षा केन्द्रों तक प्रश्न पत्र पुलिस की अभिरक्षा में भेजे जायेगेंए जिनका रख.रखाव स्ट्रांग रूम में केन्द्र व्यवस्थापकए स्टेटिक मजिस्टेउ्ट तथा वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में किया जायेगा। उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये हैं कि बोर्ड द्वारा परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का भली.भांति अध्ययन कर परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न करायें। किसी भी परीक्षा केन्द्र में गडबडी पाये जाने पर सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में बताया गया कि जनपद के 64 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की जायेगीए जिसमें हाई स्कूल के 24738 एवं इण्टरमीडिएट के 19693 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए 17 सेक्टर मजिस्टेउ्टए 05 जोनल मजिस्टेउ्टए 64 स्टेटिक मजिस्टेउ्ट लगाये गये हैं। परीक्षा को नकल विहीन आयोजित किये जाने हेतु सचल दल द्वारा आकस्मिक चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उत्तर पुस्तिकाओं को सम्बन्धित संकलन केन्द्र में सकुशल जमा कराये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें फर्नीचरए पेयजलए प्रकाश तथा चेकिंग की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कक्ष निरीक्षक परीक्षा के दौरान अपने परिचय पत्र के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक श्री लक्ष्मी निवास मिश्रा ने निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्र के बाहर अनावश्यक रूप से भीड एकत्र न रहने पाये। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निगरानी रखते हुए सभी केन्द्र व्यवस्थापक सतर्कता रखते हुए परीक्षाओं को सम्पन्न करायें।

# आयोजन: कलेक्ट्रेट में हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की लाइव स्ट्रीमिंग



**लखीमपुर खीरी।** जिले में औद्योगिक विकास अब तेजी से होगा। जिले में 1078.33 करोड़ रुपये की 43 इकाइयां अब धरातल पर उतरने को तैयार हैं। सोमवार को जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी चौथे संस्करण का भव्य आगाज हुआ। इससे जिले के विकास को नई रफ्तार मिलने के साथ ही रोजगार के अवसरों का नया कीर्तिमान भी बनेगा। कार्यक्रम का सफ्ल संयोजन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनपदीय जीबीसी का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्माए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंहए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अन्य जनप्रतिनिधियों संग दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में अफ्सरों ने निवेशक उद्यमियों को पुष्प देकर और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। एलईडी स्क्रीन से बड़ी संख्या में निवेशक व प्रगतिशील उद्यमीए जनप्रतिनिधियोंए अफ्सरों ने कार्यक्रम एव पीएम नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखाए सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि उप्र में निवेश तथा निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ में पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। इन औद्योगिक इकाइयों के स्थापित से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और युवाओं को लाभ मिलेगा। यूपी सरकार प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से सभी निवेशक उद्यमी भाइयों को शुभकामनाएं दी। कहा कि आज का दिन उद्यमियों का दिन है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी आगे बढ़ेगा। डीएम ने कहा कि फ्रवरी.2023 में आयोजित इन्वेस्टर मीट के फ्लस्वरूप जनपद के अन्तर्गत लगभग 80 से अधिक परियोजनाओं में 2200 करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआए जिसके सापेक्ष अद्यतन 1078ण्33 करोड़ की 43 परियोजनाएं ग्राउण्ड ब्रेकिंग (जीबीसी) के लिए तैयार है। जिनमें से 10 करोड़ से ऊपर निवेश करने वाली 13 परियोजनाएं 973.77 लखनऊ में प्रतिभाग कर रही है। साथ ही 10 करोड़ से कम लागत की 30 परियोजनाएं 99.56 करोड़ की जनपद स्तर पर प्रतिभाग कर रही है। कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियोंए निवेशक और प्रगतिशील उद्यमियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।निवेशक उद्यमियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, कार्यक्रम संयोजक उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, बीजेपी महामंत्री रामजी मौर्य, जिला मंत्री रामजी दीक्षित, उमेश शुक्ला, डीईओ राजवीर सिंह, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, एआरसीएस रजनीश कुमार सहित सभी 30 निवेशक उद्यमी, प्रगतिशील उद्यमी मौजूद रहे। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी / 4.0 के उद्घाटन समारोह पर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम के अवसर पर ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

### ● निवेश के महाकुंभ में खीरी की 43 औद्योगिक विकास परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला

### ● पीएम ने किया औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

## ट्रक की टक्कर से पति की हुई मौत पत्नी गंभीर

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गेडुरी गांव निवासी जगजीत का 45 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र अपनी 42 वर्षीय पत्नी रेखा देवी की बाइक पर सवार कर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव एक रिश्तेदार की मिट्टी में शामिल होने जा रहा था जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के असनी मोड़ के समीप पहुंची तभी तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया जिसमें बाइक चालक पति राजेन्द्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सरकारीएंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज मृतक के शव को अग्रिम कार्रवाई कर रही है। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफ्र कर दिया।

# जस्ट डायल एप से फर्जी खातों में रुपया ट्रांसफर करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** पुलिस नें 'जस्ट डायल एप' से फर्जी खातों में पैसा ट्रांसफ्र कराने वाले गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार किये हैं। आरोपियों के पास से फर्जीबाड़ा से संबंधित सामान भी बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष कादरी गेट विनोद कुमार शुक्ला, एसओजी प्रभारी अमित गंगवार व सर्विलांस प्रभारी विशेष कुमार की टीम नें संयुक्त रूप से आरोपी वरुण उर्फ सुबोध मिश्रा पुत्र वेद प्रकाश मिश्रा निवासी बालाजीपुरम कादरी गेट, संजय मिश्रा उर्फ छोटू पुत्र बाल कृष्ण मिश्रा व संदीप मिश्रा उर्फ पिंटू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी अम्बेडकर नगर नरकसा व रजत पुत्र हरीओम यादव निवासी मोहल्ला मेमरान रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 9 मोबाइल, 9 एटीएम कार्ड, 2 पेन कार्ड , एक चालक लाइसेंस, 2 सिम कार्ड, 134 वर्क स्क्रीन शार्ट के साथ नमूना मोहर व एक कार बरामद की। पकड़े गये आरोपियों नें पुलिस को बताया कि चारो लोग मिलकर मोबाइल पर जस्ट डायल एप पर ट्रांसफोर्ट के लिए डील करते थे । उसको कप्यूटर के माध्यम से फर्जी कूटरचित दस्तावेज को एप व व्हाट्सएप के माध्यम से दिखाकर फर्जी खुलवाये खाते में पैसा डलवाते थे। जिसके एटीएम आरोपियों के पास ही रहते थे।

# सरकारी तालाब की भूमि पर दबंग कर रहे अवैध कब्जा

### ● कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद हो रहा निर्माण कार्य

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के कस्बा समधन नगर पंचायत के मोहल्ला अशफाक उल्लाह खान नगर में तालाब की सरकारी जमीन के आंशिक भाग पर दबंग लोगों द्वारा निर्माण कार्य कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। पंचायत प्रशासन के दखल एवं न्यायालय में चल रहे मुकदमे के आधार पर पुलिस द्वारा निर्माण कार्य रुकवाने के कुछ समय बाद लेखपाल की हठधर्मिता के चलते दबंगों द्वारा पुन: निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

बताते चलें कि रविवार को नगर पंचायत कर्मी द्वारा प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया गया था जिस पर पुलिस द्वारा अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया। लेकिन सोमवार को दबंगों द्वारा फ्रि से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।


अबैध निर्माण कार्य पर विरोध करते पंचायत कर्मी।

वहीं पंचायत प्रशासन द्वारा भी अवैध कब्जा कर रहे लोगों को नोटिस भेज कर अवैध निर्माण कार्य पर भी नोटिस चस्पा किए जाने के बाबजूद भी दबंगों द्वारा धड़ल्ले से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं पूरे मामले में लेखपाल की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही है।

क्षेत्रीय लेखपाल अपना कार्य करने के बजाय अवैध कब्जेदारों का सहयोग कर नगर पंचायत के विरुद्ध रिपोर्ट लगाकर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे रहा है। पंचायत कर्मी ने लेखपाल व अन्य उच्चाधिकारियो की सांठ-गांठ से नगर पंचायत की सरकारी तालावी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जो कि सरकार एवं नगर हित में नहीं है तथा उक्त सरकारी तालावी भूमि पर नक्शा दुरिस्तकरण का वाद न्यायालय जिलाधिकारी कन्नौज में विचाराधीन है।

# चोरी हुये माल प्लास्टिक दाना लगभग 15,65,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त डीसीएम बरामदगी

**कानपुर देहात।** घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रनियाँ पर दिनांक 16.02.2024 को मुअसं 37/2024 धारा 380 भादवि बनाम आनन्द पुत्र चन्द्रभूषण यादव सुमित कुमार सिंह पुत्र जवाहर सिंह व अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना के क्रम में साक्ष्य के आधार पर प्रकाश में आये 08 नफ्र अभियुक्तगण में से थाना रनियाँ पुलिस द्वारा अभियुक्तगण आनन्द यादव उर्फ भूरा पुत्र चन्द्रभूषण यादव निवासी ग्राम ह्रदयपुर थाना गजनेर कानपुर देहात सुमित यादव पुत्र जबाहर सिंह निवासी भगवंतपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर रोहित यादव उर्फसिंघम उर्फऋषभ पुत्र सुरेश निवासी ग्राम ह्रदयपुर थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात वीरबहादुर यादव उर्फ मन्टू यादव पुत्र स्व. पृथ्वीराज निवासी ह्रदयपुर थाना गजनेर कानपुर देहात अंकित गुप्ता पुत्र प्रदीप गुप्ता निवासी ओ ब्लाक किदवईनगर थाना जूही जनपद कानपुर नगर को मय चोरी किये गये माल प्लास्टिक दाना कीमत लगभग 15,65,000 के साथ किदवई नगर कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 457, 411, 414, 120बी भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है। घटना में शेष संलिप्त अभियक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में प्रयुक्त डीसीएम को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आनन्द यादव उर्फ भूरा पुत्र चन्द्रभूषण यादव निवासी ग्राम ह्रदयपुर थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात ने पूछने पर बताया कि साहब मैने व सुमित यादव पुत्र जबाहर सिंह निवासी भगवंतपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर व रोहित यादव उर्फ सिंघम उर्फ ऋषभ पुत्र सुरेश निवासी ग्राम ह्रदयपुर थाना गजनेर कानपुर देहात व वीरबहादुर यादव उर्फ मन्टू यादव पुत्र स्व0 पृथ्वीराज तथा शिवम सोनकर पुत्र चन्द्रशेखर निवासी बिरहिमपुर थाना गजनेर कानपुर देहात वए अमित सिंह चौहान निवासी लोहारी थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात के साथ मिलकर वासुमेट प्लास्ट फैक्ट्री रनियां की गोदाम से ताला तोड़कर प्लास्टिक दाना 530 बोरी चोरी करके डीसीएम मे लादकर ले गये थे।



## कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**फ्तेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के दिमांगरपुर मजरे रामपुर थरियांव निवासी 55 वर्षीय किसान शिवदास लोधी पुत्र स्व सुंदर लोधी ने सुबह अपने कमरे के छत के कुंडे में फांसी लगाकर जान दे दिया। पत्नी राजकली ने बताया कि बड़ी लड़की सुनैना की शादी के लिए वर्ष 2018 में भारतीय स्टेट बैंक थरियांव से किसान क्रेडिट कार्ड पर 300000 का कर्ज लिया था। पांच साल पूरे हो गए थे कर्ज वापस नहीं कर पाए थे। वही छोटी लड़की की शादी करने का वक्त आ गया था। जिसके कारण पति रोजाना परेशान रहते थे। पत्नी ने बताया कि घर में रोजाना यही कहते थे कि अब छोटी लड़की की शादी कैसे करेंगे पैसा तो है नहीं और बैंक के लोग रोजाना आकर पैसा जमा करने के लिए कहते रहते है। मृतक किसान अपने लड़के की भी शादी कर दी थी और लड़का मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। पिता के कर्ज को लड़का अदा करने के लिए तैयार नहीं था। जिससे किसान ने परेशान होकर फांसी लगाकर जान दे दी।

# सांसद ने 114 किसानों को दी अनुदानित डीजल पंपसेट की सौगात, खिले चेहरे

### ● डीजल पंप सेट किसानों की आय बढ़ाने में मददगार साबित होगा: रेखा अरुण

**लखीमपुर खीरी।** कृषकों की कृषि भूमि कि सिंचन क्षमता में वृद्धि कर कृषि उत्पादकता बढ़ाने हेतु उथलेए मध्यम गहरे एवं गहरे नलकूप का निर्माण करने के उद्देश्य संचालित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा ने ब्लॉक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख मोहम्मदी महेंद्र बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख बेहजम प्रतिनिधि राम शंकर राज, सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) रामेश्वर सिंह संग संसदीय क्षेत्र धौरहरा के विभिन्न ब्लॉकों के 114 कृषकों को पूर्व निर्मित (2015.16 से) उथले नलकूपों के लिए अनुदानित डीजल पंपसेट का प्रमाण.पत्र और अनुदानित डीजल पम्पसेट प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रेखा अरूण वर्मा ने कृषकों की आय दो गुना करने हेतु विभिन्न प्रकार की कृषकों को दी जा रही सहायता से अवगत कराया तथा कृषको का आह्वाहन किया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओ का लाभ प्राप्त करे तथा किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अवगत कराये योजनाओ का लाभ लेने हेतु कृषको को स्वयं जागरूक होना चाहियेए जिससे समय से एवं अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें ।



कृषकों को अवगत कराया कि उनकी आय दोगुना करने के लिए किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के अतिरिक्त खाद्य.बीज परए किसान सम्मान एवं किसान क्रेडिट कार्ड आदि विभिन्न योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार किसानो के हित को लेकर पूरी तरह समर्पित है किसान हित ही सर्वोपरि है। जिन किसान भाइयों को अनुदानित डीजल पम्पसेट प्रदान किया गयाए वह बधाई के पात्र हैं। यह डीजल पंप सेट उनकी आय बढ़ाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने अन्य किसानों को भी प्रेरित किया कि वह योजना में आवेदन करके इसका लाभ प्राप्त करें।

सहायक अभियन्ता रामेश्वर सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुये विभाग में संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से कृषकों को बताया कि लघु एवं सीमान्त कृषकों को उथले नलकूप गहराई अधिकतम 30 मी0 होती है का लाभ दिया जा रहा है जिसके अन्तर्गत लघु कृषक को अधिकतम रूण् 11000 काए सीमान्त कृषक को अधिकतम रू0 15400 एवं अनुसूचित जाति ध् जनजाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों को अधिकतम रू. 19800 का अनुदान देकर उथले नलकूप का लाभ दिया जाता है। इसी प्रकार मध्यम गहरे नलकूप जिसकी गहराई 30.60 मी तक होती है का लाभ सभी श्रेणी के कृषक प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत नलकूप पर रूण् 1.75 लाख विद्युतीकरण पर रूण् 0.68 लाख एवं जल वितरण प्रणाली पर रू. 0.14 लाख का अधिकतम अनुदान अथवा लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। गहरे नलकूप योजना के अन्तर्गत 60 मी. से अधिक गहराई के नलकूप का लाभ सभी श्रेणी के कृषक प्राप्त कर सकते हैं जिसमें नलकूप पर रू. 2.65 लाख, विद्युतीकरण पर रू. 0.68 लाख व जल वितरण प्रणाली पर रू. 0.14 लाख का अधिकतम अनुदान अथवा लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल में नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में सीबीआई करेगी जांच

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से एक नाबालिग लड़की के कथित अपहरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है जिसमें सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर एजेंसी कार्वाई कर रही है जहां 14 वर्षीय लड़की के माता-पिता ने एक याचिका में आरोप लगाया था कि उनकी बेटी नौ अगस्त, 2023 को शाम छह बजे पढ़ाई करने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। माता-पिता ने कहा कि स्थानीय पुलिस जांच करने में आनाकानी कर रही थी लेकिन काफी आग्रह के बाद उसने मामला दर्ज कर लिया पर इस मामले में ज्यादा प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने बीते वर्ष 17 अगस्त को राज्य के अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) की मानव तस्करी रोधी इकाई में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अधिकारियों के अनुसार, उच्च न्यायालय ने गत वर्ष आठ फरवरी को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। उच्च न्यायालय ने लड़की के माता-पिता के आरोपों का हवाला देते हुए कहा, दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था लेकिन जांच वैधानिक अवधि के भीतर समाप्त नहीं हुई। इस कारण सह-अभियुक्तों को वैधानिक जमानत मिल गई। इस बीच बदमाश याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों को धमकी दे रहे थे। माता-पिता का आरोप है कि बदमाशों का एक समूह उनके घर आया था जहां उन्होंने उन पर कुछ पैसे लेने के बाद मामले को निपटाने का दबाव डाला गया। उन्होंने माता-पिता को यह भी बताया कि उनकी बेटी को बेच दिया गया है। उच्च न्यायालय ने कहाकि सूचना पर, यह प्रस्तुत किया गया है कि जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और वैधानिक जमानत दी गई। वे सत्ताधारी सरकार के राजनीतिक पदाधिकारी हैं और कुछ राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों के बहुत करीब हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य की पुलिस द्वारा की गई जांच में ढिलाई और कमियां स्पष्ट रूप से दिखीं।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि का दौरा करने की अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को उत्तर 24 परगना में संदेशखालि का दौरा करने की सोमवार को अनुमति दे दी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कुछ नेताओं द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किए जाने और जमीन हड़पने के खिलाफ संदेशखालि में पिछले कुछ दिनों से विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। अदालत ने भाजपा नेता को अपनी यात्रा के मार्ग की जानकारी आज शाम तक राज्य सरकार को मुहैया करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति कौशिक चंद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता को निर्देश दिया कि दौरे पर वह कोई भड़काऊ भाषण नहीं देंगे और अशांत इलाके में कानून व्यवस्था की समस्या पैदा नहीं करेंगे। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि नंदीग्राम से भाजपा विधायक अधिकारी को संदेशखालि के दौरे के दौरान पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए। टीएमसी के दो नेताओं, उत्तर 24 परगना जिला परिषद सदस्य शिव प्रसाद हाजरा और पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी उत्तम सरदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ सामूहिक बलात्कार और हत्या की कोशिश के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने उच्च न्यायालय का रुख कर संदेशखालि का दौरा करने और कथित प्रताड़ना के पीड़ितों से मिलने की अनुमति मांगी थी।

## चंद्रशेखरन हत्याकांड : केरल उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के सजा के फैसले को बरकरार रखा

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने 2012 के टी.पी. चंद्रशेखरन हत्या मामले में दोषियों की सजा को सोमवार को बरकरार रखा। इसने दोषियों की उस अपील को भी खारिज कर दिया, जिसमें निचली अदालत द्वारा उन्हें सजा सुनाए जाने के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति ए. के. जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागथ की खंडपीठ ने चार मई, 2012 को ओंचियाम में रिवोल्यूशनरी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपी) के नेता चंद्रशेखरन की हत्या से संबंधित मामले में निचली अदालत द्वारा दो आरोपियों को बरी करने के फैसले को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय ने आरोपियों को दोषी ठहराए जाने के फैसले की पुष्टि की और अनूप, मनोज उर्फ किरमानी मनोज, एन.के. सुनील कुमार उर्फ कोडी सुनी, टी.के. राजेश, के.के. मोहम्मद शफी, एस. सिजित, के. शिनोज, के.सी. रामचंद्रन, मनोजन और कुन्हानंदन की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने यह भी कहा कि इन अपीलों के लंबित रहने के दौरान कुन्हानंदन की मृत्यु हो गई थी। कोझिकोड अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने 2014 में 11 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और एक अन्य आरोपी लंबू प्रदीप को तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी।

## तमिलनाडु का बजट सामाजिक न्याय पर आधारितः स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य के बजट की सोमवार को सराहना करते हुए इसे सामाजिक न्याय पर आधारित ऐसा बजट बताया, जो सभी वर्गों के लोगों को समान न्याय और धन के उचित आवंटन की व्यवस्था करता है। स्टालिन ने द्रविड़ मॉडल की सभी के लिए सब कुछ योजना के तहत महिला कल्याण एवं सामाजिक न्याय को शामिल करने वाले 7 भव्य तमिल सपने को रेखांकित करते हुए कहा कि बजट में विकास के हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, बजट आम तौर पर वित्त के आधार पर तैयार किया जाता है। यह बजट न्याय के आधार पर तैयार किया जाता है और सामाजिक न्याय इसकी धुरी है। राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि न्याय पर आधारित इस बजट का आधार समान, निष्पक्ष वित्त पोषण है, जिसने तमिलनाडु का तेजी से विकास सुनिश्चित किया है। तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना बजट पेश किया। इसमें 49,000 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व घाटे का अनुमान लगाते हुए कई नई घोषणाएं की गई हैं। वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने अपना पहला बजट पेश किया जो 7 भव्य तमिल सपने पर आधारित है।

# हिंदू पक्ष की भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच की गुहार पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**भाषा।** इंदौर




**ऐतिहासिक** धार शहर की भोजशाला को वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर बताने वाले हिंदू पक्ष ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से सोमवार को गुहार की कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इस विवादित परिसर की समयबद्ध वैज्ञानिक जांच के निर्देश दिए जाएं। उच्च न्यायालय ने सभी संबंधित पक्षों की दलीलें सुनकर इस गुहार पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा ने भोजशाला मसले में याचिका दायर करने वाले सामाजिक संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर सभी संबंधित पक्षों के तर्क सुने और भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच की गुहार पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस आवेदन पर उच्च न्यायालय में बहस के दौरान हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से कहा गया कि एएसआई के निदेशक को निर्देश दिए जाने चाहिए कि वह करीब 1,000 साल पुराने भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच अथवा सर्वेक्षण अथवा खुदाई अथवा ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वेक्षण समयबद्ध तरीके से कराएं और इसकी रिपोर्ट अदालत के सामने पेश करें। भोजशाला के सरस्वती मंदिर होने के अपने दावे के समर्थन में हिंदू पक्ष ने उच्च न्यायालय के सामने इस परिसर की रंगीन तस्वीरें भी पेश की हैं। भोजशाला, केंद्र सरकार के अधीन एएसआई का संरक्षित स्मारक है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 के आदेश के अनुसार चली आ रही व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्एक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। एएसआई के करीब 21 साल पुराने आदेश को चुनौती देते हुएै हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिसै की ओर से अदालत में कहा गया कि यह फरमान भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच के बगैर जारी किया गया था और नियम-कायदों के मुताबिक किसी भी मंदिर में नमाज अदा किए जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। एएसआई की ओर से उच्च न्यायालय में बहस के दौरान कहा गया कि उसने 1902 और 1903 में भोजशाला परिसर की स्थिति का जायजा लिया था और इस परिसर की वैज्ञानिक जांच की मौजूदा गुहार को लेकर उसे कोई भी आपत्ति नहीं है। मुस्लिम समुदाय भोजशाला परिसर को कमाल मौला की मस्जिद बताता है। इस मस्जिद से जुड़ी मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी ने एएसआई के हाथों भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच कराने की मांग संबंधी हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की अर्जी पर आपत्ति जताई। सोसायटी की ओर से उच्च न्यायालय में कहा गया कि भोजशाला विवाद को लेकर एक रिट अपील उच्च न्यायालय की जबलपुर स्थित प्रधान पीठ में पहले से लंबित है और एएसआई का सात अप्रैल 2003 का आदेश अब भी कानूनी रूप से वजूद में है।उच्च न्यायालय ने कहा कि भोजशाला मसले को लेकर जबलपुर स्थित प्रधान पीठ में लम्बित मुकदमे का सार उसके सामने जल्द से जल्द प्रस्तुत किया जाए।

कर्नाटक: विहिप ने हिंदू धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी करने की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन किया: मंगलुरु, 19 फरवरी (भाषा) विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सेंट गेरोसा स्कूल की एक शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को यहां घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने कक्षा में पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की भी मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने कक्षा में रवींद्रनाथ टैगोर की कविता कार्य ही पूजा है पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने उन्हें जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए विहिप नेता शिवानंद ने मांग की कि पुलिस धर्म परिवर्तन के प्रयास के आरोप में शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज करे। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

## अदालत की निगरानी में जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

### संदेशखालि हिंसा मामला

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा, दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है। पीठ ने कहा कि यह मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने पर विचार कर सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्य में हालात इतने खराब हैं कि सीबीआई को भी चुनाव बाद हिंसा के मामलों की सुनवाई पश्चिम बंगाल के बाहर करने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। पीठ ने कहा, हम पीड़ितों के प्रति आपकी उत्सुकता और सहानुभूति को समझते हैं, लेकिन इस अदालत द्वारा जांच की निगरानी पूरी तरह से अलग बात है।

## ममता सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने संदेशखालि में कुछ शिकायतकर्ता महिलाओं के बयान पर सवाल उठाने के लिए सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने (ममता) बेहद घटिया टिप्पणी की है और अब उन्हें सत्ता से बाहर करने का समय आ गया है। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा कि संदेशखालि में महिलाएं स्वयं ही विरोध कर रही हैं और इसमें कोई राजनीति नहीं थी क्योंकि उनकी पार्टी ने केवल पीड़ित महिलाओं की रक्षा करने और उनकी आवाज उठाने की कोशिश की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि संदेशखालि में महिलाओं के साथ जो हुआ वह इराक और पाकिस्तान जैसे देशों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचार को दर्शाता है। चटर्जी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख को मुख्यमंत्री बनर्जी द्वारा बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा, यही कारण है कि पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है जबकि शेख के कुछ सहयोगियों को पकड़ लिया गया है। शेख महिलाओं के यौन उत्पीड़न और भूमि हड़पने की शिकायतों में मुख्य आरोपी है। भाजपा सांसद ने कहा, उसे फांसी दी जानी चाहिए। वह मौत की सजा से कम का हकदार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में हिंदू महिलाओं को निशाना बनाया गया। मुस्लिम मतदाताओं के स्पष्ट संदर्भ में चटर्जी ने कहा कि आरोपियों को प्रशासन ने पनाह दी क्योंकि टीएमसी को 30 प्रतिशत वोटों की परवाह है। कुछ महिलाओं के बयानों पर सवाल उठाने वाले मुख्यमंत्री के दावे के बारे में पूछे जाने पर चटर्जी ने कहा, वह जो कह रही हैं वह बहुत घटिया है। वे स्वयं ही विरोध-प्रदर्शन कर रही हैं। यह पश्चिम बंगाल को बचाने और ममता बनर्जी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय है। बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि संदेशखालि में एक घटना कराई गई थी और उन्होंने इसके लिए भाजपा पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और मीडिया के साथ मिलकर साजिश रचने का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने यह भी कहा कि संदेशखालि में एक भी महिला ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई है और उन्होंने ही पुलिस को इस संबंध में स्वत: संज्ञान मामला शुरू करने का निर्देश दिया था। चटर्जी ने आरोप लगाया कि कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई क्योंकि स्थानीय प्रशासन आरोपियों के साथ मिला हुआ था और टीएमसी सदस्यों की तरह काम कर रहा था। उन्होंने दावा किया कि देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री द्वारा शासित राज्य में महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं।

## उच्चतम न्यायालय ने पांच बंद आश्रय गृहों की स्थिति पर डीयूएसआईबी से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) को पांच बंद आश्रय गृहों की स्थिति पर तस्वीर के साथ एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। डीयूएसआईबी ने बेघर लोगों के लिए बने इन आश्रय गृहों को उनकी जीर्ण-शीर्ण स्थिति के कारण कथित तौर पर बंद कर दिया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने डीयूएसआईबी के वकील से इन आश्रय गृहों की स्थिति के बारे में दो सप्ताह के भीतर एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा। यह निर्देश तब आया जब वकील प्रशांत भूषण ने शीर्ष अदालत को बताया कि डीयूएसआईबी ने दांडी पार्क के पास पांच आश्रय गृहों को बंद कर दिया है, जिससे बेघर लोगों को सर्दियों में सड़कों पर रहना पड़ रहा है। प्रशांत भूषण ने कहा, पिछले साल 28 मार्च के अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में शहरी बेघरों के लिए बने आश्रय गृहों को बिना उसकी अनुमति के तोड़ने पर रोक लगा दी थी, लेकिन आदेश के बावजूद डीयूएसआईबी ने अब आश्रय घरों पर ताला लगा दिया है और लोग सड़क पर रहने के लिए मजबूर हैं। यह अदालत के आदेश की अवमानना है। यहां एक से दो लाख लोग बेघर हैं, जबकि इसकी तुलना में आश्रय गृह 20 प्रतिशत भी नहीं हैं।

## ऋण धोखाधड़ी मामले में चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी सत्ता का दुरुपयोगः उच्च न्यायालय



**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को सत्ता का दुरुपयोग करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी बिना सोचे समझे और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एन. आर. बोरकर की खंडपीठ ने छह फरवरी को कोचर की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया था और जनवरी 2023 में एक अन्य पीठ द्वारा उन्हें जमानत देने के अंतरिम आदेश की पुष्टि की थी। सोमवार को उपलब्ध कराए गए आदेश के अनुसार, अदालत ने कहा कि सीबीआई उन परिस्थितियों या सहायक तथ्यों के अस्तित्व को प्रदर्शित करने में असमर्थ रही है, जिसके आधार पर गिरफ्तारी का निर्णय लिया गया था। इसमें कहा गया है कि इन परिस्थितियों और तथ्यों की अनुपलब्धता गिरफ्तारी को अवैध बना देती है। अदालत ने कहा, सोच विचार किए बिना और कानून का उचित सम्मान किए बिना इस तरह की नियमित गिरफ्तारी शक्ति का दुरुपयोग है। अदालत ने जांच एजेंसी की इस दलील को भी मानने से इनकार कर दिया कि गिरफ्तारी इसलिए की गई, क्योंकि कोचर जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे और कहा कि आरोपियों को पूछताछ के दौरान चुप रहने का अधिकार है। आदेश में कहा गया है, चुप रहने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20(3) से निकलता है, जो आरोपी को आत्म-दोषारोपण के खिलाफ अधिकार देता है। यह कहना पर्याप्त है कि चुप रहने के अधिकार के इस्तेमाल को जांच में असहयोग के रूप में नहीं देखा जा सकता। वीडियोकॉन-आईसीआईसीआई बैंक ऋण मामले में सीबीआई ने 23 दिसंबर, 2022 को कोचर दंपती को गिरफ्तार किया था। उन्होंने तुरंत गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया और इसे गैर-कानूनी घोषित करने की मांग की तथा अंतरिम आदेश के माध्यम से जमानत पर रिहा करने की मांग की। अदालत ने नौ जनवरी, 2023 को एक अंतरिम आदेश जारी करके कोचर दंपती को जमानत दे दी। पीठ ने छह फरवरी के आदेश में कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए को नियमित गिरफ्तारी से बचने के लिए लागू किया गया था।

## पेज 1 का शेष

### विपरीत...

डायनिंग टेबल (खाने की मेज पर) पर कोई न कोई भारत का बना सामान जरूर हो। प्रधानमंत्री ने काशी की चर्चा करते हुए कहा कि वहां का सांसद होने के नाते वह काशी के लकड़ी के खिलौनों को हमेशा आगे बढ़ाते हैं। भारत में खिलौना कारोबार की बहुत समृद्ध परंपरा रही है। इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई उद्योगपति, शीर्ष वैश्विक और भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि और राजदूत भी शामिल हुए।

वहीं संभल में मोदी ने कहा, आज एक ओर हमारे तीर्थो का विकास हो रहा हैं, तो दूसरी ओर शहरों में हाईटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है। आज अगर मंदिर बन रहे हैं तो देश भर में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। आज विदेशों से हमारी प्राचीन मूर्तियां भी वापस लाई जा रही हैं और रिकॉर्ड संख्या में विदेशी निवेश भी आ रहा हैं। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि समय का चक्र घूम चुका हैं। एक नया दौर आज हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। यह समय है कि हम उस आगमन का दिल खोलकर स्वागत करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी सहजता, शताब्दी का यह संकल्प केवल एक अभिलाषा भर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा संकल्प है जिसे हमारी संस्कृति ने हर कालखंड में जी कर दिखाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर इशारों ही इशारों में हमला बोला। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, अच्छा हुआ कुछ दिया नहीं, वरना जमाना ऐसा बदल गया है कि आज के युग में अगर सुदामा श्रीकृष्ण को पोटली में चावल देते तो वीडियो निकालकर उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर दी जाती और जजमेंट आता कि भगवान कृष्ण को भ्रष्टाचार में कुछ दिया गया और भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे थे। अच्छा है प्रमोद जी आपने भावना प्रकट की कुछ दिया नहीं। उन्होंने कहा, पिछले माह ही देश ने अयोध्या में 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। रामलला के विराजमान होने का वो अलौकिक अनुभव, वो दिव्य अनुभूति अब भी हमें भावुक कर जाती है। इसी बीच हम देश से सैकड़ों किमी दूर अरब की धरती पर, अबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को निखरते देखा है। इसी कालखंड में हम काशी का कायाकल्प होते देख रहे हैं। इसी दौर में महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी हैं। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास भी, विरासत भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम देश में जो सांस्कृतिक पुनरोदय देख रहे हैं, आज अपनी पहचान पर गर्व और उसकी स्थापना का जो आत्मविश्वास देख रहे हैं, वो प्रेरणा हमें छत्रपति शिवाजी महाराज से ही मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज पहली बार भारत उस मुकाम पर है, जहां हम अनुसरण नहीं कर रहे, उदाहरण पेश कर रहे हैं। आज पहली बार भारत को प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावनाओं के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। उन्होंने कहा, आज हमारी शक्ति भी अनंत है और हमारे लिए संभावनाएं भी अपार हैं। पहली बार भारत का नागरिक, चाहे वह दुनिया के किसी भी देश में हो, अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है। देश में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का यह लबरेज है। उन्होंने कहा, हम पहली बार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जैसे बड़े मुकाम पर पहुंचे हैं। हम चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। पहली बार भारत में वंदेभारत और नमोभारत जैसी आधुनिक ट्रेन दौड़ रही हैं। देश में बुलेट ट्रेन शुरू करने की तैयारी है। पहली बार आधुनिक राजमार्ग, एक्सप्रेसवे का इतना बड़ा नेटवर्क हैं। मोदी ने कहा, आज हमें भारत में उसी विराट चेतना के दर्शन हो रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। इस भावना के साथ हर देशवासी एक भाव और एक संकल्प से राष्ट्र के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने सरकार के किए गए विकास कार्यो का जिक्र करते हुए कहा, पिछले दस वर्षों में कार्यों के विस्तार को देखिए, चार करोड़ से ज्यादा लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर, 11 करोड़ परिवारों के लिए शौचालय यानी इज्जतघर, ढाई करोड़ परिवारों को घर में बिजली, दस करोड़ से अधिक परिवारों को पानी के कनेक्शन, 80 करोड़ लोगो को मुफ्त राशन, दस करोड़ महिलाओं को कम कीमत पर गैस सिलेंडर, 50 करोड़ लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए आयुष्मान कार्ड, दस करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, कोरोना काल में हर देशवासी को नि:शुल्क वैक्सीन मिली। आज पूरी दुनिया में भारत के इन कामों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा, देश में यह काम इसलिए हो सकें क्योंकि सरकार के इन प्रयासों से देशवासियों का सामर्थ्य जुड़ गया। आज लोग सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गरीबों की मदद कर रहे हैं। गरीब की सेवा का यह भाव समाज को नर में नारायण की प्रेरणा देने वाले हमारे आध्यात्मिक मूल्यों से मिली है। भारत जब भी बड़े संकल्प लेता है उसके मार्गदर्शन के लिए ईश्वरीय चेतना किसी न किसी रूप में हमारे बीच जरूर आती है। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कल्कि धाम पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम भी उपस्थित रहे।

### केंद्र के...

उन्होंने 'आउट-ऑफ़-द-बॉक्स सोच' के बाद किसानों को प्रस्ताव दिया। किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने कहा कि एमएसपी पर कानून, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें और ऋण माफी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। केंद्र के प्रस्ताव पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा, 'हम 19-20 फरवरी को अपने मंचों पर चर्चा करेंगे और इस बारे में विशेषज्ञों की राय लेंगे और उसके अनुसार निर्णय लेंगे।' एक गुट के नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा, 'उस समय तक हरियाणा प्रवेश बिंदुओं पर स्थित शंभू और खनौरी सीमाओं पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन होगा। दिल्ली जाने का हमारा निर्णय स्टैंडबाय पर है। 21 फरवरी को सुबह 11 बजे हम शांतिपूर्वक आगे बढ़ेंगे. तब तक हम केंद्र के सामने अपनी बात रखने की कोशिश करेंगे।' इस बीच, दिल्ली-हरियाणा सीमा और हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही।गोयल ने कृषि क्षेत्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का भी जिक्र किया और कहा कि 2014 से 2024 तक केंद्र ने एमएसपी पर 18 लाख करोड़ रुपये की फसलें खरीदीं, जबकि 2004 से 2014 के बीच केवल 5.50 लाख करोड़ रुपये की फसलें खरीदी गईं। गोयल ने कहा, 'एनसीसीएफ (राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ) और नाफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ) जैसी सहकारी समितियां उन किसानों के साथ अनुबंध करेंगी जो अरहर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल या मक्का उगाते हैं। अगले पांच वर्षों तक उनकी फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा, 'मात्रा (खरीदी) पर कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जाएगा।' मंत्री ने कहा, इससे पंजाब की खेती बचेगी, भूजल स्तर में सुधार होगा और भूमि को बंजर होने से बचाया जाएगा जो पहले से ही तनाव में है। किसानों ने बताया कि वे मक्के की फसल में विविधता लाना चाहते हैं, लेकिन कीमतें एमएसपी से नीचे जाने पर होने वाले नुकसान से बचना चाहते हैं। किसानों के साथ एक और बैठक की संभावना पर गोयल ने कहा कि अगर वे सोमवार को कोई निर्णय लेते हैं तो सरकार उसी तर्ज पर चर्चा करने के लिए आगे बढ़ेगी, जैसा कि उन्होंने किसानों से अपना विरोध बंद करने का आग्रह किया था। हालाँकि, उन्होंने रेखांकित किया कि किसानों की अन्य माँगें 'गहरी और नीति-आधारित' थीं और गहन चर्चा के बिना समाधान निकालना संभव नहीं था। उन्होंने कहा, 'चुनाव आ रहे हैं और नई सरकार बनेगी...ऐसे मुद्दों पर चर्चा जारी रहेगी।' कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दलहन का उत्पादन 2015-16 में 163.20 लाख टन से बढ़कर 2022-23 में 260.6 लाख टन और इसी अवधि के दौरान तिलहन का उत्पादन 252.50 लाख टन से बढ़कर 409.97 लाख टन हो गया है। इसके अलावा, दालों का आयात 2015-16 में 58 लाख टन से घटकर 2022-23 में 24.96 लाख टन हो गया है। इसके अलावा, सरकार ने 2021-22 में ऑयल पाम के लिए एक अलग मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (ऑयल पाम) भी लॉन्च किया है। मिशन ऑयल पाम वृक्षारोपण के तहत 6.5 लाख हेक्टेयर का अतिरिक्त क्षेत्र लाएगा, जिसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों में 3.28 लाख हेक्टेयर और शेष भारत में 3.22 लाख हेक्टेयर क्षेत्र शामिल होगा, जिसका कुल परिव्यय रु. 2021-22 से 2025-26 तक अगले 5 वर्षों में 11,040 करोड़।

### चंडीगढ़.....

शीर्ष अदालत ने 5 फरवरी को मेयर का चुनाव कराने वाले रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विरूपित किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि उनका कृत्य 'हत्या' के समान है। लोकतंत्र का 'मजाक'। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन को अधिकारी और रिकॉर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया।

# कांग्रेस और कमलनाथ ने अटकलों पर विराम लगाने को कोशिश की

● न्याय यात्रा में शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पार्टी से रिश्ता तोड़कर भाजपा में जाने संबंधी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में पहुंचने के बाद इसमें शामिल होंगे। दूसरी तरफ, कमलनाथ ने भी इन अटकलों पर विराम लगाने का प्रयास किया और अपने करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा के माध्यम से यह संदेश दिया कि वह पार्टी छोड़कर नहीं जा रहे हैं तथा उनके पुत्र नकुलनाथ एक बार फिर से छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने दावा किया कि कमलनाथ को लेकर जो अटकलें और दुष्प्रचार हैं, वे सब भाजपा का किया धरा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कमलनाथ जी हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। जो भी अटकलें चल रही हैं, ए सब भाजपा और मीडिया के एक हिस्से द्वारा फैलाया गया दुष्प्रचार है।

सिंह के अनुसार, कमलनाथ जी से मेरी कल (रविवार) भी बात हुई, परसों (शनिवार) भी बात हुई थी। उनसे चर्चा हुई कि यात्रा में किस तरह से तैयारियां करनी हैं। कल (मंगलवार) मैं भोपाल जा रहा हूं, सांसद, विधायकों और नेताओं के साथ बैठक होगी। बैठक में कमलनाथ जी भी शामिल होंगे। उनके सुझाव के हिसाब से यात्रा चलेगी...कमलनाथ जी यात्रा में प्रमुख रूप से भाग लेंगे। उन्होंने कमलनाथ या उनके पुत्र नकुलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों से संबंधित सवाल पर कहा, ए सारी अफवाहें हैं। भाजपा का सबसे बड़ा काम यही है कि वह गलत सूचना और दुष्प्रचार फैलाती है।

सिंह ने कहा कि कमलनाथ यात्रा की तैयारियों में भाग ले रहे हैं। उनका यह भी कहना था कि नकुलनाथ भी यात्रा का हिस्सा बनेंगे। यह यात्रा मार्च



महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उधर, कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुलनाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे।

कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने कहा कि उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक, कमलनाथ ने उनसे कहा, मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा, यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं?

नकुलनाथ से जुड़े सवाल पर वर्मा ने कहा, नकुलनाथ लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वह कांग्रेस के टिकट पर ही लड़ेंगे और जीतकर आएंगे। नकुलनाथ वर्तमान में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं। यहां से कमलनाथ नौ बार सांसद रहे हैं। गत शनिवार को मध्य प्रदेश से दिल्ली पहुंचे कमलनाथ ने पत्रकारों से कहा था कि वे अति उत्साहित न हों और अगर कुछ होता है वह खुद जानकारी देंगे। पिछले कुछ दिनों से कमलनाथ और नकुलनाथ के कांग्रेस छोड़ने को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। इन अटकलों को शनिवार को उस वक्त बल मिला जब नकुलनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने परिचय से कांग्रेस हटा दिया।

# आने वाले महीनों में नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से



गोयल

2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी और जल्दी ही इसमें कमी आएगी। भले ही ब्याज दर में यह कमी अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में हो या फिर उसके बाद वाली दूसरी मौद्रिक नीति समीक्षा में।

यदि रिजर्व बैंक रेपो दर में कटौती करता है, तो कंपनियों और व्यक्तियों दोनों के लिए कर्ज लेने की लागत कम हो जाएगी और फलत: ईएमआई (कर्ज की मासिक किस्त) कम होगी। केंद्रीय बैंक ने आठ फरवरी को लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा था। आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा पांच अप्रैल को होगी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल जनवरी में 5.1 प्रतिशत पर थी, जो एक साल पहले समान महीने में 6.52 प्रतिशत के स्तर पर थी।

थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में तीन महीने के निचले स्तर 0.27 प्रतिशत रही। मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम में कमी से थोक महंगाई दर कम हुई है। गोयल ने 19 लातिनी और कैरेबियाई देशों के 35 पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार का 2047 तक 30,000 अरब डॉलर से 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है जो अभी 3,700 अरब डॉलर है।

# सरकार ने पूर्व आपदा चेतावनी प्रणाली विकसित करके लाखों लोगों की जान बचाई: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुपक्षीय आपदा प्रबंधन योजना लागू की है और इसके तहत सरकार ने त्वरित कार्वाई बल स्थापित करने के साथ ही पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की है जिससे लाखों लोगों की जान बचाने में मदद मिली। शाह ने कहा कि एक आपदा रोधी देश के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ने आपदाओं के प्रति भारत की प्रतिक्रिया में शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपनाया है और अब आपदा प्रतिक्रिया दल हर व्यक्ति को सुरक्षित करने के लक्ष्य से प्रेरित होकर पूरी तरह से पेशेवर बल के रूप में काम करते हैं।

शाह ने एक्स पर आपदा रोधी भारत हैशटैग के साथ पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक बहुपक्षीय आपदा प्रबंधन योजना लागू की है। इस दृष्टिकोण के तहत मोदी



सरकार ने त्वरित प्रतिक्रिया बल स्थापित किए और सतर्क पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की जिससे लाखों लोगों की जान बचाई गई। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार के मिशन जीरो कैजुअल्टी (हताहतों की संख्या शून्य रखने का अभियान) के कारण बिपरजॉय जैसा विनाशकारी चक्रवात आने पर भी किसी की जान नहीं गई। यह चक्रवात पिछले साल जून में गुजरात में आया था।

# असम पुलिस ने कांग्रेस विधायक, गुवाहाटी में पार्टी नेता को समन जारी किया

● न्याय यात्रा के दौरान झड़प

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने पिछले महीने राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के गुवाहाटी में प्रवेश करने के दौरान हुई झड़प के संबंध में पूछताछ के लिए कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन सिकदर और पार्टी के एक अन्य नेता को समन जारी किया है। असम पुलिस के अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने सिकदर और कांग्रेस की गुवाहाटी शहर इकाई के महासचिव रमन कुमार शर्मा को समन जारी किया है और उन्हें 23 फरवरी को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, मामले की जांच अभी जारी है। हमने सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 41ए के तहत दो लोगों को नोटिस जारी किए हैं। हम मामले में अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रहे हैं। इस मामले संबंधी प्राथमिकी में गांधी के अलावा के सी वेणुगोपाल, जितेंद्र सिंह, जयराम रमेश, श्रीनिवास बीवी, कन्हैया कुमार, गौरव गोगोई, भूपेन कुमार बोरा, देबब्रत सैकिया समेत कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी नामजद किया गया है।

गांधी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 23 जनवरी को पुलिस के अवरोधक तोड़ दिए थे। ए अवरोधक यात्रा के मुख्य गुवाहाटी शहर में प्रवेश करने का प्रयास करने की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की चेतावनी के बाद लगाए गए थे। पार्टी कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए थे जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मामूली लाठीचार्ज किया था, लेकिन वे अवरोधकों को तोड़े जाने से नहीं बचा सके थे। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी और पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गए थे।

बहरहाल, अवरोधकों को हटाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता आगे नहीं बढ़े और राहुल गांधी ने कहा कि वे अवरोधक तोड़ सकते हैं, लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे और वे गुवाहाटी में एनएच-27 पर स्वीकृत मार्ग से आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने इस घटना को नक्सली शैली का कदम करार दिया था और पुलिस को मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। गुवाहाटी पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए हिंसा के अनुचित कृत्यों के आरोप में गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी, मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग का भी प्रभार है। उन्होंने बाद में घोषणा की थी कि मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा जिसके बाद इसे सीआईडी को सौंप दिया गया था।

# जनरल वीके सिंह ने कहा किसान आंदोलन सिर्फ पंजाब से चल रहा

**बागपत (उप्र)।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे किसानों के आंदोलन पर केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह ने कहा है कि किसान आंदोलन सिर्फ पंजाब से चल रहा है। यहां पुरा महादेव मंदिर पर सोमवार सुबह भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के बाद मीडिया से बातचीत में सिंह ने कहा , किसान आंदोलन पंजाब से चल रहा है। पहले से ही 22 फसलों पर एमएसपी लागू है और किसानों की मांग के अनुसार एकदम से एमएसपी लागू करना संभव भी नहीं है। इसके लिए समय चाहिए। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के साथ है और किसानों की खुशहाली के लिए काम कर रही है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सरकार विकास के लिए जो कुछ कहती है, वह पक्का पूरा करती है।

## क्विक न्यूज

### पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपए तक की सीमा तय

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने छोटी कर मांगो को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा केतहत प्रति करदाता एकलाख रुपए तककी सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण मे आकलन वर्ष 2010-11 तक25,000 रुपए और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक10,000 रुपए तककी बकाया प्रत्यक्ष कर मांगो को वापस लेने की घोषणा की। इसमे शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपए है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट मे की गई घोषणा को अमल मे लाने केलिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश मे कहा है कि31 जनवरी, 2024 तकआयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगो को माफ करने को लेकर प्रति करदाता केलिए एकलाख रुपए की अधिकतम सीमा तय की गई है। एकलाख रुपए की सीमा मे कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम केटीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानो केतहत कर कटौती करने वालो कर संग्राहको केखिलाफकी गई मांगो पर यह छूट लागू नही होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया केभागीदार मनीष बावा ने कहा किनिर्देश यह स्पष्ट करता है कियह छूट करदाताओ को क्रेडिट या रिफंड केकिसी भी दावे का अधिकार नही देता है। इसकेअतिरिक्त, छूट करदाता के खिलाफचल रही, नियोजित या संभावित आपराधिककानूनी कार्यवाही को प्रभावित नही करेगी और किसी भी कानून केतहत कोई प्रतिरक्षा प्रदान नही करती है। सीतारमण ने बजट भाषण मे कहा था, बड़ी संख्या मे कई छोटी-छोटी प्रत्यक्ष कर मांग बही-खातो मे लंबित है। उनमे से कई मांग वर्ष 1962 से भी पुरानी है। इससे ईमानदार करदाताओ को परेशानी होती है और रिफंड को लेकर समस्या होती है।

### भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी की स्थिति में जमानत देने में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है किअदालतो को ऐसे मामले मे आरोपी को नियमित जमानत देने मे जल्दबाजी नही करनी चाहिए, जिसमे भारी मात्रा मे मादकपदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिकइतिहास हो। मद्रास उच्च न्यायालय केउस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमे 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एकमामले मे आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा किआरोपी का आपराधिकइतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलो मे दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश मे कहा, इतनी भारी मात्रा मे मादकपदार्थ की बरामदगी के मामले मे, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतो को आरोपी को नियमित जमानत देने मे धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिकइतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय केजनवरी 2022 केआदेश केखिलाफतमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, एनडीपीएस अधिनियम केतहत दर्ज मामले मे आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

### अदिति डे को मिलेगा घनश्यामदास बिड़ला पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भौतिकशास्त्र वैज्ञानिक अदिति सेन डे को क्वांटम सूचना एवं संगणना केक्षेत्र मे किए गए कार्य केलिए वर्ष 2023 का घनश्यामदास बिड़ला पुरस्कार दिए जाने की सोमवार को घोषणा की गई। यह पुरस्कार देने वाले केके बिड़ला फाउंडेशन ने यहां जारी एकबयान में यह जानकारी दी। 1991 में शुरूकिया गया घनश्यामदास बिड़ला पुरस्कार देश मे रहकर अनुसंधान कर रहे 50 वर्ष या इससे कम आयु के वैज्ञानिको की प्रतिभा को सम्मानित करने केलिए दिया जाता है। प्रोफेसर डे का चयन भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी केप्रमुख प्रोफेसर आशुतोष शर्मा की अगुवाई वाले बोर्ड ने किया है। एकअक्टूबर 1974 को कोलकाता मे जन्मी प्रोफेसर डे को पुरस्कार स्वरूप पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। वह 2009 से प्रयागराज स्थित हरीश-चंद्र अनुसंधान संस्थान केभौतिकी विभाग मे प्रोफेसर केपद पर कार्यरत है। डे ने क्वांटम गणना, क्वांटम संचार, क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, मैनी-बॉडी क्वांटम प्रणाली और क्वांटम सूचना विज्ञान इंटरफेस पर शोध कार्य किया है तथा उनके100 से अधिकशोध लेख पत्रिकाओ मे प्रकाशित हो चुकेहै। वह 2018 मे शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली महिला भौतिकी वैज्ञानिकहै तथा 2022 मे उन्हे भारतीय विज्ञान अकादमी तथा भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी का फैलो का चुना गया था।

### अपहृत असम के मजदूरों का पता लगाने केलिए अभियान जारी

**तिनसुकिया (असम)।** अरुणाचल प्रदेश में उग्रवादियो द्वारा कथित तौर पर अगवा किए गए असम के तीन मजदूरो का पता लगाने के प्रयास जारी है। पुलिस ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। तिनसुकिया पुलिस ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले की फेब्रू बस्ती से संदिग्ध उग्रवादियो ने रविवार को खदान में काम करने वाले कम से कम तीन मजदूरो का कथित तौर पर अपहरण कर लिया था।

# लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना उपप्रमुख का पदभार ग्रहण किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**लेफ्टिनेंट** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को लेफ्टिनेंट जनरल एम. वी. सुचिन्द्र कुमार की जगह सेना के उपप्रमुख का पदभार ग्रहण किया। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी इससे पहले नॉर्थन आर्मी कमांडर के पद पर कार्यरत थे। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार को उधमपुर स्थित नॉर्थन कमांड का जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग नियुक्त किया गया है। मौजूदा सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। उनके बाद सेना प्रमुख बनने की दौड़ में लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सबसे आगे हैं। अपनी नई जिम्मेदारी संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

# गोवा के गांव में शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तनाव

**पणजी।** गोवा में मडगांव कस्बे के समीप एक गांव में कुछ लोगों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने और दूसरे समूह द्वारा आपत्ति जताए जाने से इलाके में तनाव फैल गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती के अवसर पर राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारी ने बताया कि रविवार को साओ जोस डी एरियाल गांव में शिवाजी महाराज की एक आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसके बाद दो समूहों के बीच विवाद हुआ।

पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनीता सावंत ने बताया, हालात काबू में हैं और गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। गोवा के समाज कल्याण मंत्री सुभाष फलदेसाई ने रविवार को गांव का दौरा करने के बाद कहा कि प्रतिमा एक निजी भूमि पर स्थापित की गई थी और स्थानीय पंचायत से सभी तरह की अनुमति लेकर उपजिलाधिकारी को सूचित किया गया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। कुछ राजनीतिक ताकतें स्थानीय लोगों को प्रतिमा की स्थापना के खिलाफ भड़का रही हैं।

भाजपा के स्थानीय नेता सेवियो रोड्रिग्स ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एक भारतीय ईसाई होने के नाते मेरे मन में हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए छत्रपति शिवाजी के योगदान के प्रति बेहद सम्मान है। मुझे निराशा है कि गोवा में कुछ लोग सांप्रदायिक राजनीति करने के मकसद से, हमारी मातृभूमि की रक्षा में शिवाजी के बलिदान को कमतर आंकते हैं। रोड्रिग्स ने कहा कि शिवाजी एक कट्टर राष्ट्रवादी थे और उनके अदम्य साहस तथा भारत माता के प्रति समर्पण के कारण हर भारतीय को उनसे प्रेरित होना चाहिए।

# नेशनल कांफ्रेंस ने अनुच्छेद 370 से संबंधित दावे के लिए आजाद की आलोचना की

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद पर यह दावा करने के लिए सोमवार को निशाना साधा कि संविधान का अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले पार्टी के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला के साथ विचार-विमर्श किया गया था। नेशनल कांफ्रेंस ने कहा कि आजाद आधारहीन और विवेकहीन आरोप लगाकर बहुत निचले स्तर तक गिर गए हैं। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि राजनीतिक हल्के में बने रहने के लिए आजाद ने इतने निचले स्तर का बयान दिया है। उनके जैसे नेता को ए बातें नहीं करनी चाहिए, जिन्हें वह खुद गपशप कहते हैं।

आजाद ने एक निजी टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में दावा किया है कि नेशनल कांफ्रेंस के नेता रात 11 बजे के बाद दिल्ली में नेताओं से मिलने का समय मांगते हैं, जिससे लोगों के मन में संदेह पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में दिल्ली में एक चर्चा थी कि फारूक और उमर अब्दुल्ला को पहले से पता था कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया जाएगा। आजाद ने कहा कि उन्होंने सुना था कि फारूक और उमर अब्दुल्ला को उनकी इच्छा के अनुसार हिरासत में लिया गया था।

साक्षात्कार का प्रसारण सोमवार को किया गया। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस हमेशा धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी रही है, खड़ी रहेगी और अब समय आ गया है कि आजाद कांग्रेस से अलग होने व जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का असली कारण बताएं। फारूक ने कहा, उन्हें वास्तव में स्पष्ट करना होगा कि वह किस तरफ हैं। वह राज्यसभा का सदस्य नहीं रहने के बाद भी हर लाभ का आनंद ले रहे हैं। सवाल यह है कि कैसे?

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने कई अन्य नेताओं के साथ, जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने के केंद्र सरकार के पांच अगस्त, 2019 के फैसले से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक की थी। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, हमें जो भी करना होता है, दिन के उजाले में करते हैं। रात में समय क्यों मांगे... ? उन्होंने आजाद के बयान को बचकाना और हास्यास्पद बताया। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा एक्स पर लिखा, वाह भई वाह गुलाम नबी आजाद, आज बहुत गुस्सा हैं। वह गुलाम कहां है जो 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट पर जीत हासिल करने के लिए हमसे भीख मांग रहा था? उन्होंने लिखा, (आप कह रहे हैं कि) अब्दुल्ला 370 के बारे में जानते थे, फिर भी हमें जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत आठ महीने से अधिक समय के लिए हिरासत में रखा गया और आप आजाद थे।

# केंद्र ने लद्दाख के प्रतिनिधिमंडल से राज्य का दर्जा देने समेत अन्य मांगों पर की बातचीत

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रशासित** प्रदेश लद्दाख के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने काफी उंचाई पर स्थित इस क्षेत्र को राज्य का दर्जा देने, दो लोकसभा सीट के सृजन और पूरे क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची के तहत लाने सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए सोमवार को यहां सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल ने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) से मुलाकात की।

विचार-विमर्श से जुड़े एक सूत्र ने अधिक जानकारी दिए बिना कहा, बैठक में लद्दाख के प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल की मांगों में लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, दो लोकसभा सीट (एक कारगिल के लिए और एक लेह के लिए) का सृजन, केंद्र शासित प्रदेश के निवासियों के लिए रोजगार के अवसर और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा शामिल है। लद्दाख में फिलहाल केवल एक लोकसभा क्षेत्र है। लद्दाख में कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है और पहले यह पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को पांच अगस्त, 2019 को निरस्त कर दिया गया था और तत्कालीन राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के रूप में दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था।

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर को विधानसभा वाला केंद्र शासित प्रदेश और लद्दाख को बिना विधानसभा वाला केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लद्दाख से चार प्रतिनिधि थे। भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने पिछले साल दिसंबर में लद्दाख के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि वह केंद्रशासित प्रदेश के तेजी से विकास और क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह आश्वासन लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के साथ हुई बैठक में दिया गया। गृह मंत्रालय ने राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए एचपीसी का गठन किया है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और रणनीतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की अनूठी संस्कृति और भाषा की रक्षा के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा करना है।

# कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री मालवीया ने भाजपा का दामन थामा

**जयपुर।** राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं फिर भी पार्टी ने उन्हें कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य तक बनाया।

पूर्व सांसद एवं बागीदौरा सीट से लगातार चार बार के विधायक मालवीया जयपुर में भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे जहां पार्टी के राजस्थान मामलों के प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी और अन्य नेताओं ने उनका पार्टी में स्वागत किया। मालवीया ने कहा कि वह वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। दक्षिण राजस्थान के आदिवासी बहुल इलाके को वागड़ कहा जाता है जिसमें बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिले शामिल हैं।

मालवीया ने कहा, हिंदुस्तान क्या था और आज वह क्या बन गया। यह काम कोई कर सकता है तो भाजपा की नीतियां एवं प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैंने देखा कि अगर मुझे अपने इलाके का विकास करना है तो भाजपा के अलावा और कोई आदिवासी अंचल में काम करने वाला नहीं है। मालवीया ने कहा कि वह कल दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मिले थे और पार्टी की राष्ट्रीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन से प्रभावित हुए थे।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया तो बहुत लोगों को ठेस लगी। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, पूरी निष्ठा के साथ मैं भाजपा पार्टी में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र राजनीति में वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे। उन्होंने पिछले साल नवंबर में मानगढ़ धाम का दौरा करने और गुमनाम आदिवासी नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की भी प्रशंसा की। मालवीया ने मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की भी मांग उठाई।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की नीति से प्रभावित होकर मालवीया भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मालवीया ने कहा कि विकास के मुद्दे पर भाजपा में शामिल हुए हैं। क्या उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कोई आश्वासन दिया गया है, यह पूछे जाने पर मालवीया ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह अब कांग्रेस के विधायक नहीं रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मालवीय बिना शर्त पार्टी में शामिल हुए हैं। बाद में मालवीया ने विधानसभा सचिवालय में अपना इस्तीफा विधानसभा सचिव को सौंप दिया। विधानसभा के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मालवीया के भाजपा में जाने से कोई असर नहीं होगा। उन्होंने मीडिया से कहा, मैं समझता हूं कि ऐसे आचरण के व्यक्ति के जाने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा, पार्टी और मजबूत होगी। नया नेतृत्व तैयार होगा और कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतेगी।

डोटासरा ने यह भी आरोप लगाया कि गत दो विधानसभा चुनावों में मालवीया का आचरण संदिग्ध रहा और उनके खिलाफ पार्टी के बाकी उम्मीदवारों को हरवाने के लिए काम करने की शिकायतें मिली थीं। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मालवीया का जनाधार वहां खत्म हो चुका है। आने वाले समय में वह न सांसद, न विधायक और न ही जिला प्रमुख बन पाएंगे।

मालवीया पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, वह बार बार कांग्रेस को नुकसान करने काम कर रहे थे फिर भी पार्टी ने उनको माफ कर सीडब्ल्यूसी का सदस्य बनाया। तब उन्होंने कहा था कि कांग्रेस मेरी मां है और कांग्रेस पार्टी के साथ कभी गद्दारी नहीं करूंगा। लेकिन मैं समझता हूं कि अपने अस्तित्व को बचाने की कुचेष्टा में वह आज भाजपा में शामिल हुए हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी राम मंदिर का विरोध नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने कभी नहीं कहा कि कोई व्यक्ति अयोध्या में राम मंदिर में नहीं जाएगा। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राम मंदिर बना है। मालवीया दिसंबर 2008 से लेकर अब तक लगातार चौथी बार कांग्रेस के विधायक हैं। वह अशोक गहलोत की अगुवाई वाली दो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों में अलग अलग कार्यकाल के लिए मंत्री रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024



# जीते निर्दलीय सुन्नी इत्तेहाद में होंगे शामिल

## इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने अपने पिछले फैसले से पलटते हुए कहा

भाषा। इस्लामाबाद



**जेल में** बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ(पीटीआई) ने अपने पिछले फैसले से पलटते हुए सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दक्षिणपंथी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पार्टी ने पहले फैसला किया था कि नेशनल असेंबली और पंजाब प्रांतीय असेंबली के निर्वाचित सदस्य शिया पार्टी मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) में शामिल होंगे, जबकि खैबर-पख्तूनख्वा के निर्वाचित सदस्य कट्टरपंथी सुन्नी धार्मिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा, नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, हमारे उम्मीदवारों ने अपने-अपने हलफनामे हमारे पास जमा कर दिए हैं और उनकी सहमति से आज हम घोषणा कर रहे हैं कि पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल हो रहे हैं।

आठ फरवरी को हुए चुनाव के नतीजों की अधिसूचना के बाद जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को तीन दिन में एक पार्टी में शामिल होना था।गौहर ने यह भी कहा कि पीटीआई ने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के साथ एक औपचारिक समझौतो किया है। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में सर्वाधिक सीट जीती हैं, लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे आठ फरवरी के चुनाव परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी। खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेराफेरी की न्यायिक जांच करने की मांग की थी।

### जनादेश का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री पद पर पीएमएल-एन के फॉर्मूले को अस्वीकार किया

कराची। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी व पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी के बीच प्रधानमंत्री पद को लेकर हुए सत्ता साझेदारी फार्मूले को अस्वीकार कर दिया है और कहा है कि वह जनादेश के बिना शीर्ष पद नही लेना चाहते। पाकिस्तान के 35 वर्षीय पूर्व विदेश मंत्री बिलावल पीपीपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए नेशनल असेंबली के चुनावों में बिलावल की पार्टी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही थी जबकि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटें और नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 75 सीटों पर जीत हासिल की थी।सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी को 266 सदस्ईय नेशनल असेंबली में 133 सीटों पर जीत हासिल करनी थी। हालांकि इस बार 265 सीटों पर चुनाव लड़ा गया था। पीपीपी और पीएमएल-एन ने चुनाव के बाद गठबंधन बनाया था और दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच कई बैठकों के बावजूद सत्ता-साझा करने के फॉर्मूले पर आम सहमति नही बन पाई।सिंध प्रांत में पीपीपी की जीत का जश्न मनाने के लिए थट्टा में एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा, मुझसे (पीएमएल-एन) ने कहा था कि हमें तीन साल के लिए प्रधानमंत्री बनने दें और फिर शेष दो वर्षों के लिए आप प्रधानमंत्री पद ले सकते हैं। उन्होंने कहा, मैने उन्हें मना कर दिया। मैंने कहा कि मै इस तरह से प्रधानमंत्री नही बनना चाहता। बिलावल ने कहा, मै प्रधानमंत्री तभी बनूंगा जब पाकिस्तान के लोगो मुझे चुनेंगे। बिना किसी का नाम लिए बिलावल ने कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि वह सरकार में कोई मंत्रालय नही मांगेगी। बिलावल ने यह भी कहा कि उनके पिता आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए पीपीपी के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी राजनीतिक तनाव को कम करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।उन्होंने कहा, देश में फैली आग पर काबू पाने के लिए हमने फैसला किया है कि राष्ट्रपति चुनाव में आसिफ अली जरदारी हमारे उम्मीदवार होंगे।



# पापुआ न्यू गिनी में जनजातीय हिंसा में 26 लोगों की जान गई

**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी में दो संघर्षरत जनजातियों के बीच गोलीबारी में कम से कम 26 लड़ाके और अपुष्ट संख्या में वहां खड़े लोग मारे गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। रॉयल पापुआ न्यू गिनी कांस्टेबुलरी के कार्यवाहक अधीक्षक जॉर्ज काकस ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) को बताया कि दक्षिण प्रशांत राष्ट्र के सुदूरवर्ती ईंगा प्रांत में रविवार को एक जनजाति के सदस्य, उनके सहयोगी और भाड़े पर लड़नेवाले सैनिक पड़ोस के एक जनजाति समुदाय के लोगों पर हमला करने के लिए जा रहे थे कि तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया।पुलिस आयुक्त डेविड मैनिंग ने बाद में घटना को दो संघर्षरत जनजातियों के बीच गोलीबारी करार दिया। मैनिंग ने बताया कि अपुष्ट संख्या में गांववाले भी मारे गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस बल को घटनास्थल पर भेज दिया गया है।मैनिंग ने एबीसी को बताया, इस वक्त हम स्पष्ट रूप से नहीं कह सकते कि संघर्ष किस हद तक पहुंच चुका है। लेकिन सबसे जरूरी चीज संघर्ष क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बनाना और नियंत्रण हासिल कर इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए काम करना है। काकस ने शुरू में 53 लोगों के मारे जाने की सूचना दी थी लेकिन बाद में सुरक्षा बलों ने मृतकों की संख्या 26 बताई।काकस ने बताया कि घटनास्थल, सड़कों और नदी के किनारे से शवों को बरामद कर पुलिस के ट्रकों के जरिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मी अब भी गोली लगे, घायलों और झाड़ियों की ओर भागे लोगों की तलाश में जुटे हैं।वहीं ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उनकी सरकार पापुआ न्यू गिनी की सहायता करने के लिए तैयार है। पापुआ न्यू गिनी, ऑस्ट्रेलिया का निकटतम पड़ोसी है और सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई विदेशी सहायता प्राप्त करने वाला देश है।अल्बनीज ने कहा, पापुआ न्यू गिनी से जो खबर आई है, वह बहुत परेशान करने वाली है।

### फिलिपीन के सैनिकों की मुस्लिम आतंकवादियों से झड़प में आठ लोगों की मौत

कैगायन डी ओरो (फिलिपीन। फिलिपीन के सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए। ब्राउनर ने मारे गए और घायल सैनिकों को न्याय दिलाने का संकल्प लिया है। उन्होंने सैनिकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा, मैं उनके परिवारों और फिलीपीन के प्रत्एक नागरिक को आश्वासन देता हूं कि न्याय मिलेगा और दुश्मन को पकड़ने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। ब्राउनर ने कहा, हमारे सैनिक इस काम को पूरा करने और स्थानीय उग्रवादी समूहों को हमेशा के लिए खत्म करने के अभियान को पूरा करने के लिए प्रेरित हैं। सेना ने तीन दिसंबर को हुए बम विस्फोट के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद सैन्य हमलों की एक श्रृंखला में दौला इस्लामिया के 18 उग्रवादियों को मार डाला जिसमें कथित तौर पर इसके नेता भी शामिल हैं। मरावी स्टेट यूनिवर्सिटी में कैथोलिक सभा के दौरान हुए बम धमाके में चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि अन्य 50 लोग घायल हो गए थे।

# इजराइल-हमास युद्ध में 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत: गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय

रफह (गाजा पट्टी) ।गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था। नवंबर में हुए एक सप्ताह के संघर्ष विराम के दौरान हमास ने 100 से अधिक बंधकों को रिहा किया था, जिसके बदले इजराइल ने 240 फलस्तीनियों को छोड़ा था। 130 बंधक अब भी चरमपंथियों के कब्जे में है, जिनमें एक चौथाई की मौत होने की आशंका है।

**पाकिस्तान के पंजाब विश्वविद्यालय में संगीत कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों पर पथराव:** लाहौर, 19 फरवरी (भाषा) पाकिस्तान के लाहौर में पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय के एक कर्मचारी ने सोमवार को बताया, एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था,।

# हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

दुबई। लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

## जापान ने यूक्रेन पुनर्निर्माण सम्मेलन की मेजबानी कर समर्थन का वादा किया

तोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने यूक्रेन के पुनर्निर्माण में देश की दीर्घकालिक भागीदारी का सोमवार को संकल्प व्यक्त किया और इसे भविष्य का निवेश करार दिया।यूक्रेन के खिलाफ रूस द्वारा छेड़े गए युद्ध के दो वर्ष पूरे होने से पहले जापान ने युद्धग्रस्त देश का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।यूक्रेन सरकार और व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर आयोजित किए गए एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशिदा ने अपने भाषण में कहा कि जापान का सहयोग समावेशिता, मानवतावाद के साथ-साथ प्रौद्योगिकी व ज्ञान पर आधारित एक दीर्घकालिक साझेदारी होगी।जापान और यूक्रेन की सरकारी एजेंसियों व कंपनियों ने 50 से अधिक सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए। किशिदा ने यूक्रेन के विकास के लिए भावी उद्योगों में निवेश के महत्व पर जोर दिया और सुनिश्चित किया कि यह समर्थन यूक्रेन की जरूरतों को पूरा करेगा।

# जॉर्जिया सीनेट सीट से चुनाव लड़ने वाले अश्विन रामास्वामी जेन जेड के पहले भारतीय-अमेरिकी



वाशिंगटन। अश्विन रामास्वामी अमेरिका में राज्य या संघीय विधायिका के लिए चुनाव लड़ने वाले जेनरेशन जेड से पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। यह समुदाय से उभर रहे युवा राजनेताओं की एक नई पीढ़ी का संकेत है। रामास्वामी के माता-पिता 1990 में तमिलनाडु से अमेरिका आ गए थे। जेनरेशन जेड (जिसे जूमर्स के नाम से भी जाना जाता है) में 1997 और 2012 के बीच पैदा हुए लोग शामिल हैं। रामास्वामी (24) ने एक हालिया साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया, मैं अपने समुदाय का आभार जताने और उसकी सेवा के लिए (जॉर्जिया) राज्य सीनेट के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हर किसी को वही अवसर मिले जो मुझे बड़े होने पर मिले थे। उन्होंने कहा, मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हमारे पास एक नई आवाज हो, जो लोग युवा हैं, जो राजनीति में गैर पारंपरिक पृष्ठभूमि से आते हैं क्योंकि यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हमारे पास ऐसे लोग हों जो हमारा प्रतिनिधित्व करें, न कि केवल ऐसे लोग जो इसे करने में सक्षम हों।

रामास्वामी दूसरी पीढ़ी के भारतीय-अमेरिकी हैं और उन्होंने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, चुनाव सुरक्षा और प्रौद्योगिकी कानून और नीति अनुसंधान में अपना करियर बनाया है। वह जॉर्जिया के जिला-48 में राज्य सीनेट के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं।

रामास्वामी एक डेमोक्रेट हैं और वह निवर्तमान रिपब्लिकन शॉन स्टिल की जगह लेने की उम्मीद कर रहे हैं, जिन पर छह जनवरी को अमेरिकी कैपिटल (संसद परिसर) में उपद्रव के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ आरोप लगाया गया था।रामास्वामी चुनाव जीतते हैं तो वह जॉर्जिया में जेनरेशन जेड के पहले राज्य सीनेटर होंगे और यह उपलब्धि रखने वाले भी यहां के पहले सीनेटर होंगे जिसके पास कंप्यूटर विज्ञान और कानून दोनों की डिग्री हो।

एक सवाल के जवाब में रामास्वामी ने कहा, प्रत्एक व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोगों को नौकरियों और अर्थव्यवस्था, उद्यमिता के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा, प्रजनन अधिकार और हमारे लिए मायने रखने वाले सभी मुद्दों तक पहुंच मिले। इसीलिए मैं चुनाव लड़ रहा हूं। उनके माता-पिता भी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता दोनों 1990 के दशक में अमेरिका आए थे। वे दोनों तमिलनाडु से हैं। मेरी मां चेन्नई से हैं, मेरे पिता कोयंबटूर से हैं। मैं भारतीय और अमेरिकी संस्कृति के बीच पला-बढ़ा हुआ हूं। मैं एक हिंदू हूं। मुझे अपने पूरे जीवन में भारतीय संस्कृति, दर्शन में बहुत रुचि रही है। उन्होंने बताया कि वह चिन्मय मिशन बालविहार गए जहां उन्होंने रामायण, महाभारत और भगवद गीता जैसे महाकाव्यों के बारे में पढ़ा।

## क्विक न्यूज

### सत्ता में आई तो भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान के साथ संबंध मजबूत करूंगी: निक्की हेली

वाशिंगटन। राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी पाने का प्रयास कर रहीं भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली ने कहा कि अगर वह सत्ता में आती हैं तो उनका प्रशासन न केवल उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के साथ बल्कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और फिलीपीन सहित कई अन्य देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करेगा।हेली ने कहा कि अगर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोबारा चुने जाते हैं तो नाटो के साथ संबंधों के लिए खतरा हो सकता है। उन्होंने एबीसी न्यूज से बातचीत में कहा, अगर ट्रंप दोबारा चुने जाते हैं तो मैं कई मुद्दों को लेकर चिंतित हूं। नाटो के साथ संबंधों के लिए खतरा उनमें से एक है। नाटो 75 साल की सफलता की कहानी है। अमेरिका में 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन भरने की दौड़ में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से हेली ट्रंप के खिलाफ एकमात्र उम्मीदवार बची हैं। नाटो 31 सदस्य देशों का एक अंतरसरकारी सैन्य गठबंधन है, जिसमें यूरोप के 29 और उत्तरी अमेरिका के दो देश शामिल हैं।हेली ने कहा कि चीन हमेशा से इस गठबंधन का मुखर विरोधी रहा है। ऐसे में नाटो को मजबूत बनाना जरूरी है। करीब एक सप्ताह पहले कैरोलिना में ट्रंप ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह रूस को किसी भी नाटो सदस्य देश के साथ कुछ भी करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। हेली इस संबंध में पूछे गए सवाल पर ही प्रतिक्रिया दे रही थीं। हेली ने कहा कि इस गठबंधन में और अधिक मित्र देशों को जोड़ना जरूरी है। यह गठबंधन के साथ खड़े होने का समय है। यह न तो किसी ठग का पक्ष लेने का समय है और न ही उन मित्र देशों का पक्ष लेने का समय है जो कि 11 सितंबर के हमले के बाद अमेरिका के साथ खड़े थे। एक सवाल के जवाब में हेली ने कहा, मैं वादा करती हूं कि अगर राष्ट्रपति के रूप में काम करने का मौका मिला तो हम न केवल नाटो को मजबूत करेंगे, बल्कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, फिलीपीन के साथ संबंधों को भी मजबूत करेंगे। हम इसमें और देशों को जोड़ेंगे। यह अमेरिका के मित्र देशों की संख्या बढ़ाने के बारे में है न कि उन्हें कम करने के बारे में है।

### लस्तीन के लिए मांगी गई भूमि पर इजराइली कब्जे के खिलाफ आईसीजे में सुनवाई शुरू

द हेग (नीदरलैंड)। फलस्तीन के लिए मांगी गई भूमि पर इजराइल के 57 साल पुराने कब्जे की वैधता पर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सोमवार को सुनवाई शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के समक्ष यह सुनवाई छह दिनों तक चलेगी। सोमवार की सुबह फलस्तीन के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी की ओर से प्रस्तुति दी गई। यह सुनवाई इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों में उसकी नीतियों पर एक गैर-बाध्यकारी सलाह के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुरोध किए जाने के बाद शुरू हुई है। इजराइल-हमास में जारी युद्ध के बीच अदालत के ग्रेट हॉल ऑफ जस्टिस में मामले की सुनवाई शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में हो रही सुनवाई इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और पूर्वी यरूशलम पर इसके नियंत्रण पर केंद्रित है। फलस्तीन की कानूनी टीम संभवत: अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीशों की पीठ को बताएगी कि इजराइल ने बड़े पैमाने पर कब्जे वाली भूमि पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करके अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है। फलस्तीनी विदेश मंत्रालय में संयुक्त राष्ट्र संबंधी विभाग के प्रमुख उमर अब्दुल्ला ने कहा, हम (इस मामले में) अदालत से कुछ नया सुनना चाहते हैं। सोमवार को फलस्तीनी पक्ष के अदालत के समक्ष अपनी दलीलें रखने के बाद, अभूतपूर्व रूप से 51 देश और तीन अंतरराष्ट्रीय संगठन अपनी बात रखेंगे। अदालत को अपनी राय जारी करने में कई महीने लगने की संभावना है। सुनवाई के दौरान इजराइल एक लिखित बयान प्रस्तुत कर सकता है। वर्ष 1967 के युद्ध में इजराइल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरूशलम और गाजा पट्टी पर कब्जा कर लिया। फलस्तीनी सभी तीन क्षेत्रों को मिलाकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में चाहते हैं। वहीं, इजराइल वेस्ट बैंक को विवादित क्षेत्र मानता है, जिसका भविष्य बातचीत से तय किया जाना चाहिए।

### पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से पांच लोगों की मौत, 25 लापता

इस्लामाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। तालिबान के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। हकबयान ने कहा कि बचावकर्मियों ने अब तक पांच शव बरामद किए हैं और महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 25 अन्य लोगों की तलाश की जा रही है, जो नष्ट हुए घरों के मलबे में फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि भारी बारिश और बर्फबारी के बाद भूस्खलन हुआ।

### गाजा युद्ध की तुलना नरसंहार से करने पर नेतन्याहू ने ब्राजील के राष्ट्रपति की आलोचना की

तेल अवीव। इजराइल ने गाजा में युद्ध की तुलना नरसंहार से करने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति की निंदा करते हुए उन पर यहूदी विरोधी होने और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूरोपीय यहूदियों के नाजी नरसंहार को तुच्छ बताने का आरोप लगाया। पिछले साल राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के सत्ता में लौटने के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई खटास के बाद हाल की बयानबाजी से तनाव और बढ़ गया है। लूला ने खुद को विकासशील देशों के एक समूह ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में पेश किया है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है, जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है।इथियोपिया में अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन में संवाददाताओं से बात करते हुए लूला ने कहा, गाजा पट्टी और फलस्तीनी लोगों के साथ जो हो रहा है, वह इतिहास में किसी और दौर में नहीं देखा गया। दरअसल, ऐसा तब हुआ जब हिटलर ने यहूदियों के कत्लेआम का फैसला किया। इस तरह की टिप्पणियां इजराइल को असहज करती हैं। इजराइल ऐसा देश है जो नरसंहार के बाद यहूदियों के लिए स्थापित हुआ था। इजराइल गाजा में युद्ध और नरसंहार में उसके आचरण की किसी भी तुलना को खारिज करता है।इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि लूला की टिप्पणियों ने प्रलय को तुच्छ बना दिया और लक्ष्मण रेखा लांघी है। उन्होंने लूला पर घोर यहूदी विरोधी होने का भी आरोप लगाया। विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने इजराइल में ब्राजील के राजदूत को बयान की निंदा के लिए तलब किया था। काट्ज ने लूला की टिप्पणियों को शर्मनाक और गंभीर बताया।

### दक्षिण कोरिया में सरकारी योजना के खिलाफ चिकित्सकों ने इस्तीफे देने शुरू किए

सियोल। दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षु चिकित्सकों ने एक सरकारी नीति के खिलाफ सोमवार को सामूहिक रूप से अपने इस्तीफे देने शुरू कर दिए, जिसके चलते अस्पतालों में सर्जरी और अन्य उपचारों में देरी होने की खबरें मिली हैं। चिकित्सकों का एक समूह और सरकार मेडिकल स्कूलों में दाखिलों की संख्या में 2,000 तक की वृद्धि करने की सरकारी योजना को लेकर आमने-सामने हैं, जो अगले साल से लागू होगी। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि दक्षिण कोरिया में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अधिक चिकित्सकों की नियुक्ति जरूरी है। उनका कहना है कि देश जनसंख्या के अनुसार चिकित्सकों की संख्या निर्धारित करने के मामले में विकसित देशों में सबसे पीछे है। लेकिन चिकित्सकों के समूहों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि वह पहले उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए चिकित्सा शुल्क बढ़ाए और अन्य समस्याओं को हल करे। सोमवार को, देश के पांच प्रमुख अस्पतालों में प्रशिक्षु चिकित्सकों ने त्याग पत्र देने शुरू कर दिए हैं। इन चिकित्सकों के संघ कोरिया इंटर्न रेजिडेंट एसोसिएशन ने पिछले सप्ताह एक आपातकालीन बैठक के दौरान सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का फैसला किया था।

# नए खिलाड़ियों ने दिखा दिया कि अनुभव सब कुछ नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंग्लैंड** के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-। की बढ़त बना ली है।

इस श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस 22 साल के खिलाड़ी ने साबित किया कि वे लंबी रेस के घोड़े हैं। जायसवाल ने बचपन के दिनों से काफी संघर्ष किया है और उनके खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ होकर बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ तीन छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में सहजता से खेल सकते है ।राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया ।सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़कर टीम में शामिल होने का जश्न मनाया तो वहीं जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया। जुरेल को हालांकि स्पिनरों की मददगार पिचों पर अपने विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित दिखे। उन्होंने इन तीनों की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ए आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को दिग्गज विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया। यह लंबे समय से घरेलू क्रिकेट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का परिणाम था। भारतीय बल्लेबाज आम तौर पर स्वीप शॉट खेलने से बचते हैं लेकिन सरफराज ने अपने ज्यादातर रन इसी शॉट पर बनाए। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ इस शॉट का प्रभावी इस्तेमाल किया। जुरेल विकेटकीपर के तौर पर पहली पारी में स्पिनरों के खिलाफ कई बार असहज दिखे लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अच्छी वापसी की। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को उन्होने शानदार प्रयास के साथ रन आउट किया।इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने भी जायसवाल की तारीफ की। कप्तान बेन स्टोक्स इस बल्लेबाज का पीठ थपथपाते दिखे तो वहीं डकेट ने उन्हें भविष्य का सितारा करार दिया।बचपन में आजाद मैदान के टेंट में रात बिताने वाले जायसवाल ने कहा कि भारत में कुछ भी आसानी से नहीं मिलता है। इस मेहनत ने उन्हें बड़ी पारी खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, भारत में आप वास्तव में कड़ी मेहनत करते हैं। यहां तक कि जब आप बस, ट्रेन या परिवहन के किसी भी साधन को पकड़ने जाते हैं, तो आपको वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मैंने बचपन से ऐसा किया है और मैं जानता हूं कि हर पारी कितनी महत्वपूर्ण है। अपने छह टेस्ट में तीन शतक लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, इसलिए मैं अभ्यास में कड़ी मेहनत करता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि हर पारी मायने रखती है। मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा अपने देश के लिए खेलना है और मुझे पता है कि मुझे अपना 100 प्रतिशत देने की जरूरत है। जायसवाल ने लगातार अच्छे प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है तो वहीं सरफराज और जुरेल को आने वाले मैचों में प्रदर्शन की इस निरंतरता को जारी रखनी होगी।







## बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

राजकोट, 10 फरवरी (भाषा) भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियो) चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम मे वापसी कर सकते है। पांच मैचों की इस श्रृंखला मे बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज है। उनके नाम तीन मैचों मे 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम मे खेले गए दूसरे टेस्ट मैच मे अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला मे अभी 2-। से आगे है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम मे शामिल होने की काफी संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौकाने वाला नही है क्योंकि पहले तीन टेस्ट मैचों मे उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजो के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम मे दूसरे टेस्ट मैच मे मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट मे टीम मे वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी मे चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची मे श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति मे है। अगर ऐसा नही हुआ तो घरेलू टीम को सात मार्च से धर्मशाला मे शुरू होने वाले पांचवे और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओ की काफी जरूरत होगी।

### क्रिकेटर शुभमन गिल को लोकसभा चुनावों के लिए पंजाब का राज्य आइकन बनाया गया

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को राज्य आइकन बनाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने सोमवार को बयान में कहा कि गिल विभिन्न अभियान का हिस्सा बनेंगे जिनका लक्ष्य मतदाताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है जिससे कि मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर सके। निर्वाचन अधिकारियों ने इस बार 70 पार का लक्ष्य बनाया है।

## नेट पर रोजाना 500 गेंद खेलकर स्पिन के खिलाफ और बेहतर हुए सरफराज



**नई दिल्ली।** सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना किसी तरह का संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक प्रत्एक दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है। सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में आत्मविश्वास से भरे दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्जवल है। इस 26 वर्षीय क्रिकेटर को अपने पिता के माचो क्रिकेट क्लब में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। पिछले कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले एक कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया। उन्होंने कहा, (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है।सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता। भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है।

## एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 21 फरवरी से दिल्ली में

नई दिल्ली। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं सहित लगभग 500 खिलाड़ी 21 से 26 फरवरी तक यहां आयोजित होने वाली एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगे। इसमें भारत के 42 साइकिलिस्ट खिताब के लिए जोर लगाएंगे। यह कुल मिलाकर छठी बार है जब भारत इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इससे पहले देश ने 1989, 2005, 2013, 2017 और 2022 एशियाई ट्रैक चैम्पियनशिप की मेजबानी की है। प्रतियोगिता में पाकिस्तान की टीम भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को उनके देश में यात्रा दस्तावेज प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एशियाई साइकिलिंग परिसंघ के महासचिव ओंकार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान के खिलाड़ियों को हमारे विदेश मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने हमें सूचित किया है कि वे नहीं आ रहे हैं क्योंकि चुनाव के बाद उनके यहां मंत्रालय का गठन नहीं हुआ है। इस प्रतियोगिता से राइडर्स द्वारा एकत्र किए गए अंकों को ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। भारत का कोई भी खिलाड़ी हालांकि पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के करीब नहीं है।भारतीय साइकिल महासंघ (सीएफआई) महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा, हाल के दिनों में हमारे साइकिल खिलाड़ियों के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम सही दिशा में जा रहे हैं और हमारा लक्ष्य हमारे साइकिल चालकों को 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कराना है। चैंपियनशिप का आयोजन यहां इंदिरा गांधी इंडोर परिसर के अत्याधुनिक साइकिलिंग वेलोड्रोम में किया जाएगा। इसमें चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया, कजाकिस्तान और ईरान सहित 18 देशों के खिलाड़ी विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें पुरुष और महिलाएं, जूनियर पुरुष और महिलाएं और पैरा स्पर्धाएं शामिल हैं। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक रोनाल्डो सिंह की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ना चाहेंगे। रोनाल्डो के साथ डेविड बेकहम, रोजित सिंह और एसो अल्बेन पोडियम पर जगह हासिल करना चाहेंगे।

## डैज एकोस्टा ने अर्जेन्टीना ओपन में अपना पहला खिताब जीता

ब्यूनस आयर्स। वाइल्ड कार्ड धारक फाकुंडो डैज एकोस्टा ने रविवार को यहां अर्जेन्टीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में चिली के निकोलस जैरी को सीधे सेट में हराकर अपना पहला एटीपी एकल खिताब जीता।अर्जेन्टीना के 23 साल के डैज एकोस्टा ने खिताबी मुकाबले में जैरी को 6-3, 6-4 से हराया।एटीपी के अनुसार डैज एकोस्टा रफेल नाडाल के बाद ब्यूनस आयर्स में खिताब जीतने वाले बाएं हाथ के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं।डैज एकोस्टा ने हफ्ते ही शुरुआत करियर की सर्वश्रेष्ठ 87वीं रैंकिंग के साथ की थी और सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में उनके 59वें स्थान पर पहुंचने की संभावना है।जैरी ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कारेज को हराया था लेकिन फाइनल में वह डैज एकोस्टा के खिलाफ बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए।

## रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड।रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रविवार को यहां रेयो वालेकानो ने।-। से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में लगातार 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से।-। से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में लगातार 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी।

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों ने बैजबॉल रणनीति को निशाना बनाया

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में बैजबॉल (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैए की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम पांच मैच की श्रृंखला में 2-। से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने टेलीग्राफ.सीओ.यूके पर अपने कॉलम में लिखा, यह (बेन) स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।ुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और अपने शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा, उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया।



उन्होंने कहा, टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

वॉन ने कहा, निश्चित रूप से इतनी भारी हार बेन स्टोक्स और उनके खिलाड़ियों के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड का मानना है कि सब कुछ सकारात्मक है लेकिन उन्हें बेहतर बल्लेबाजी कैसे करें इस पर बातचीत करने की जरूरत है। खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाज जो रूट तीसरे टेस्ट में अपने आउट होने के तरीके को लेकर सुर्खियों में हैं। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रूट के रिवर्स स्कूप से दूसरी स्लिप में कैच देने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी का पतन शुरू हुआ। वॉन ने कहा, जिस तरह से उन्होंने (इंग्लैंड ने) इस सप्ताह खेला उसने भारत को जीत तोहफे में दे दी। जिस तरह से उन्होंने तीसरे दिन बल्लेबाजी की, खासकर जो रूट के शॉट पर मुझे अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। हुसैन, वॉन और एक अन्य पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने रूट के शॉट के समय पर सवाल उठाए क्योंकि इंग्लैंड 221 रन से पीछे था। हुसैन ने कहा, एक चीज जो रूट देखेगा वह शॉट का समय है। (रविचंद्रन) अश्विन वहां नहीं थे, भारत के पास एक गेंदबाज कम था, (रविंद्र) जडेजा चोट के बाद खेल रहे थे, बुमराह लगातार तीसरा टेस्ट खेल रहे थे और ऐसी चर्चा है कि उन्हें आराम की जरूरत है।



## भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

बुसान। भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को यहां उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान दक्षिण कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दीया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई।अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को 11-7, 11-3, 11-6 से शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को 11-7, 11-4, 11-। से हराया। दीया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को 11-6, 10-12, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम लगातार दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है। ग्रुप एक के अपने अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी। टीम ने पिछले मैच में हंगरी को 3-2 से हराया था। पुरुष वर्ग में अनुभवी शरत कमल, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान अपने-अपने एकल मुकाबले हार गए जिससे भारत को तीसरे वरीय कोरिया के खिलाफ ग्रुप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में 0-3 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हरमीत को दुनिया के 14वें नंबर के जैंग वूजिन के खिलाफ 4-11, 10-12, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा।इसके बाद साथियान दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहून के खिलाफ 5-11, 7-11, 7-11 से हार गए जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया।शरत ने ली सैन सु के खिलाफ दूसरा गेम जीता लेकिन लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें 9-11, 11-8, 6-11, 5-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। चली के खिलाफ शुरुआती मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम पोलैंड से।-3 से हार गई थी।

### त्वेसा कट से चूकीं

जॉर्ज (दक्षिण अफ्रीका)। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां फैन कोर्ट में डाइमेंशन डाटा लेडीज प्रो-ऐम गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं। पहले दौर में 78 के स्कोर से खराब शुरुआत करने वाली त्वेसा ने दूसरे दौर में 72 का स्कोर बनाया लेकिन एक शॉट से कट हासिल करने से चूक गईं। त्वेसा अब मार्च में सनशाइन लेडीज इंविटेशनल और केप टाउन लेडीज ओपन टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

## घरेलू क्रिकेट के पांच दिग्गजों ने खेल को कहा अलविदा

नई दिल्ली। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है।

इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ए खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं।आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी।

बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी 19 वर्ष तक अपने राज्य की तरफ से खेलता रहा और उन्होंने पिछले सत्र में बंगाल को रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस आक्रामक बल्लेबाज के नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10000 से अधिक रन दर्ज हैं। इसी तरह से तेज गेंदबाज आरोन और आक्रामक बल्लेबाज सौरभ तिवारी के संन्यास लेने से झारखंड की टीम में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। सौरभ 17 साल तक झारखंड की टीम की तरफ से खेले। उन्होंने 115 प्रथम श्रेणी मैच में 8030 रन बनाए, जिसमें 22 शतक और 34 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अगर आपको राष्ट्रीय टीम या आईपीएल में जगह नहीं मिलती है तो फिर युवा खिलाड़ियों के लिए जगह छोड़ने का यह सही समय है। भारत के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक वरुण आरोन लगातार चोटिल होने के कारण अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। उनके नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 66 मैच में 173 विकेट शामिल हैं। फैज फजल 21 वर्ष तक विदर्भ की तरफ से खेले। इस सलामी बल्लेबाज की अगुवाई में विदर्भ ने 2018 में रणजी ट्रॉफी जीती थी। उस सत्र में उन्होंने अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। उनके नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9183 रन दर्ज हैं। फजल ने भारत की तरफ से 2016 में जिंबॉब्वे के खिलाफ एक वनडे मैच खेला था जिसमें उन्होंने नाबाद 55 रन बनाए थे। मुंबई के कुलकर्णी को अपनी स्विंग, मूवमेंट और सटीक गेंदबाजी के लिए जाना जाता है। वह घरेलू क्रिकेट के सबसे विश्वसनीय तेज गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। कुलकर्णी ने 17 साल तक चले अपने घरेलू करियर में कई यादगार प्रदर्शन किए। इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 95 प्रथम श्रेणी मैच खेले जिनमें 27.31 की औसत से 281 विकेट लिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205, द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।